CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : $28^{0}$ C
न्यूनतम : $23^{0}$ C

देहरादून, रविवार 17 अगस्त 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 9 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com भाद्रपद कृष्ण पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2082 22 सफर 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

## राहुल गांधी ने 'वोट चोरी' पर वीडियो किया जारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने वोट चोरी को लेकर एक बार फिर चुनाव आयोग को घेरा। उन्होंने शनिवार को सोशल मीडिया पर 'लापता वोट' लिखकर एक वीडियो शेयर किया। हालांकि, इसमें चुनाव आयोग का जिक्र नहीं किया।

उन्होंने लिखा कि चोरी चोरी, चुपके चुपके अब और नहीं, जनता जाग गई है। इसके बाद कांग्रेस ने एक्स पर लिखा कि आपके वोट की चोरी, अधिकारों की चोरी है। आइए हम सब मिलकर वोट चोरी के खिलाफ आवाज उठाएं और अपने अधिकारों को बचाएं। वीडियो में एक व्यक्ति पुलिस थाने पहुंचता है। खर्राटे ले रहे पुलिसकर्मी से बोलता है। साहब...साहब मुझे रिपोर्ट लिखाना है। पुलिसकर्मी कहता है कि अबे यहां रिपोर्ट नहीं लिखाएगा, तो क्या करेगा। तब वह व्यक्ति कहता है कि मुझे चोरी की रिपोर्ट लिखानी है। पुलिसकर्मी कहता है, अबे क्या चोरी हो गया। व्यक्ति कहता है कि साहब..साहब वोट चोरी हो गया है। उसका वोट चुरा लिया गया है। वह अधिकारियों से कहता है कि लाखों वोट चुराए जा रहे हैं। इससे पुलिसकर्मी यह सोच में पड़ जाते हैं कि क्या उनका वोट भी चुराया गया है। यह एक मिनट लंबा वीडियो है। एक व्यक्ति जब वोट चोरी की रिपोर्ट लिखाने आता है, तो इंस्पेक्टर चौंक कर उठ जाता है। व्यक्ति कहता है कि मेरा वोट नहीं बल्कि लाखों लोगों का वोट चोरी हुआ है।

**एक बार फिर चुनाव आयोग को घेरा, लिखा- चोरी चोरी, चुपके चुपके, अब और नहीं, जनता जाग गई**



## किश्तवाड़ में अब तक 65 शव बरामद

**500 से ज्यादा लोग रेस्क्यू किए गए, 200 अभी लापता**

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में किश्तवाड़ जिले के चसोटी गांव में सर्च-रेस्क्यू का शनिवार को तीसरा दिन था। 14 अगस्त की दोपहर 12.25 बजे यहां बादल फटा था। इस कारण मलबे में दबने से अब तक 65 लोगों की मौत हो चुकी है। अब तक 40 शवों की पहचान की जा चुकी है। 500 से ज्यादा लोग रेस्क्यू किए गए हैं, जबकि 200 लोग अब भी लापता हैं। घायलों की संख्या 180 है, जिनमें से 40 की हालत गंभीर है। सभी घायलों को किश्तवाड़-जम्मू के अस्पतालों में भर्ती किया गया है। 75 लोगों की डिटेल उनके परिजन ने प्रशासन को दी है। रेस्क्यू में एनडीआरएफ की 3 टीमें, सेना (300+ जवान), व्हाइट नाइट कोर मेडिकल टीम, पुलिस, एसडीआरएफ और अन्य एजेंसियां रेस्क्यू में जुटी हैं। जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला शनिवार को चसोटी पहुंचे। उन्होंने आपदा पीड़ितों से मुलाकात की।

# पुतिन संग ट्रम्प की तीन घंटे चली बैठक, बेनतीजा

### दोनों नेताओं के बीच नहीं हुई कोई डील, 12 मिनट प्रेस कॉन्फ्रेंस कर हुए रवाना

**वाशिंगटन, वार्ता**

**रूसी राष्ट्रपति** पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने शुक्रवार देर रात अलास्का में मुलाकात की। उनके बीच यूक्रेन जंग खत्म करने पर करीब 3 घंटे मीटिंग हुई। इसके बाद दोनों नेताओं ने सिर्फ 12 मिनट की जाइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों के किसी सवाल का जवाब नहीं दिया।

प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान ट्रम्प ने कहा कि मुझे लगता है कि हमारी बैठक बहुत सकारात्मक रही। हमने कई बिंदुओं पर सहमति जताई, लेकिन कोई डील नहीं हुई। कोई समझौता तभी होगा जब वह अंतिम रूप लेगा। ट्रम्प ने इस बैठक को 10 में से 10 अंक दिए। पुतिन ने कहा उनके लिए रूस की सुरक्षा सबसे जरूरी है। उन्होंने अगली मीटिंग मास्को में करने का सुझाव दिया।



- **पत्रकारों के किसी सवाल का जवाब नहीं दिया, ट्रम्प ने बैठक को 10 में से 10 अंक दिए**
- **रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने कहा : उनके लिए रूस की सुरक्षा सबसे जरूरी**

### भारत ने कहा: बातचीत से ही समाधान संभव

**नई दिल्ली।** भारत ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की अलास्का में शिखर बैठक के दौरान रूस-यूक्रेन के बीच संघर्ष विराम से संबंधित बातचीत में हुई प्रगति की सराहना करते हुए कहा है कि केवल संवाद और कूटनीति से ही समाधान संभव है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर सिंह जायसवाल ने शनिवार को कहा कि भारत अलास्का में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच शिखर वार्ता का स्वागत करता है। शांति की दिशा में उनका नेतृत्व अत्यंत सराहनीय है। दोनों नेताओं के बीच बातचीत में प्रगति से यूक्रेन और रूस के बीच संघर्ष के शीघ्र समाधान की उम्मीद जताते हुए प्रवक्ता ने कहा कि भारत शिखर वार्ता में हुई प्रगति की सराहना करता है।

## NCERT सिलेबस का नया कंटेंट बना भारत विभाजन

**कांग्रेस, जिन्ना और माउंटबेटन को दोषी बताया, कंटेंट रेगुलर सिलेबस का हिस्सा नहीं**

**नई दिल्ली, वार्ता**

**एनसीईआरटी ने** क्लास 6 से 8 और 9 से 12 के लिए 2 नए मॉड्यूल जारी किए हैं। नियमित किताबों से अलग ये मॉड्यूल्स देश के बंटवारे की विभीषिका पर आधारित हैं। इसमें मोहम्मद अली जिन्ना, कांग्रेस पार्टी और लार्ड माउंटबेटन को बंटवारे का दोषी बताया गया है।

मॉड्यूल बताता है कि जिन्ना ने बंटवारे की मांग की, कांग्रेस ने इसे स्वीकार कर लिया और माउंटबेटन ने इसे लागू कर दिया। ये जानकारी विभाजन के दोषी टॉपिक में जोड़ी गई है। मॉड्यूल में देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के एक भाषण का अंश भी शामिल किया गया है। नेहरू ने कहा था कि हम एक ऐसी स्थिति पर आ गए हैं, जहां हमें या तो विभाजन को स्वीकार -शेष पृष्ठ दो पर

### हिंदू महासभा और मुस्लिम लीग ने कराया विभाजन

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने देश विभाजन के बारे में राष्ट्रीय शिक्षा अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) द्वारा प्रकाशित 'विभाजन के दोषी' शीर्षक मॉडयूल पर सवाल उठाते हुए कहा है कि देश के बंटवारे के लिए हिंदू महासभा और मुस्लिम लीग की 'जुगलबंदी' जिम्मेदार है और इतिहास का सबसे बड़ा खलनायक आरएसएस है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने संवाददाता सम्मेलन में एनसीईआरटी के -शेष पृष्ठ दो पर

मिरगी
घबराएं नहीं उचित इलाज करवाएं

मिरगी कोई भूत-प्रेत, छाया या आत्मा आदि का प्रकोप नहीं है। इसका इलाज नीम-हकीम, फकीर और ढोंगी लोग नहीं कर सकते हैं। इसका इलाज केवल उचित दवाओं द्वारा योग्य डाक्टर ही कर सकते हैं। यह एक साधारण रोग है। इसका इलाज संभव है।

मिरगी के लक्षण
- अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर जाना
- आंखे पथराना
- हाथ-पैर ऐंठ जाना
- मुंह से झाग निकलना
- मुंह एक तरफ हो जाना
- जीभ का बाहर व दांतो के बीच आना
- मुट्ठियां कसना
- गर्दन टेढ़ी पड़ना
- अचानक झटका-सा लगना
- घे-घे-औं-औं की आवाज आना



अगर आपमें या आपके आस-पास किसी में इस प्रकार के लक्षण हैं तो विश्व प्रसिद्ध वरिष्ठ मिरगी रोग विशेषज्ञ डा. अय्यूब हसन 'मार्शल' के इलाज से लाभ उठाकर हमेशा के लिए मिरगी से छुटकारा पाएं।

डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), F.C.G.P., F.A.P.S. (U.S.A.)
M.A.P.A.(U.S.A.), M.R.C.S.M.I.P.S., F.I.P.S., M.I.E.A.(INDIA)
- आजीवन सदस्य भारतीय मिरगी एसोसिएशन
- पूर्व सी.एम.ओ., इरविन अस्पताल, नई दिल्ली
- फैलो ऑफ इंडियन साइकैट्रिक सोसाइटी
- पूर्व सी.एम.ओ., जी.बी. पन्त अस्पताल, नई दिल्ली

मिलने का पता
मार्शल चिकित्सा केन्द्र
निकट चन्द्रा टाकीज़ व सैन्ट्रल बैंक के सामने
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997411423, 9358348826

नोट: जांच कराने वाले रोगी बालों को शैम्पू से धोकर आयें
समय 11 बजे से 5 बजे तक मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए कृपा पहले से समय लेकर मिलें।




xmart

To book online visit auto.mahindra.com.

DEHRADUN PREMIER MOTORS
DEHRADUN 9711614830 9634091119 | RISHIKESH 9711614830 | KOTDWAR 9711614830 | VIKASH NAGAR 9711614830 | TEHRI 9711614830 | RUDRAPRAYAG 9711614830 | UTTARKASHI 9711614830 | CHAMOLI 9711614830 | CHAMBA 9711614830 | SRINAGAR 9711614830

DOON MIGHTY AUTOWHEELS PVT. LTD.
DEHRADUN 9719355666 7217062101, 7217044772

MIGHTY MOTORS
HARIDWAR 9711615062 7055009890 | ROORKEE 9711615062 | BHAGWANPUR 9711615062

## संक्षिप्त समाचार

### ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान और कोच सिम्पसन का निधन

**मेलबर्न।** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान और कोच बॉब सिम्पसन का शनिवार को 89 वर्ष की आयु में निधन हो गया। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट में एक प्रभावशाली व्यक्ति सिम्पसन ने अपने देश के लिए 62 टेस्ट खेले और टीम के पहले पूर्णकालिक कोच के रूप में, एलन बॉर्डर और मार्क टेलर के कप्तानी कार्यकाल के दौरान 1980 और 1990 के दशक के अंत में टीम को उभरने में मदद की। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के चेयरमैन माइक बेयर्ड ने कहा कि बॉब सिम्पसन ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट के महान खिलाड़ियों में से एक थे और यह उन सभी के लिए दुखद दिन है, जिन्होंने उन्हें खेलते हुए देखा है या जिन्होंने उनके कोचिंग कार्यकाल के दौरान उनसे कुछ सीखा है।

### जीएसटी को सरल बनाने पर हो चर्चा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि देश में निजी निवेश और निजी खपत कमजोर रहने से अर्थव्यवस्था की गति तेज नहीं हो सकती, इसलिए वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में सुधार कर उसे सरल तथा सूक्ष्म, लघु मध्यम उद्यम (एसएमएसई) के अनुरूप बनाया जाना चाहिए, इसलिए इस पर व्यापक चर्चा जरूरी है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने शनिवार को यहां एक वक्तव्य में कहा कि अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए जीएसटी में सुधार उनके घोषणा पत्र का हिस्सा रहा है और आखिरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लाल किला की प्राचीर से देश को संबोधित करते हुए इसकी याद आयी। यह देश की अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा है। पिछले डेढ़ साल से भी अधिक समय से कांग्रेस बुनियादी रूप से परिवर्तित जीएसटी 2-0 की मांग कर रही है।

# मातृ शक्ति को सम्मान दे रही डबल इंजन सरकार: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को वीरांगना अवंतीबाई लोधी की जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार मातृ शक्ति के सम्मान में कई कदम उठा रही है।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा की पीएम मोदी की प्रेरणा से कामकाजी महिलाओं के लिए श्रमजीवी छात्रावासों का निर्माण करवा रही है। ये छात्रावास महिलाओं के लिए काफी उपयोगी साबित होगा। मातृ शक्ति के प्रति सम्मान को लेकर यूपी सरकार कदम उठा रही है। कई तरह के रचनात्मक कार्यों को आगे बढ़ाने का काम कर रही है। योगी ने कहा कि अवंतीबाई लोधी को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। उन्होंने भारत की आज़ादी के लिए उस समय की तानाशाही सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए नेतृत्व किया था। उनका बलिदान हर भारतवासी के लिए एक प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि बदायूं में एक



■ महिलाओं के लिए बनवा रहे श्रमजीवी छात्रावास

नई महिला पीएसी बटालियन का गठन किया है। एक प्रतिमा की स्थापना भी की जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की वीरांगनाओं को सम्मान देने के लिए केंद्र की बीजेपी सरकार और राज्य सरकार मिलकर काम कर रहे हैं। तीन नई महिला बटालियन का गठन वीरांगनाओं के नाम पर किया गया है। कार्यक्रम में शरीक होने से पहले सीएम योगी ने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि स्वाधीनता संग्राम सेनानी, साहस व शौर्य की प्रतिमूर्ति, महान वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी को उनकी जयंती पर विनम्र श्रद्धांजलि! उन्होंने लिखा-आपका क्रांतिकारी संघर्ष, मातृभूमि के प्रति निष्ठा एवं बलिदान हमारी और आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणा का स्रोत बने रहेंगे।

### राजनीतिक साधना के प्रतीक पुरुष थे अटल: सीएम

**लखनऊ ( ब्यूरो )।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को देश के पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने कहा कि अटल वाकई में राजनीतिक साधना के प्रतीक पुरुष थे। मुख्यमंत्री योगी ने शनिवार को लोकभवन में स्थित अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर उनके साथ डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक और बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी भी मौजूद थे। इस दौरान योगी ने पूर्व पीएम को याद करते हुए कहा कि भारतीय राजनीति के अजातशत्रु, पूर्व प्रधानमंत्री 'भारत रत्न' श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की पुण्यतिथि के अवसर पर आज उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। श्रद्धेय अटल जी की छह दशकों की राजनीतिक यात्रा पूरी भारतीय राजनीति को एक नई दिशा देती है। योगी ने कहा कि उनकी पावन स्मृतियों को नमन। जननायक, भारतीय राजनीति के अजातशत्रु, राष्ट्रधर्म के निर्भीक प्रहरी, पूर्व प्रधानमंत्री, 'भारत रत्न' श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। उन्होंने कहा कि वे भारतीय राजनीति में शुचिता के शिल्पकार, संवाद में सौम्यता तथा संयम के स्वर, राष्ट्रनीति में नैतिकता और राष्ट्रधर्म के ध्वजवाहक थे। श्रद्धेय अटल जी सच्चे अर्थों में राजनीतिक साधना के प्रतीक पुरुष थे। गौरतलब है कि इससे पहले उन्होंने शनिवार को वीरांगना अवंतीबाई लोधी की जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर सीएम योगी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार मातृ शक्ति के सम्मान में कई कदम उठा रही है।

# कांग्रेस ने भाजपा को मतदाता संघ व उपराष्ट्रपति चुनाव पर घेरा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने भारतीय जनता पार्टी को मतदाता सूची, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और उपराष्ट्रपति चुनाव पर घेरते हुए कहा कि उनकी पार्टी के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने जब-जब यात्रा शुरू की लोकतंत्र ने करवट ली है और इस बार बिहार में वोटर अधिकार यात्रा शुरू की जा रही है, इसलिए वहां बदलाव आएगा।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने शनिवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में यह बात कही। उन्होंने मतदाता सूची मामले में भाजपा को घेरते हुए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लाल किले की प्राचीर से राष्ट्रीय स्वयं संघ (आरएसएस) का नाम लेने पर, उपराष्ट्रपति चुनाव और पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के



गायब होने को लेकर भी घेरा। खेड़ा ने बिहार में वोटर अधिकार यात्रा की आधिकारिक जानकारी देते हुए कहा कि गांधी की वोटर अधिकार यात्रा रविवार से बिहार की सासाराम में शुरू हो रही है, जो 16 दिन में 1300 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। उनका कहना था कि यह बिहार में परिवर्तन की यात्रा होगी। उन्होंने लोगों से बड़ी संख्या में यात्रा से जुड़ने का आह्वान किया और यह यात्रा बिहार में बदलाव लाने वाली यात्रा साबित होगी। उन्होंने कहा कि जब भी राहुल गांधी जी यात्रा के लिए निकले हैं, इस देश के लोकतंत्र ने करवट ली है।

# गणशेखरन ने जीता डब्ल्यूटेटे फीडर विएंतियाने पुरुष एकल का खिताब

**विएंतियाने।** भारत के सत्यन गणशेखरन ने डब्ल्यूटेटे फीडर विएंतियाने 2025 टेबल टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल मुक. ाबले में शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को हराकर पुरुष एकल खिताब जीता।

लाओस के आईटीईसीसी मॉल में शुक्रवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में विश्व रैंकिंग में 99वें स्थान पर काबिज भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी ने फाइनल में जापान के विश्व नंबर 95 रयोइची योशियामा को 3-0 (11-4, 11-6, 12-10) से हराया। यह मुकाबला सिर्फ 25 मिनट तक चला। टूर्नामेंट की शुरुआत में दूसरे वरीयता प्राप्त जी- सत्यन ने पहले राउंड में लाओस के वाइल्डकार्ड खिलाड़ी अनाने वोंगसा को 3-0 (11-5, 11-4, 11-7) से हराया। इसके बाद उन्होंने सिंगा. पुर के ली एल्सवर्थ को 3-1 (3-11, 11-2, 11-7, 11-7) और हमवतन अक्ष पॉल को कड़े मुकाबले में 3-2 (11-9, 11-4, 4-11, 10-12, 11-8) से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। सेमीफाइनल में सत्यन ने हांगकांग के क्वान टो यिउ को 3-0 (11-3, 11-5, 12-10) से मात दी। चौथी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने प्री-क्वार्टरफाइनल में हांगकांग के यिक मैन पाउ और चुन कित चोय को 3-2 (14-12, 10-21, 11-5, 6-11, 11-6) से हराया। क्वार्टरफाइनल में उन्होंने सऊदी अरब के ओलंपियन अली अलखद्रावी और अब्दुलअजीज बु शुलैबी को 3-2 (8-11, 11-9, 11-5, 8-11, 11-7) से मात दी। वहीं सेमीफाइनल में उन्हें हांगकांग के मैन हो क्वान और हॉन मिंग ली को मात दी।

## यूपी के 20 जिलों में बाढ़: फर्रुखाबाद में गर्भवती ने नाव पर तोड़ा दम

# बाढ़ का पानी गांवों में घुसा, आमजन बेहाल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** यूपी में गंगा और यमुना समेत कई नदियों के उफान से 20 जिलों में हालात खराब हो गए हैं। कई जिले बाढ़ की चपेट में हैं और बाढ़ का पानी गांवों में घुस गया है। फर्रुखाबाद जिले में बाढ़ से 3 तहसीलों के करीब 50 गांव प्रभावित हैं. यहां एनडीआरएफ और फ्लैट पीएससी की टीमें तैनात हैं। प्रशासन लगातार जल स्तर पर नजर बनाए हुए हैं। बाढ़ में कई बीघा फसल डूब चुकी हैं, आम जनजीवन बेहाल है। इसके अलावा लखीमपुर खीरी में बाढ़ का प्रकोप जारी है। बीते दिन एक मंदिर शारदा नदी के कटाव में समा गया।



पीलीभीत की देवहा नदी में 51000 क्यूसेक पानी छोड़े जाने से नदी उफान पर है। निचले इलाकों में आंशिक रूप से जलभराव के मामले बीच सामने आ रहे हैं। नदी में लगातार बढ़ता जलस्तर देखकर प्रशासनिक टीम अलर्ट मोड पर हैं। निचले इलाकों में जाकर लोगों को अनाउंसमेंट कर जागरूक किया जा रहा है। लोगों को सतर्क रहने के साथ-साथ ऊंचे स्थानों पर जाने की अपील की जा रही है। दरअसल पीलीभीत शहर के करीब से होकर गुजरने वाली देवहा नदी में 40000 क्यूसेक से ऊपर पानी जब भी छोड़ जाता है, तब यह नदी उफान पर आ जाती है। पीलीभीत के हजारा थाना क्षेत्र में बहने वाली शारदा नदी में भी पहाड़ों पर लगातार हो रही बारिश का असर देखा जा रहा है। इस नदी में भी 2 लाख क्यूसेक पानी डिस्चार्ज किया गया है, जिसके कारण नदी का जलस्तर बढ़ गया है। नदी ने कटान कर अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया है। नदी किनारे बसे राहुल नगर कबीरगंज समेत कई गांव के लोग लगातार हो रहे कटान को देखकर भयभीत हैं।

### आज वेस्ट यूपी में भारी वर्षा की चेतावनी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के भारतीय मौसम विज्ञान विभाग लखनऊ केंद्र ने आज रविवार 17 अगस्त के लिए राज्य में बारिश का पूर्वानुमान जारी किया है। इस पूर्वानुमान के अनुसार, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में भारी बारिश होने की संभावना है, जिसके लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। लोगों को सलाह दी गई है कि वे खराब मौसम के दौरान सुरक्षित रहें और वज्रपात की घटनाओं से बचने के लिए एहतियात बरतें। मौसम विभाग ने सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, बिजनौर, मुरादाबाद, संभल, हापुड़ और रामपुर के आसपास के इलाकों में भारी बारिश का अनुमान जताया है, जबकि सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, कासगंज, आगरा, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, संभल, बदायूं और ललितपुर के आसपास के इलाकों में गरज-चमक के साथ बारिश और वज्रपात की संभावना है।



सेंसेक्स 80539.91
निफ्टी 24619.35



सोना रु. 100023
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 114933
प्रति किलो



# भारत को अमेरिका के जवाब में करने चाहिए बाजार विविधीकरण के समझौते: विश्लेषक

**नई दिल्ली।** विश्लेषकों का कहना है कि भारत को हिंद महासागर तटीय एसोसिएशन के देशों के साथ अपनी मजबूत पहल पर आधारित मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) करने का साहिक कदम उठाना चाहिए और 'क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक भागीदारी' (आरसीईपी) तथा 'प्रशांतपारीय भागीदारी के लिए व्यापक एवं प्रगतिशील समझौते' (सीपीटीपीपी) जैसे प्रमुख क्षेत्रीय व्यापार समूहों की सदस्यता प्राप्त करनी चाहिए।

विश्लेषकों की राय है कि इससे न केवल भारत का व्यापारिक दायरा बढ़ेगा, बल्कि ष्रणनीतिक स्वायत्तताष के प्रति देश की स्पष्ट प्रतिबद्धता का भी संदेश जाएगा, जिससे भारत अपनी शर्तों पर बदलते भू-राजनीतिक समीकरणों को संभाल सकेगा। यह विचार ऐसे समय में आया है, जब

■ भारत अपनी शर्तों पर बदलते भूराजनीतिक समीकरणों को संभाल सकेगा

भारत पर अमेरिका ने सात अगस्त से 25 प्रतिशत आयात शुल्क और रूसी तेल खरीदने के कारण 27 अगस्त से प्रभावी 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार को अलास्का में रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन के साथ यूक्रेन में शांति के मुद्दे पर बैठक की। ट्रम्प ने बातचीत से पहले कहा कि उन्होंने (रूस ने) अपने तेल ग्राहक भारत को खो दिया है, जो (उसका) 40 प्रतिशत तेल खरीद रहा था। चीन (अब भी) बहुत अधिक खरीद कर रहा है। अगर मैंने (भारत पर) पहले के बाद दूसरा शुल्क लगाया तो यह विनाशकारी होगा, लेकिन यदि मुझे लगाना पड़ा, तो मैं लगाऊंगा, शायद मुझे लगाना ही न पड़े। भारत के पूर्व राजदूत अनिल त्रिगुणायत ने व्यापार समझौते के लिए चल रही बातचीत के बीच अमेरिकी शुल्कों को 'पूरी तरह अनुचित, बेतुके और अतार्किक' बताया। रूसी तेल का बहाना बिल्कुल चलने लायक नहीं है। यूरोपीय संघ, चीन और यहां तक कि अमेरिका भी रूसी युद्ध मशीनरी में धन का ईंधन डाल रहे हैं। अपने हित के लिए ये सभी देश रूस से गैस और दुर्लभ मृदाओं का आयात बढ़ा रहे हैं। रूसी कच्चे तेल के व्यापार पर 'प्रतिबंध नहीं है', केवल कीमतों पर अधिकतम सीमा लगाई गई है और अमेरिका ने बार-बार स्वीकार किया है कि भारत की खरीद ने वैश्विक तेल बाजारों को स्थिर करने में मदद की है, साथ ही यूरोप और अमे. रिका को परिष्कृत उत्पादों की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित की है।

### इस सप्ताह 919 सस्ता हुआ सोना चांदी की कीमत 201 बढ़ी

**नई दिल्ली।** इस सप्ताह सोने के दाम में गिरावट रही, जबकि चांदी महंगी रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार इस हफ्ते के कारोबार के बाद 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 919 रुपए घटकर 1,00,023 रुपए पर पहुंच गया। पिछले हफ्ते के आखिरी दिन शुक्रवार को यह 1,00,942 रुपए प्रति 10 ग्राम था। चांदी की कीमत हफ्तेभर में 201 रुपए बढ़कर 1,14,933 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है। आबुजेए के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 74 रुपए कम होकर 1,00,023 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया। चांदी की कीमत शनिवार को 342 रुपए कम होकर 1,14,933 रुपए प्रति किलो हो गई है। देश के महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,015,00 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,050 रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,350 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,900 थी। कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,015,00 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,900 थी, वहीं चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,350 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,900 रही, जबकि भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,400 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,950 रही।

# यूपी में सालाना फास्टैग की सुविधा शुरू 3000 देकर 200 बार पार कर सकेंगे टोल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** सालाना फास्टैग की सुविधा 15 अगस्त की आधी रात से शुरू हो गई है। वार्षिक फास्टैग से एक साल में 200 बार टोल प्लाजा से निकला जा सकता है। यदि 365 दिन से पहले 200 बार टोल पार कर लिया, तो फास्टैग को दोबारा रिचार्ज कराना पड़ेगा। यह सुविधा निजी चार पहिया वाहनों को ही मिलेगी।

टोलप्लाजा कर्मियों को इसका प्रशिक्षण भी दिया गया। लखनऊ शहर के आसपास के टोल से औसतन 15000 कारें, जीप, वैन निकलती हैं। इनमें से लगभग एक हजार चार पहिया वाहन टैक्सी कोटे के और शेष निजी वाहन होते हैं। कमोबेश इतने ही इन श्रेणियों के निजी वाहन कानपुर -प्रयागराज राजमार्ग, कानपुर-सागर राजमार्ग, कानपुर-लखनऊ राजमार्ग से निकलते हैं। चेचिस



नंबर से फास्टैग बनवाने वालों को गाड़ी नंबर दर्ज कराना अनिवार्य होगा। जिनमें यह नंबर नहीं है, उन्हें वार्षिक फास्टैग की सुविधा नहीं मिलेगी। एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर पंकज यादव ने बताया कि निजी वाहन मालिक राजमार्ग यात्र एप से अभी वार्षिक फास्टैग की प्री बुकिंग करा सकेंगे। उनके फास्टैग 15 अगस्त को रात 12 बजते ही एक्टिवेट हो गया। एक बार टोल प्लाजा क्रॉस करते ही वाहन मालिक के पास इसका मैसेज और शेष सुविधा की जानकारी एसएमएस से मिल जाएगी। वार्षिक फास्टैग निजी वाहन की विंड शील्ड पर चिपकाना अनिवार्य है। ऐसा न करने पर उसे ब्लैकलिस्ट कर दिया जाएगा।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

### NCERT सिलेबस

करना होगा या निरंतर संघर्ष और अराजकता का सामना करना होगा। मॉड्यूल के अनुसार, 1947 और 1950 के बीच, विभाजन ने भारत की एकता को खंडित किया, शत्रुतापूर्ण सीमाएं बनाईं, सामूहिक हत्याएं और विस्थापन को बढ़ावा दिया। सांप्रदायिक अविश्वास को गहरा किया। पंजाब और बंगाल की अर्थव्यवस्थाओं को तबाह कर दिया। जम्मू-कश्मीर को सामाजिक, आर्थिक और जनसंख्या के तौर पर पतन के रास्ते पर डाल दिया। यह बाद में आतंकवाद के कारण और भी बदतर हो गया। एनसीईआरटीके स्पेशल मॉड्यूल कोर्स का हिस्सा नहीं होते, ये सप्लीमेंट्री मटेरियल होता है, जो कोई खास टॉपिक बच्चों को समझाने के लिए तैयार किया जाता है। इसे पोस्टर्स, चर्चाओं और वाद-विवाद के द्वारा बच्चों को पढ़ाया जाता है। हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर को भी स्पेशल मॉड्यूल में जोड़ा गया था। स्पेशल मॉड्यूल की प्रस्तावना में पीएम नरेंद्र मोदी के शब्दों को भी शामिल किया गया है। मोदी ने कहा था कि बंटवारे के दर्द को कभी भुलाया नहीं जा सकता। हमारी लाखों बहनें और भाई विस्थापित हो गए और लोगों की नासमझी और नफरती हिंसा के कारण कई जानें गईं। संघर्षों और बलिदान की याद में हमारे लोग 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के रूप में मनाएंगे। हाल ही में एनसीईआरटी कक्षा 8 की सामाजिक विज्ञान की किताब में मुगल शासकों के धार्मिक फैसले, सांस्कृतिक योगदान और क्रूरता की नई व्याख्या की गई है। ये किताब 2025-26 एकेडमिक सेशन से ही स्कूलों में लागू होगी। किताब में बनारस, मथुरा और सोमनाथ में मंदिरों को तोड़ने और जैन, सिख, सूफी और पारसी समुदायों पर अत्याचार की घटनाओं का भी जिक्र है। इस बारे में एनसीईआरटी के एक अधिकारी ने कहा कि इतिहास की घटनाओं को मिटाया या नकारा नहीं जा सकता, लेकिन आज किसी को उनके लिए दोषी ठहराना गलत होगा। सत्ता की लालसा, अत्याचार या गलत महत्वाकांक्षाओं की शुरुआत को समझना ही ऐसा भविष्य बनाने का सही तरीका है, जहां ये घटनाएं दोबारा न हों।

**कांग्रेस ने कहा:**

14 अगस्त को जारी उस मॉड्यूल पर कहा कि इसमें 1938 की तारीख का जिक्र है या नहीं है। बंटवारे के इतिहास में 1938 बहुत महत्वपूर्ण तारीख है। इस वर्ष गुजरात में साबरमती के किनारे हिंदू महासभा का राष्ट्रीय अधिवेशन हुआ था, जिसमें ये स्पष्ट तौर से कहा गया था कि हिंदू और मुसलमान एक देश में नहीं रह सकते। उन्होंने कहा कि 1940, क्या यह है मॉड्यूल में। 1940 में इस जुगलबंदी को आगे बढ़ते हुए मुस्लिम लीग के लाहौर अधिवेशन में जिन्ना ने यही बात दोहराई थी। श्री खेड़ा ने कहा कि मैं दावे के साथ कह सकता हूं, 'इसमें) 1942 की भी ये तारीख भी नहीं लिखी होगी, जब हिंदू महासभा और मुस्लिम लीग की मिलीजुली सरकार बनी थी। उस समय कांग्रेस ने तमाम प्रांतीय विधानसभाओं से इस्तीफा देकर सड़क पर उतरने के लिए भारत छोड़ो आंदोलन का आह्वान किया था। उस वक्त हिंदू महासभा और मुस्लिम लीग ने गठजोड़ किया, गठबंधन किया, सरकारें बनाई एनडब्ल्यूएफपी में, बंगाल में, सिंध में और सिध की विधानसभा में विभाजन का प्रस्ताव पारित हुआ था। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि उस समय गठबंधन की सरकार थी हिंदू महासभा और मुस्लिम लीग की थी।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर सिरोसिस आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



# हर्षोल्लास व उमंग के साथ मनाया स्वतंत्रता दिवस






**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिलेभर में देश की आजादी का जश्न हर्षोल्लास व उमंग के साथ मनाया गया। देहात विधायक आशु मलिक के प्रतिनिधि प्रवेज मलिक ने विभिन्न स्थानों पर ध्वजारोहण करते हुए आपसी एकता का संदेश दिया। इस दौरान जिलाध्यक्ष चौ. अब्दुल वाहिद, महानगर अध्यक्ष हाजी नवाब अंसारी, चौ. अब्दुल गफूर आदि मौजूद रहे।

आईआईए कार्यालय पर चैप्टर चेयरमैन गौरव चौपडा, रामजी सुनेजा, संजीव अरोडा, प्रमोद सढाना, आरके धवन, प्रमेन्द्र सिंह, सुरेन्द्र मोहन कालडा ने ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण कार्यक्रम मे सतीश अरोड़ा, एस. कुमार. अरोड़ा, अशोक गॉधी, के.एल.अरोड़ा, संदीप गुप्ता, प्रमजीत सिंह, कुलदीप धमीजा, हरजीत सिंह, राजेश गुप्ता, अशोक छाबड़ा, अतीश गुप्ता, दर्शन कुमार गुप्ता, विनय दहूजा, अरविंद खन्ना, तन्मय सचदेवा, अनुज कुमार जैन, सुषमा बजाज, विकास मलिक, अवजीत सिंह छाबड़ा, राजकुमार कश्यप, सुनील अरोड़ा, रामनाथ शर्मा, गुलबशर, गौरांग अरोड़ा, नौशाद अली, प्रवीण कर्दम, अमित अरोड़ा, संजय यादव आदि के अलावा लगभग 70 पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। जामिया रहमत घघरौली आल इण्डिया मिल्ली यूथ आर्गेनाइजेशन के तहत ध्वजारोहण किया गया। मौलाना डा. अब्दुल मालिक मुगीसी ने ध्वजारोहण करते हुए कहा कि आजादी हमें सामुहिक प्रयास से मिली है।

**नागल।** कस्बे व देहात क्षेत्र में 79 वां स्वतन्त्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सरकारी, अर्द्ध सरकारी व गैर सरकारी कार्यालयों, शिक्षण संस्थाओं में ध्वजारोहण कर मिष्ठान वितरित किया गया।

महर्षि दयानंद कॉलेज आफ एजुकेशन बडूली में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक शशिबाला पुंडीर, कालेज चेयरमैन मतलूब अहमद, उत्तराखंड अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य शारिक मलिक एडवोकेट, प्राचार्य योगेंद्र पंवार, वासिल मलिक ने ध्वजारोहण किया। मुख्य रूप से डा अरविंद राठी,डा अक्षय कुमार, पूजा वालिया,अर्जुन कुमार, गुलफंशा, दीपांशी, पूजा,सैनी,दानिश मलिक, आदि उपस्थित रहे। इन्द्रप्रस्थ इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी उमाही मे निदेशक अंजू वालिया ने ध्वजारोहण किया। मुख्य रूप से आशुतोष गुप्ता,डा कमल कृष्ण, विकास चौधरी आदि उपस्थित रहे।मुस्लिम फंड ट्रस्ट नागल शाखा पर मैनेजर साजिद हसन ने ध्वजारोहण किया और देश को आजाद कराने वाले शहीदों को याद किया। मुख्य रूप से मोहम्मद उस्मान, हाफिज इंतजार, हाफिज सलीम, मोमीन अली,सत्तार अली आदि स्टाफ मौजूद रहा।

राम कृष्ण परम हंस इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य जगपाल दत्त स्वामी ने ध्वजारोहण किया। मुख्य रूप से मेनपाल शर्मा,अमित कुमार, राजेन्द्र कुमार, प्रियंका, रंजीता आदि उपस्थित रहे।सोफिया इंटरनेशनल स्कूल में निदेशक कोणार्क चौधरी ने ध्वजारोहण किया। मुख्य रूप से प्रधानाचार्य मनोजकुमार अवस्थी,अर्पिता, केशव, राजेश कुमार, उर्वशी, हेमा, रजनी, सोनिया,मीनाक्षी, पारूल, शगुन, अभिषेक, अजय धीमान, आदि उपस्थित रहे। स्वामी विवेकानंद हाई स्कूल में प्रधानाचार्य देवेन्द्र धवलहार ने ध्वजारोहण किया। नेशनल मॉडल इंटर कॉलेज में प्रबंधक वत्सराज त्यागी ने ध्वजारोहण किया।कालेज के छात्र छात्राओ ने कस्बे मे देश प्रेम से ओतप्रोत नारे लगाकर रैली निकाली।

सेंट थॉमस एकेडमी मे प्रधानाचार्य राकेश जोशी ने ध्वजारोहण किया। तेजस इंटरनेशनल स्कूल में प्रधानाचार्य हेमंत अरोडा,प्रबंधक कपिल डावर ने ध्वजारोहण किया। छात्र छात्राओ ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। पहाडपुर स्थित विद्यालय में समाजस. `वी जोगेंद्र सैनी ने ध्वजारोहण किया। पनियाली कासिमपुर पंचायत कार्यालय पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सरदार पवित्र सिंह व सचिव नैनसिंह सैनी ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर पंचायत सदस्य व गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। मेन बाजार स्थित व्यापार मण्डल कार्यालय पर संगठन के संरक्षक मिस्त्री फसीहउद्दीन, प्रांतीय मंत्री रमेश डावर, वरिष्ठ पत्रकार मनसब अली परवेज, चौधरी राजपाल सिंह, कपिल डाबर ने ध्वजारोहण किया।

इस दौरान चैयरमैन मानसिंह सैनी, फखरुद्दीन अली पप्पू, बिजेंद्र सिंह, बीरसिंह, मनमोहन सिंह, अनीस डावर, इरशाद अली, अमित गर्ग, सन्नी चौधरी, अनमोल अरोड़ा, सरदार जसपाल आदि उपस्थित रहे।

भाटखेडी रोड स्थित सब्जी मंडी स्थल पर सहकारी समिति चेयरमैन मानसिंह सैनी, वरिष्ठ पत्रकार मनसब अली परवेज, कपिल डावर ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान बबलू सिद्धीकी, संजीव कश्यप, नौशाद अली, मोहम्मद तालिब, बीरसिंह, राजकुमार शर्मा, रईस अली आदि उपस्थित रहे।

**बेहट।** स्वतंत्रता दिवस राष्ट्रीय पर्व को बड़े हर्षोल्लास एवं देश भक्ति भावना के साथ मनाया गया। तहसील भवन पर एस डी एम मानवेंद्र सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर सलामी मे दी गई। इस दौरान तहसीलदार विजय कुमार सिंह, नायब तहसीलदार भूपेंद्र सिंह देवेन्द्र कुमार सहित कर्मचारी एवं अधिवक्तागण मौजूद रहे। नगर पंचायत कार्यालय पर चेयरमैन अब्दुर रहमान उर्फ शालू भैय्या ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान बाबू ओमप्रकाश, चौधरी हिदायत के अलावा सभासद मास्टर जमील अहमद मुर्तजा रही फरहान पीरजादा,आदि मौजूद रहे। कोतवाली बेहट में सीओ मुनीश चन्द्र तथा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सतपाल सिंह भाटी ने संयुक्त रूप से ध्वजारोपण कर सलामी दी गई।

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं श्री कृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
SATKAR HONDA
Kashipur By-pass Road, Rudrapur
Mob.: 9837085124

उत्तराखण्ड जल संस्थान, रुद्रपुर (उधमसिंहनगर) की ओर स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं
1- तरुणशर्मा
अधिशाषी अभियन्ता उधम सिंह नगर
2- ललित मोहन पाण्डेय
सहायक अभियंता रुद्रपुर
3- मुकेशकुमार
सहायक अभियन्ता (मुख्यालय), उधम सिंह नगर
4- चेतन चौहान
सहायक अभियंता गदरपुर
5- मौ0आसिम
कनिष्ठ अभियन्ता (मुख्यालय) उधमसिंहनगर
6- सौरभ भट्ट
कनिष्ठ अभियंता, रुद्रपुर
7- हरेन्द्रसिंह
प्रभारी कनिष्ठ अभियन्ता बाजपुर
8- राजेश कुमार श्रीवास्तव
प्रभारी कनिष्ठ अभियंता, गदरपुर
9- पूरन चन्द्र पाण्डेय
अपर सहायक अभियन्ता
(जल जीवन मिशन) उधम सिंह नगर

स्वतंत्रता दिवस व जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं

सभी प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मुकेश कुमार सक्सेना
ग्राम प्रधान पति
प्रधान मझोला खटीमा

सभी प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शोभनाथ मौर्या
ग्राम प्रधान बड़ैया अध्यक्ष
नौसरमंडल एवं वरिष्ठ भाजपा नेता
निवास स्थान भगचुरी

सभी प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अजय मौर्या
जिला पंचायत अध्यक्ष
सईद अहमद
ग्राम पचपेड़ा कंचनपुरी हल्दी निवास स्थान कंचनपुरी

सभी प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अजय मौर्या
जिला पंचायत अध्यक्ष ऊधम सिंह नगर

सभी प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
धन सिंह
अधिकारी
वन दरोगा रेंज खटीमा

सभी प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रेहान अंसारी
प्रदेश सचिव एवं जिला प्रभारी
चंपावत उत्तरखंड प्रदेश कांग्रेस सेवादल

समस्त देश व प्रदेश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।
स्वच्छ सुल्तानपुर सुन्दर सुल्तानपुर
राजीव कुमार
अध्यक्ष
नगर पंचायत सुल्तानपुर (ऊ0सिं0नगर)
एक कदम स्वच्छता की ओर
स्वच्छ भारत
अधिशासी अधिकारी
गीता चौधरी
नगर पंचायत सुल्तानपुर (ऊ0सिं0नगर)
नगर वासियों से अपील
1. नगर को स्वच्छ बनायें रखने में अपना सहयोग करें। अपने अपने घरो एवं प्रतिष्ठानो का गीला कूड़ा. एवं सूखा कूड़ा अलग-अलग करके डस्टबिन में रख कर ही नगर पंचायत की कूड़ा गाड़ी में दें। किसी भी स्थिति में कूड़ा खुले सार्वजनिक स्थानो /मार्गो पर न डालें।
2. नगर पंचायत के समस्त करो (यूजर चार्ज,भवन कर,दुकान किराया तथा लाइसेंस आदि ) का भुगतान समय से करें।
3. सडको पर अतिक्रमण न करे,सडक पर वाहन खडा ना करें ,ना ही सड़क पर जानवरो को बांधे।
4. अतिक्रमण हटायें जाने में नगर पंचायत का सहयोग करें।
5. खुले में शौंच ना करें न ही खुले में पेशाब करें। शौच के लिए केवल शौचालय का ही प्रयोग करें।
6. सिंगल यूज प्लास्टिक/पॉलिथीन का प्रयोग न करें।
7. यूजर चार्ज का समय से भुगतान करे।
8. स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में नगर पंचायत सुल्तानपुर को नं0.1 बनाने में सहयोग करें।
9. नशे का प्रयोग ना करें। नशा मुक्त जीवन यापन करें।
किरन सभासद
जौनी मौर्य सभासद
निक्की किरन सभासद
शमीम खां सभासद
शाहिद पधान सभासद
सुन्दरी देवी सभासद
जाहिद हुसैन सभासद

सभी प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सय्यद दानिश जान
तिरमज़ी लोकतंत्र सेनानी
पुत्र व राष्ट्रवादी चिंतक खटीमा उत्तराखण्ड

सभी प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
इश्तियाक अहमद
वरिष्ठ समाजिक कार्यकर्ता
निवास खटीमा

सभी प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
नीरज सिंह धामी
विभाग संयोजक
abvp नैनीताल विभाग

सभी प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ0 नवीन भट्ट
प्रदेश सहसंयोजक शिक्षक प्रकोष्ठ भारतीय जनता पार्टी उत्तराखंड

सभी प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
दीपक शुक्ला
अधिशासी अधिकारी
नगरपालिका परिषद खटीमा उधमसिंह नगर

समस्त ग्राम एवं देशवासियों को स्वतन्त्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रदीप सिंह राणा
ग्राम प्रधान पिंडारी सितारगंज

सभी प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मौलाना इरफान उलहक
कादरी प्रबंधक
मदरसा गौसिया अरबी कॉलेज खटीमा उधमसिंहनगर

सभी प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मौ0 रफीक
ग्राम प्रधान
अमौर ब्लॉक खटीमा

# आपदा राहत धराली:मलबे के अंदर उम्मीद ले रही सांसें

**चिरंजीवसेमवाल**

**उत्तरकाशी:** जिले के धराली गांव में आये जल प्रलय को 12 दिन बीत चुके हैं लेकिन राहत और बचाव कार्य निरंतर जारी हैं। 5 अगस्त को खीरग.ंगा में आये जल सैलाब ने पूरे धराली को तहस-नहस कर दिया था, 15 से 25 फीट गहराई तक होटल, होमस्टे ,घर और लोग दब गए थे, लापता लोगों की तलाश में एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और अन्य दल लगातार जुटे हैं, एनडीआरएफ टीम मलबे में दबे लोगों को खोजने के लिए ग्राउंड पेनिट्रेटिंग रडार का इस्तेमाल के साथ डॉग स्क्वायड भी करवा रही है रही है।



79 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर धराली के समेश्वर देवता मंदिर प्रांगण में रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटे एसडीआरएफ के आईजी अरुण मोहन जोशी ने तिरंगा फहराकर प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया, आपदा में मृत लोगों को श्रद्धांजलि दी गई और उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया, ग्रामीणों ने इस अवसर को नई शुरुआत और हिम्मत का प्रतीक माना है।

वहीं, हर्षिल क्षेत्र में आपदा के बाद बनी करीब डेढ़ किमी लंबी अस्थायी झील प्रशासन के लिए नई चुनौती है, तेलगाड में आए मलबे से बनी इस झील में भागीरथी नदी की गाद लगातार जमा हो रही है, जिससे यह अब दलदल का रूप ले चुकी है, भारी मशीनें यहां काम नहीं कर पा रही हैं, इसलिए स्थानीय मजदूर और साधन लगाकर मैनुअल सफाई की जा रही है।

जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने स्थलीय निरीक्षण कर बताया कि फिलहाल झील से पानी का प्रवाह अब सामान्य है झील पंचर करने में टीम को सफलता भी मिली चुकी है और तत्काल कोई खतरा नहीं है लेकिन मलबा हटाने का कार्य युद्धस्तर पर जारी रहेगा, उन्होंने अधिकारियों को सतर्क निगरानी और समय-समय पर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। धराली और हर्षिल के लोग इस कठिन समय में प्रशासन और बचाव दलों के सहयोग से धीरे-धीरे सामान्य जीवन की ओर बढ़ रहे हैं, स्वतंत्रता दिवस का यह आयोजन आपदा के बीच उम्मीद, एकजुटता और साहस का प्रतीक बन गया।

वहीं महामहिम राज्यपाल ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कुशल नेतृत्व की तारीफ की और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से प्रदान की जा रही हरसंभव सहायता के लिए आभार व्यक्त किया।

उन्होंने आपदा प्रबंधन में किए गए कार्यों का डॉक्यूमेंटेशन और विश्लेषण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि भविष्य में रोडमैप तैयार हो सके। राज्यपाल ने आईआईटी रुड़की की वैज्ञानिक टीमों से वर्चुअल संवाद किया, हर्षिल में बनी झील से जल निकासी, धराली-मुखबा पुल की स्थिति और सुरक्षा सहित अन्य अभियानों की प्रगति की जानकारी ली। सचिव आपदा प्रबंधन विनोद कुमार सुमन ने क्षति का आकलन और अब तक की गई कार्रवाई से अवगत कराया।

# श्रीनगर में डेंगू का मरीज मिलने से चिकित्सा प्रशासन अलर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत डेंगू का मरीज पाये जाने पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी पौड़ी के निर्देशानुसार नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गौतम नैथानी ने शनिवार को स्वास्थ्य कर्मियों, आशा कार्यकर्ता व स्वास्थ्य अधिकारियों की उपजिला संयुक्त अस्पताल में आपातकालीन बैठक ली। डॉ. गौतम नैथानी ने आशा और एएनएम को घर-घर जाकर सोर्स रिडक्शन को बढ़ाये जाने और लोगों को डेंगू के बारे में जागरुक किये जाने की बात कही। डॉ. नैथानी ने डेंगू प्रभावित क्षेत्रों में लोगों की स्क्रीन कर डेंगू के लक्षण पाए जाने पर तुरंत अस्पताल भेजे जाने के निर्देश दिए। बैठक में स्वास्थ्य कार्मिक व



चिकित्सकों को निर्देश दिए गए कि प्रत्येक बुखार के मरीज की डेंगू की जांच की जाए।

अस्पताल की लैब, ब्लड बैंक को फ्रेश फ्रोजन, प्लाज्मा, प्लेटलेट्स, पैक सेल, होल ब्लड हर समय उपलब्ध किये जाने के डॉ. नैथानी ने निर्देश दिए। डॉ. नैथानी के अनुसार एसएसबी का एक जवान बीते गुरुवार को डेंगू पॉजिटिव पाया गया जिसे बेस अस्पताल में भर्ती किया गया था। बताया कि जवान शनिवार को डिस्चार्ज हो गया है। डॉ. नैथानी ने बताया कि नगर निगम को भी पॉजिटिव मरीज के बारे में जानकारी दी गई है। जिससे संबंधित इलाके में कार्यवाही की जा सके। बताया कि श्रीनगर के बेस व संयुक्त अस्पताल में डेंगू के लिए बेड आरक्षित किये गये हैं। उन्होंने नगर निगम के अंतर्गत सभी कार्यालयों को निर्देशित किया है कि प्रत्येक गुरुवार को अपने कार्यालय के प्रांगण का डेंगू रोकथाम के लिए सर्वेक्षण करें। डॉ नैथानी ने नगर वासियों से अनुरोध किया है कि वह अपने आस-पास बरसात का पानी जमा ना होने दें,मॉस्किटो रिपेलेंट का इस्तेमाल करें और पूरे आस्तीन के कपड़े पहने। बैठक में मलेरिया अधिकारी इंद्रपाल सिंह, डॉ शुभम , डॉ दीक्षा,नर्सिंग ऑफिसर प्रवेश पैन्यूली,धीरेन्द्र,लक्ष्मण आदि मौजूद रहे।

# धूमधाम से मनाई गई श्री कृष्ण जन्माष्टमी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार ।** नगरनिगम कोटद्वार क्षेत्र में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर विभिन्न प्रकार के रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मंदिरों को फूलों व लाईटों से विशेष तौर पर सजाया गया है। बच्चों ने भगवान कृष्ण का रुप रखकर कृष्ण जन्माष्टमी मनाई। लोगों ने मंदिरों में जाकर भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना कर मनौती मांगी।

भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव की तैयारियां सप्ताह भर से चल रही थीं। शनिवार को इंतजार की घडियां खत्म हुई और वह दिन आ पहुंचा। सुबह स्नान-ध्यान कर श्रद्धालुओं ने व्रत रखा। दिन भर भजन-कीर्तन करते हुए लोगों ने श्री कृष्ण जी की आराधना की।

जन्माष्टमी के अवसर पर शनिवार को शहर के विभिन्न मंदिरों पर भगवान कृष्ण के प्रकटोत्सव का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। बच्चों ने भगवान कृष्ण व राधा बनकर प्रतियोगिता में भागीदारी की गई।

गीता मंदिर गोविंद नगर, बालाजी मंदिर, लक्ष्मी नारायण मंदिर, श्री राधाकृष्ण मंदिर, सिंदुरा मंदिर सहित अन्य मंदिरों में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर भव्य कार्यक्रम हुए, जिसमें छोटे बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और राधा-कृष्ण रूप धारण कर सबका ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। मंदिरों पर विशेष पूजा का आयोजन सुबह से ही प्रारंभ है। कई मंदिरों पर प्रसाद वितरण का कार्य भी भक्तों द्वारा किया गया। दिन भर श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर भजन-कीर्तन किया।

# भारी भूस्खलन से मांदरा गांव पर मंडराया खतरा

- 24 घंटे बाद छतियारा-खवाड़ा मार्ग खुला, लेकिन मलबा गिरने से खतरा बरकरार ग्रामीणों ने भूगर्भीय सर्वेक्षण और स्थायी समाधान की उठाई मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** भिलंगना ब्लॉक की बासर पट्टी के मांदरा गांव के नीचे हुए भारी भूस्खलन से शहीद विनोद पाल सिंह बिष्ट छतियारा-खवाड़ा मार्ग करीब 24 घंटे तक बाधित रहा। मशीनों की मदद से लगातार मलबा हटाने के बाद सड़क पर यातायात आंशिक रूप से सुचारू हो सका है, लेकिन पहाड़ी से रुक-रुक कर गिर रहा मलबा और चट्टानें अब भी खतरा बने हुए हैं। इस कारण पूरा गांव आपदा की जद में दिखाई दे रहा है।

स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि भारी बारिश के बाद मांदरा गांव के नीचे की पहाड़ी असुरक्षित हो गई है, जिससे मिट्टी और पत्थरों के लगातार खिसकने की स्थिति बनी हुई है। दिन-रात पहाड़ी से गिरने वाला मलबा सड़क को बाधित कर रहा है। कई बार मशीनों से सफाई कर मार्ग खोला जाता है, लेकिन कुछ ही घंटों बाद पुन: सड़क बंद हो जाती है। इससे न केवल वाहनों की आवाजाही प्रभावित हो रही है, बल्कि ग्रामीणों का जीवन भी संकट में पड़ गया है।ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि प्रभावित क्षेत्र का भूगर्भीय सर्वेक्षण कर स्थायी समाधान निकाला जाए। उनका कहना है कि मांदरा गांव पहले से ही आपदा की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्र है। यदि समय रहते आवश्यक उपचारात्मक कार्य नहीं किए गए, तो भविष्य में स्थिति और भी भयावह हो सकती है। उन्होंने याद दिलाया कि पिछले वर्ष की प्राकृतिक आपदा के दौरान भी इसी क्षेत्र में गंभीर भूस्खलन और भूधंसाव हुआ था, जो अब तक थमा नहीं है। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता डी.सी. नौटियाल ने बताया कि मार्ग को फिलहाल यातायात के लिए खोल दिया गया है। लेकिन बारिश जारी रहने पर खतरा और गहरा सकता है। उन्होंने बताया कि मौके पर मशीनरी और संबंधित टीम को अलर्ट पर रखा गया है, ताकि किसी भी आकस्मिक स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जा सके।

## एक नजर .......

### परेड़ में कान्वेंट स्कूल और झांकी में द मार्शल स्कूल ने मारी बाजी

**श्रीनगर।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित विद्यालय स्तर कि स्वच्छता पर कविता/गीत लेखन में आरसी मैमोरियल स्कूल उफल्डा के आदित्य कुमाई ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सरस्वती शिशु मंदिर कि अक्षिता ने द्वितीय और जयदयाल अग्रवाल संस्कृत विद्यालय श्रीनगर सक्षम प्रसाद फोंदणी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राथमिक वर्ग की झांकी प्रतियोगिता में द मार्शल स्कछल प्रथम, शेमफार्ड फ्यूचरिस्टिक स्कूल द्वितीय और जूनियर दिल्ली स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग में रेनबो स्कूल ने प्रथम, राआइंका श्रीनगर द्वितीय, मास्टर माइंड ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सीनियर वर्ग में सेंट थेरेसास कान्वेंट ने प्रथम और राबा.इंका श्रीनगर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

### भटवाड़ी चडेथी के बीच नासूर बना हाईवे, आए दिन होता है बंद

गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग भटवाड़ी और चडेथी के बीच घोडाला नामक स्थान पर आये दिन भूस्खलन की चपेट में आने से बीआरओ के लिए मुस.ीबत बन रहा है। इस स्थान पर बारिश होते ही दल-दल होने से सड़क धंस रही है जिस कारण गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग गये दोनों बाधित हो रहा है । वहीं अगर बात करें तो भटवाड़ी चडेथी सहित क्षेत्र में कहीं स्थानों पर बारिश के कारण भूध्वसाव हो रहा है चडेथी में पीडब्ल्यूडी सहित कुछ दुकाने भी खतरे की जद में हैं जिससे लोग आये दिन सहमें हुए दिख रहें हैं। भटवाड़ी चडेथी के बीच बीआरओ द्वारा रोड़ खोलने का कार्य लगातार प्रगति पर है ।

### जबरन नारे बुलवाने का प्रयास करने पर तीन युवक गिरफ्तार

**श्रीनगर।** कोतवाली श्रीनगर पुलिस ने मारपीट, गालीगलौज करने पर तीन युवकों पर गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार श्रीनगर के डुंगरीपंथ क्षेत्र तीन युवक एक व्यक्ति के साथ मारपीट व अभद्रता कर जबरन नारे बुलवाने का प्रयास कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने मामले का संज्ञान लेते हुए संबंधित युवकों के खिलाफ कोतवाली श्रीनगर में मुकदमा दर्ज कर लिया है। वायरल वीडियो में विशेष समुदाय के व्यक्ति के साथ मारपीट होते देखी गई, जिसे इंटरनेट मीडिया पर लगातार साझा किया जा रहा था। पुलिस उपाधीक्षक श्रीनगर अनुज कुमार ने बताया कि इस प्रकार की हरकतें आपसी भाईचारा और सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाली हैं। उन्होंने कहा कि मामले में मुक.ेश भट्ट निवासी ग्राम श्यामपुर, ऋषिकेश, मनीष निवासी फरसू डूंगरीपँथ श्रीनगर, नवीन भंडारी निवासी कोटधार, चिन्यालीसौड़ उत्तरकाशी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

### गंगोत्री हाईवे 12 दिनों से लगातार बंद

उत्तरकाशी: पांच अगस्त को धराली - हर्षिल में आई विनाशकारी बाढ़ से पिछले 12 दिनों से गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग खोलना बीआरओ के लिए टेडी खीर बना है। अतिवृष्टि से डबरानी, सोनगाड़, लोहारीनाग, हर्षिल और धराली में मलबा आने व भू-धंसाव से सड़क पिछले 12 दिन से लागातार बंद है। इस मामले में जिलाधिकारी प्रशांत आर्या ने बताया कि सीमा सड़क दिन -रात बंद सड़कों को खोलने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि गंगोत्री तक रास्ता खोलने में चार दिन और लगेंगे। धराली आपदा के बाद से उत्तरकाशी-गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग जगह-जगह मलबा आने और सड़कों के बहने से बंद है। जिससे धराली में राहत एवं बचाव कार्य में खासी दिक्कतें आ रही हैं। नेताला में रास्ता खुला है लेकिन यहां लगातार मलबा आ रहा है। जबकि डबरानी, सोनगाड़, लो.हारीनाग, हर्षिल और धराली में रास्ता बंद होने से आपदा प्रभावितों के लिए जरूरी वस्तुएं हेलीकॉप्टर से पहुंचाई जा रही हैं।

### श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर किया हवन यज्ञ

**कोटद्वार ।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व के अवसर पर शनिवार को आर्य समाज में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान हवन यज्ञ का आयोजन किया गया और यज्ञ में विशेष मंत्रो से आहुतियां दी गई। इस अवसर पर आचार्य आर्य नरेश ने कृष्ण महिमा पर प्रवचन देते हुए कहा कि वे गौ भक्त और गौ पालक थे। उनका स्वरुप सुदर्शन धारी था। कहा कि श्री कृष्ण जन्माष्टमी मनाना तभी सार्थक होगा जब हम उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलेंगे। तत्पश्चात वैदिक भजनोपदेशक दिनेश आर्य पथिक ने भजनों के माध्यम से श्री कृष्ण का गुण गान करते हुए उपस्थित लोगों को भाव विभोर कर दिया।

# टिहरी में बर्ड फ्लू को लेकर सतर्कता, डीएम ने दिए कड़े निर्देश

- रामपुर में बर्ड फ्लू के मामले सामने आते ही टिहरी में पोल्ट्री उत्पादों पर दो हफ्ते का प्रतिबंध जिलाधिकारी ने जारी की गाइडलाइन, पशुपालन विभाग कर रहा स्थिति पर कड़ी नजर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश के जनपद रामपुर के बिलासपुर विकासखंड के कुछ गांवों में बर्ड फ्लू के मामले सामने आने के बाद टिहरी गढ़वाल प्रशासन ने विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश जारी किए हैं। जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल ने एहतियाती कदम उठाते हुए जनपद में अगले दो सप्ताह तक उत्तर प्रदेश से कुक्कुट पक्षियों, अंडों, पोल्ट्री मांस और इससे जुड़े उत्पादों के परिवहन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया है।



मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी डॉ. डी.के. शर्मा ने जानकारी दी कि हालांकि हाल ही में ऊधमसिंहनगर में कुछ कुक्कुट प्रजाति के पक्षियों की मौत की सूचना मिली थी, लेकिन जांच में सभी सैंपल नेगेटिव पाए गए। वर्तमान में टिहरी गढ़वाल जनपद में स्थिति पूरी तरह सामान्य और नियंत्रण में है। उन्होंने बताया कि एवियन इन्फ्लूएंजा (बर्ड फ्लू) की रोकथाम और नियंत्रण के लिए भारत सरकार द्वारा जारी संशोधित दिशा-निर्देश (2021) और निर्धारित प्रोटोकॉल का पालन अनिवार्य रूप से किया जाएगा।

इसके लिए जिला स्तर पर टास्कफोर्स की नियमित बैठकें आयोजित होंगी, जिनमें सतर्कता और सावधानियों की समीक्षा की जाएगी। पशुपालन विभाग की टीम लगातार पोल्ट्री पालकों से संपर्क बनाए हुए है, ताकि यदि कहीं पक्षियों में असामान्य बीमारी या अचानक मौत की घटना होती है तो तुरंत रिपोर्ट मिल सके।

डॉ. शर्मा ने पोल्ट्री फार्म संचालकों और उपभोक्ताओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि किसी प्रकार की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। नियमित जांच के तहत ही सैंपल लिए जा रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि अंडा और पोल्ट्री मांस का सेवन पूरी तरह सुरक्षित है, बशर्ते मांस को अच्छी तरह पकाकर ही उपयोग किया जाए। उन्होंने लोगों से अपील की कि अफवाहों पर ध्यान न दें और केवल प्रशासन एवं पशुपालन विभाग द्वारा दी जा रही आधिकारिक जानकारी पर ही भरोसा करें।

# मां दुर्गा देवी यात्रा का शेरसी में पुष्प वर्षा से स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** केदारघाटी के न्यालसू रामपुर के ग्रामीणों की आराध्य शक्तिपीठ मां दुर्गा देवी अपनी बद्रीनाथ धाम दिवारा यात्रा के तहत ग्राम शेरसी पहुंची, जहां पर ग्रामीणों ने माता की डोली का पुष्प अक्षतों से भव्य स्वागत किया।

बता दें कि बीते 11 अगस्त से प्रारंभ हुई शक्ति पीठ मां दुर्गा देवी (त्वंने देवी) की बद्रीनाथ धाम दिवारा यात्रा बीते दिनों गांव का भ्रमण करने के बाद शनिवार को शेरसी गांव पहुंची, जहां पर ग्रामीणों ने माता की डोली का फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया। माता की डोली ने कालीमाई चौक नामक स्थान में रात्रि विश्राम किया। माता की डोली के गांव में पहुंचते ही भक्तों में उत्साह देखने को मिला। आचार्य पुरोहितों ने ग्रामीणों की सामूहिक पूजा की, जिसके बाद माता ने भक्तों को आशीर्वाद दिया। वहीं ग्रामीणों ने भक्तों के लिए भंडारे का भी आयोजन किया। शक्तिपीठ मां दुर्गा देवी दिवारा यात्रा समिति के अध्यक्ष मोहन सिंह चौहान ने बताया कि शेरसी में रात्रि विश्राम के बाद यात्रा बड़ासू के लिए प्रस्थान करेगी। उन्होंने बताया कि मां दुर्गा देवी क्षेत्र का भ्रमण कर धियाणियों को आशीर्वाद दे रही हैं। साथ ही केदारघाटी में स्थित पवित्र मठ मंदिर मोरू का झाड़, मां नानतोली, मां महिष मर्दनी मंदिर सहित अन्य तीर्थ स्थलों में दर्शन कर आगे बढ़ेगी।

# माता-पिता खो चुके बच्चों की शिक्षा का उठाएंगे पूरा खर्च : दीपक बिजल्वाण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी:** धराली त्रासदी में अपनों को खोये पीड़ितों के मदद के लिए पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष एवं भाजपा नेता दीपक बिजल्वाण न आगे आकर 50-50 हजार रुपए की धनरा.शि नगद देकर राजनीति में नई इबारत लिखी है ।

श्री बिजल्वाण ने ऐलान किया है कि आपदा में जिन बच्चों ने अपने माता -पिता खोया है उन बच्चों की शिक्षा का भी खर्च उठाएंगे ।

बता दें कि 5 अगस्त धराली हर्षिल में आई विनाश कारी बाढ़ से को धराली गांव उजड़ा , यहां के होटल, होमस्टे और सेब के बागवान उजड़े हैं।



आपदा के 12 वें दिन भारी वर्षा के बीच राहत व बचाव अभियान जारी । बता दें कि भटवाडीष ब्लॉक प्रमुख श्रीमती विनीता रावत एवं भाजपा नेता जगमोहन सिंह रावत ने धराली पीड़ितों के मदद की अपील की । इधर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दीपक बिजल्वाण ने धराली मृतक आश्रितों के लिए पूर्व प्रमुख श्रीमती विनीता रावत के हाथों 50-50 हजार रुपए की मदद भेजी है ।

दीपक बिजल्वाण ने कहा यह आपदा केवल धराली गांव की नहीं, बल्कि पूरे उत्तराखंड की पीड़ा है। इस दुख की घड़ी में हम सब मिलकर पीड़ित परिवारों के साथ है व मैं आगे भी पीड़ित परिवारों की यथासंभव सहायता करता रहूंगा।

# कांग्रेस जिलाध्यक्ष का इस्तीफा, पूर्व विधायक बोले भाजपा की गोद मे बैठे कांग्रेस विचारधारा के सदस्यों का हो निष्कासन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थराली / चमोली** जनपद में कांग्रेस समर्थित और कांग्रेस विचारधारा के सबसे अधिक सदस्यों की जीत के बावजूद भाजपा का जिला पंचायत अध्यक्ष बनने पर नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुकेश नेगी ने अपना इस्तीफा प्रदेश अध्यक्ष को भेज दिया है साथ ही उन्होंने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा को 6 अन्य कार्यकर्ताओ के नाम भी भेजे हैं जिन्होंने जिला पंचायत अध्यक्ष के चुनाव में पार्टी के खिलाफ काम किया जिलाध्यक्ष मुकेश नेगी ने पार्टी के खिलाफ कार्य करने वाले इन 6 कार्यकर्ताओ पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की मांग की है।



वहीं कांग्रेस के पूर्व विधायक डॉ जीतराम ने भी अब अपनी प्रतिक्रिया देते हुए पार्टी के खिलाफ काम करने वाले कार्यकर्ताओ के लिए कांग्रेस में कोई स्थान नहीं होना चाहिए उन्होंने कहा कि इस पंचायत चुनाव में जनता ने भाजपा के खिलाफ वोट करते हुए कांग्रेस विचारधारा के प्रत्याशियों को विजयी बनाया लेकिन कांग्रेस विचारधारा के वही लोग जीतने के बाद भाजपा की गोद मे जा बैठे ऐसे में कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुकेश नेगी ने अगर ऐसे कार्यकर्ताओं पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की मांग की है तो ये बिल्कुल जायज है उन्होंने कहा कि ये विचारधारा की लड़ाई है और जनता ने कांग्रेस की विचारधारा को इस पंचायत चुनाव में अपना मत दिया लेकिन कांग्रेस विचारधारा से जीत कर आये विजयी जिला पंचायत सदस्यों ने भाजपा अधिकृत प्रत्याशी के पक्ष में मतदान कर जनता के मत का अपमान किया है

# जनता का आशीर्वाद ही मेरी ताकत: ब्लॉक प्रमुख

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** भिलंगना के नव निर्वाचित ब्लॉक प्रमुख राजीव कंडारी ने नैलचामी पट्टी के अंतर्गत आने वाले बहेड़ा, जखनियाली, सेमल्थ, मुयाल गांव गौरिया, मंजियाड़ी, चामी, नैल, जाख चौरा और भटवाड़ी सहित कई गांवों का भ्रमण कर ग्रामीणों से मुलाकात की।

इस दौरान उन्होंने जनता के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो भरोसा और स्नेह दिया गया है, उसका प्रतिफल वह क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के रूप में देंगे।

उन्होंने कहा कि विकासखंड के सभी गांवों को समान रूप से विकास की मुख्यधारा से जोड़ना उनकी पहली प्राथमिकता है। जहां-जहां मूलभूत सुविधाओं का अभाव है, वहां पर विशेष ध्यान देकर कार्य किए जाएंगे ताकि किसी भी गांव के लोग पीछे न रह जाएं। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि वह जनता की भावना और अपेक्षाओं के अनुरूप योजनाएं बनाएंगे और उनका ईमानदारी से क्रियान्वयन सुनिश्चित करेंगे।

बहेड़ा नीलकंठ में आयोजित स्वागत सभा में कंडारी ने कहा कि इस क्षेत्र की जनता ने उन्हें जिस विश्वास और समर्थन के साथ क्षेत्र पंचायत प्रमुख पद तक पहुंचाया है, वह उनके लिए आजीवन यादगार रहेगा।

उन्होंने इसे जनता की एकजुटता और सहयोग का परिणाम बताया और कहा कि यह आशीर्वाद ही उन्हें आगे बढ़ने और क्षेत्र का समु.चित विकास करने की शक्ति देगा।

इस अवसर पर कनिष्ठ प्रमुख कृष्णा गैरोला, अनिल चौहान, रीना कंडारी, शांति प्रसाद,रनिराम, आद.ेश कुमार, प्रीति कुमारी, प्रधान विनोद जोशी, गजेंद्र नौटियाल, चंद्रमोहन, ममता नौटियाल, दर्मियान सिंह सजवाण, प्यारेलाल, राम प्रकाश, रेंज अधिकारी आशीष नौटियाल, हरि प्रसाद नौटियाल समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने भी नव निर्वाचित ब्लॉक प्रमुख का उत्साहपूर्वक स्वागत कर उनके नेतृत्व में विकास की नई दिशा की उम्मीद जताई।

# अगस्त्यमुनि में घरों की छतों से देखी बच्चों की प्रभातफेरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अगस्त्यमुनि।** क्षेत्र में 79वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया। प्रात: ही विभिन्न विद्यालयों ने प्रभातफेरी निकाली गई। प्रभात फेरी में छात्र-छात्राओं ने देश प्रेम के नारों तथा गीतों से शहर को गुंजायमान किए रखा।

प्रभात फेरी को देखने बड़ी संख्या में अभिभावक एवं स्थानीय व्यापारी तथा ग्रामीण छतों एवं बाल.कनी में खड़े रहे। वहीं से बच्चों का उत्साहवर्धन करते रहे। प्रभात फेरी में एनसीसी केडेट, अउ राइंका अगस्त्यमुनि, चिल्ड्रन एकेडमी, राबाइका, गौरी मेमोरियल इंटर कालेज, रोज माउंट स्कूल, गुरूकुल नेशनल हाईस्कूल, सरस्वती शिशु मन्दिर, सरस्वती विद्या मन्दिर, प्राथमिक विद्यालय आदि विद्यालयों ने भी प्रतिभाग किया। वहीं अगस्त्य पब्लिक स्कूल एवं राइजिंग ईरा विद्यालयों ने जवाहर नगर एवं गंगानगर में प्रभात फेरी निकाली। इसके साथ ही थाना अगस्त्यमुनि, उद्यान विभाग, नगर पंचायत, पशु चिकित्सालय, विकास खण्ड कार्यालय, खेल विभाग, युवा कल्याण, सीएससी, विद्युत विभाग, टैक्सी यूनियन सहित सभी सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों में भी झण्डारोहण के साथ मिष्ठान वितरण किया गया।

# धराली आपदा पीड़ितों की मदद को युवाओं ने जुटाई 60 हजार की सहायता राशि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** सामाजिक सरोकार और मानवता का परिचय देते हुए क्लीन हिमालयाज-ग्रीन हिमालयाज संगठन से जुड़े युवाओं ने उत्तरकाशी जिले के धराली में आई आपदा से प्रभावित लोगों की मदद के लिए अब तक करीब 60 हजार रुपये की धनराशि एकत्रित कर ली है। संगठन से जुड़े दिव्यांशु रावत और दीपक नेगी ने बताया कि यह विशेष अभियान उन्होंने 13 अगस्त से शुरू किया, जिसे अभी कुछ और दिनों तक जारी रखा जाएगा।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर इस पहल को और गति देने के लिए प्रताप इंटर कॉलेज बौराड़ी परिसर में सहायता डेस्क लगाया गया, जहां स्थानीय नागरिकों और छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर सहयोग किया। शनिवार को नई टिहरी में आयोजित होने वाले श्रीकृष्ण जन्माष्टमी कार्यक्रम के दौरान भी यह डेस्क लगाया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोग आपदा पीड़ितों तक मदद पहुंचाने में अपनी भागीदारी निभा सकें।

अभियान के तहत अभी तक ऑनलाइन क्यूआर कोड से 23,424 रुपये और नकद रूप में 35,579 रुपये जमा किए गए हैं। युवाओं का कहना है कि यह राशि निरंतर बढ़ रही है और इसे शीघ्र ही जिलाधिकारी उत्तरकाशी को भेंट किया जाएगा, ताकि प्रभावित क्षेत्र में राहत कार्य तेजी से संचालित हो सके और पीड़ितों को समय पर सहायता मिल पाए। इस मानवता भरे अभियान में साहिल कुमार, सार्थक मेहरा, रोहित बैलवाल, कार्तिक नेगी, सुजल रतूड़ी, नकुल, गणेश डिमरी और निशांत भी सक्रिय रूप से जुड़े रहे। युवाओं का यह सामूहिक प्रयास न केवल आपदा पीड़ितों के लिए मददगार साबित हो रहा है, बल्कि समाज में सहयोग और संवेदनशीलता की प्रेरणा भी दे रहा है।

# नकबजनी की दो घटनाओं का खुलासा

## एक गिरफ्तार, आरोपी के कब्जे से 15 लाख रुपये की ज्वैलरी बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** गधविहार मोकमपुर निवासी एक व्यक्ति के मकान के ताले तोड़कर वहां से लाखों रुपए के जेवर चोरी करने वाले एक साथी नकब्जन को नेहरू कॉलोनी पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके पास से करीब 15 लख रुपए के जेवरात बरामद किए हैं पकड़ा गया शातिर नकब्जन चोरी की वारदात को अंजाम देने के लिए अपने साथ पेट्रोल का टैंक रखता था स इस संबंध में नेहरू कॉलोनी थाने पर अभियोग पंजीकृत करते हुए भगत सिंह नेगी पुत्र पूरन सिंह नेगी ने बताया था कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनके घर का दरवाजा तोड़कर घर से ज्वैलरी व अन्य सामान

■ **बंद घरों की रैकी के दौरान अपने साथ पेट्रोल का जार लेकर घूमता था**

चोरी कर ले गया है। उक्त तहरीर के आधार संबंधित थाने पर धारा 305( ̇), 331(4) BNS पंजीकृत किया गया।

बंद मकान के ताले तोड़कर लाखों के जेवर चोरी करने के मामले को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने संबंधित अधिकारियों को वारदात का खुलासा करने के निर्देश दिए थेस वहीं नेहरू कॉलोनी थाने पर एक पुलिस टीम का गठन कर चोरी की वारदात का खुलासा करने के लिए उन्हें लगाया गया था गठित पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल व आस पास मार्गो पर लगे लगभग 80 सीसीटीवी कैमरों का अवलोकन किया गयास शनिवार को एक सूचना के आधार पर गठित पुलिस टीम द्वारा वारदात में शामिल एक शातिर नकब्जन मनीष कुमार को अनिकेत फॉर्म के पास सड़क मार्ग से घटना में प्रयुक्त स्विफ्ट वाहन के साथ गिरफ्तार किया गया, अभियुक्त की तलाशी में उसके कब्जे से नेहरू कॉलोनी क्षेत्र में हुई नकबजनी की घटना से संबंधित चोरी की ज्वैलरी बरामद हुई, तलाशी में अभियुक्त के कब्जे से कुछ अन्य आभूषण भी बरामद हुए, जिनके सम्बंध में सख्ती से पूछताछ पूछताछ करने पर अभियुक्त द्वारा उक्त ज्वैलरी को 10 अगस्त की रात्रि में हर्रावाला क्षेत्र में बंद मकान की चोरी करना बताया गया।पूछताछ में अभियुक्त द्वारा बताया गया कि वह रात्रि में मोहल्लो में घूमकर बंद घरों की रैकी कर चोरी की घटनाओ को अंजाम देता है। रात्रि में घूमने के दौरान अभियुक्त अपने हाथ में डिब्बा लेकर घूमता है, जिससे किसी के द्वारा पकड़ लिए जाने पर वह पेट्रोल चोरी करने के लिए घूमने की बात बता सके।

### कर्तव्य पालन ही सच्ची देशभक्ति :रेखा

**देहरादून।** स्वतंत्रता दिवस पर खेल मंत्री रेखा आर्या ने महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज प्रांगण में झंडारोहण किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। झंडारोहण के बाद स्पोर्ट्स कॉलेज के छात्रों को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि आज के दौर में अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करना ही सच्ची देशभक्ति है। हमारा जो भी कर्तव्य है उसे ईमानदारी और निष्ठा के साथ करके हम देश के विकास में अपना योगदान दे सकते हैं। उन्होंने युवाओं से कहा कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में सबसे बड़ी भूमिका युवा शक्ति की होने वाली है। कार्यक्रम में खेल निदेशक आशीष चौहान, अपर निदेशक अजय अग्रवाल, उपनिदेशक शक्ति सिंह, स्पोर्ट्स कॉलेज के प्राचार्य राज. ेश मंमगाई आदि उपस्थित रहे।

# मां, बेटी व पुलिस के विवाद को लेकर राज्य महिला आयोग अध्यक्ष ने लिया संज्ञान

## आयोग करेगा मामले की जांच, जो भी दोषी होगा उस पर होगी कार्यवाई

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** राजधानी देहरादून के रेसकोर्स में 13 अगस्त को बिजली पोल से केबिल डालने को लेकर विवाद के मामले में उत्तराखंड राज्य महिला आयोग ने सख्ताई दिखाते हुए गंभीर जांच के आदेश दिए है। जानकारी के अनुसार यहां पर विद्युत की भूमिगत लाइन बिछाई गई है। एक परिवार के घर में बिजली दिक्कत होने के कारण उन्होंने केबिल लगाने के लिए विद्युतकर्मियों को बुलाया था, जिसको लेकर यहां विवाद हुआ।

मामले में राज्य महिला आयोग को शिकायतकर्ता ने दर्ज कराई गई शिकायत में विस्तार से मामले जानकारी दी । महिला ने अपने व अपनी बेटी के साथ पुलिसकर्मियों द्वारा अभद्रता करने की शिकायत की है।

मामले की जानकारी राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष को मिलने पर उन्होंने थानाध्यक्ष नेहरू कॉलोनी से फोन पर प्रकरण की जानकारी ली जिसमें थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले में माँ व बेटी के द्वारा मौके पर पहुंचे पुलिस कर्मियों के साथ अभद्रता व मारपीट की गई है, इसके बाद अध्यक्ष कुसुम कण्डवाल ने प्रकरण में एसपी सिटी सहित वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह से फोन पर वार्ता के क्रम में गंभीरता से कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने बताया कि उन्होंने दोनों पक्षो को आयोग में बुलाया है। साथ ही उन्होंने बताया कि राज्य महिला आयोग की एक टीम द्वारा प्रकरण की गंभीर व निष्पक्ष जांच की जाएगी क्योंकि यह अत्यंत निन्दानीय घटना है, जो भी गलत होगा उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि कानून समाज की सुरक्षा के लिए है और यदि किसी के द्वारा कानून का गलत उपयोग किया गया है या कानून के नियमों का उल्लंघन किया है तो उसके विरुद्ध भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# उत्तराखंड के निर्माण में रहा अटल का महत्वपूर्ण योगदान : जोशी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** सूबे के कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की सातवीं पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि एवं गोष्ठी कार्यक्रम में प्रतिभाग कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की।

शनिवार को देहरादून के न्यू कैंट रोड़ स्थित कैम्प कार्यालय में आयोजित श्रद्धांजलि एवं गोष्ठी सभा को सम्बोधित करते हुए काबीना मंत्री ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी के कवि, पत्रकार व एक प्रखर वक्ता थे। वे भारतीय जनसंघ के संस्थापकों में एक थे, और 1968 से 1973 तक उसके अध्यक्ष भी रहे। काबीना मंत्री ने कहा कि वर्ष 1999 में कारगिल युद्ध के समय अटल ने कहा था कि जो जवान माँ भारती की रक्षा में सीमा पर शहीद होंगे, उनके पार्थिव शरीर को उनके पैतृक गांव ले जाया जाऐगा और राजकीय सम्मान के साथ वहीं उनका दाह संस्कार होगा। इस दौरान मण्डल अध्यक्ष प्रदीप रावत, राजीव गुरुंग, आरएस परिहार, निरंजन डोभाल, अरविन्द डोभाल, ज्योति कोटिया, महामंत्री भावना चौधरी, आशीष थापा, अल्का कुल्हान, मनोज क्षेत्री, पार्षद भूपेन्द्र कठैत, मोहन बहुगुणा, निर्मला थापा, अंकित जोशी आदि उपस्थित रहे।

# महिला पुलिसकर्मियों के साथ मारपीट, दो महिलाओं को हिरासत लिया, छोड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** मकान की विद्युत लाइन टूटने के बाद बंद पड़ी बिजली को ठीक करने के लिए आए विद्युत विभाग के कर्मचारी के साथ जहां मारपीट की गई वहीं मौके पर पहुंची पुलिस कर्मियों के साथ भी दो महिलाओं द्वारा वर्दी फाड़ने पर मारपीट किए जाने की वारदात को अंजाम दिया गया मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने संजीव धाराओं में अभियोग पूंजीगत कर दोनों आरोपी महिलाओं को नोटिस देकर पुलिस में थाने बुलाया और पूछताछ कर उनके परिजनों के सपोर्ट कर दिया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने जानकारी देते हुए बताएं कि नेहरू कॉलोनी थाने पर महिला साक्षी पत्नी सन्नी कुमार पुत्र स्व0 गुलाब सिंह निवासी रेसकोर्स द्वारा चौकी फव्वारा थाना नेहरू कॉलोनी पर एक शिकायती प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उनके घर की बिजली की लाईन टूट जाने के कारण घर बिजली नही आ रही थी, जिसकी शिकायत पर बिजली विभाग द्वारा नई लाईन लगायी जा रही है लेकिन उनके पड़ोसी श्रीमती संतोष रावत व उसकी बेटी द्वारा उक्त कार्य में बाधा डालते हुए उनके तथा उनके परिवार वालों से गाली गलौच कर जान से मारने की धमकियां दी जा रही हैं। सूचना पर चौकी फव्वारा चौक से चीता मोबा. इल पर नियुक्त पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे तो मौके पर उपरोक्त महिला द्वारा पड़ोसी के साथ गाली गलौज की जा रही थी, उक्त महिलाओं को चीता पुलिस द्वारा समझाया गया तथा थाने पर आकर शिकायत करने के लिए कहा गया परंतु उक्त महिला और अधिक उग्र हो गयी तथा पुलिस कर्मियों से गाली गलौज करने लगी, महिलाओं द्वारा चिता पुलिस कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार गाली गलौज किए जाने की सूचना के बाद महिला उ0नि0 कुसुमलता पुरोहित व म0का0 स्वाती को मौके पर गए।

सन्तोष रावत पत्नी एम0एस0 रावत व उनकी पुत्री ज्योति रावत निवासी गण रेसकोर्स देहरादून द्वारा महिला पुलिस कर्मियों के साथ भी अभद्र व्यवहार करते हुए धक्का मुक्की की गई, इस दौरान उक्त महिला संतोष रावत द्वारा महिला पुलिस कर्मियों पर ईट से हमला करने का प्रयास किया गया तथा उसकी पुत्री द्वारा महिला कॉन्स० के साथ हाथापाई की गई तथा सरकारी कार्य में बाधा पहुँचाते हुए उन्हें जान से मारने की धमकी दी गयी। मौके पर अतिरिक्त पुलिस बल को बुलाते हुए दोनों महिलाओं को गिरफ्तार कर थाने लाया गया तथा घटना के संबंध में म०उ०नि० कुसुम पुरोहित के द्वारा दी गयी तहरीर पर थाना नेहरू कालोनी पर धारा 115 (2)/352/351(3) /121(1) /132 बीएनएस संतोष और ज्योति पंजीकृत किया गया। दोनो महिलाओं को थाने पर नोटिस तामील कराकर सकुशल उनके परि. जनों के सुपुर्द किया गया। अभियोग की विवेचना व0उ0नि0 विकास शुक्ला द्वारा की जा रही है।

## एक नजर .......

### सैनिक कल्याण मंत्री जोशी ने जताया मुख्यमंत्री का आभार

**देहरादून।** सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सैनिक कल्याण विभाग के अंतर्गत कार्यरत ब्लॉक प्रतिनिधियों के मानदेय में दो हजार रुपए की वृद्धि करने की घोषणा पर सीएम का आभार व्यक्त किया है। सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि मुख्यमंत्री धामी सदैव पूर्व सैनिकों एवं सैनिक कल्याण विभाग से जुड़े कार्मिकों के हितों के प्रति संवेदनशील रहते हैं। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से ब्लॉक प्रतिनिधियों को आर्थिक सहयोग के साथ-साथ कार्य के प्रति और अधिक प्रोत्साहन मिलेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सैनिकों और पूर्व सैनिकों के कल्याण हेतु लगातार सार्थक कदम उठा रही है और भविष्य में भी ऐसे प्रयास जारी रहेंगे।

### स्वतंत्रता दिवस पर एसएसपी ने पुलिस लाइन देहरादून में किया ध्वजारोहण

**देहरादून।** 79 वें स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन देहरादून में शहीदों को नमन करते हुए ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान एसएसपी देहरादून द्वारा उपस्थित सभी अधिनस्थों को कर्तव्यनिष्ठा एवं देश सेवा की शपथ दिलाई गई। ध्वजारोहण कार्यक्रम के दौरान एसएसपी अजय सिंह द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सराहनीय कार्यो के लिए राष्ट्रपति पदक, मुख्यमंत्री सराहनीय सेवा पदक, तथा पुलिस महानिदेशक उत्तराखंड प्रशस्ति डिस्क प्राप्त करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों के नाम को पढ़कर उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों को अवगत कराया गया। जनपद देहरादून के सभी थाना,चौंकियो,कार्यालयों में भी स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उपस्थित अधिकारियों द्वारा झंडारोहण कर उपस्थित पुलिस कर्मियों को शपथ दिलाई गई।

### स्वतंत्रता दिवस देशभक्ति, एकता और सेवा भावना को दृढ़ करने का अवसरः डॉ रावत

**गैरसैंण/देहरादून।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शुक्रवार को कैबिनेट मंत्री एवं चमोली जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण स्थित विधानसभा परिसर में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर मंत्री डॉ. रावत ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के अदम्य साहस और बलिदान को नमन करते हुए प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस देशभक्ति, एकता और सेवा भावना को दृढ़ करने का अवसर है, जो हमें राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों की याद दिलाता है। कार्यक्रम के दौरान स्कूली छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत, नृत्य एवं नाट्य मंचन जैसी रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। इन प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया और वातावरण देशभक्ति के उल्लास से सराबोर हो गया। इस मौके पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षक, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# भाजपा छोड़कर दर्जनों लोगों ने थामा कांग्रेस का हाथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देहरादून की धर्मपुर विधानसभा के मथुरावाला क्षेत्र में एक राजनीतिक परिवर्तन देखने को मिला। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करण माहरा व प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्योति रौतेला की उपस्थिति में वार्ड नंबर 85 स्थित आशीर्वाद एंक्लेव में वरिष्ठ भाजपाई एवं पूर्व ग्राम प्रधान नवीन छेत्री संग दर्जनों युवाओं, महिलाओं और पुरुषों ने भारतीय जनता पार्टी की नीतियों से असंतुष्ट होकर कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सभी नव-शामिल सदस्यों को कांग्रेस का

■ **जनता बदलाव चाहती हैं, कांग्रेस ही विकल्पः माहरा**

पटका पहनाकर विधिवत रूप से पार्टी में स्वागत किया गया।

सदस्यता ग्रहण करने वालों में ए.के. बहुगुणा, के.पी. ममगाई, आयुष भट्ट, शोभा भट्ट, उर्मिला भट्ट, पविता पंवार, रीता रमोला, संतोषी रावत अंजू बिष्ट, अनीता डोभाल, अनुराधा गुसाईं, अखिलेश भट्ट, शिवशरण थलवाल, दिनेश बगियाल, सुनील उनियाल, राकेश बिजलवान, आशा थापा, सोहन शाही, सुचित्रा छेत्री, अर्चना थापा, राजकुमार सिंह, सुरेंद्र थापा, आनंद सिंह, राजेश थापा, रत्ना देवी, भीमकला देवी, ठाकुर मलपुन, आनंद सिंह बिष्ट, कैलाश मैथानी, सतीश नेगी व राधिका नेगी आदि ने कांग्रेस की सदस्यता ली। प्रदेश अध्यक्ष करण माहरा ने इस अवसर पर कहा, "यह कांग्रेस की विचारधारा की जीत है। जनता अब बदलाव चाहती है और कांग्रेस ही वह विकल्प है जो जनहित में कार्य कर सकती है।" प्रदेश महिला अध्यक्ष ज्योति रौतेला ने कहा, "महिलाओं की भागीदारी और सम्मान कांग्रेस की प्राथमिकता है। आज का यह आयोजन महिला शक्ति के जागरण का प्रतीक है।

# राजनीति के अपराधीकरण की साजिश कर खुद को पीड़ित दिखा रही कांग्रेसः चौहान

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कांग्रेस पर राजनीति के अपराधीकरण का गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि एक सुनियोजित षडयंत्र के तहत पहले जिप सदस्यों को बलपूर्वक धमकाने और फिर खुद को पीड़ित दिखाने के लिए दुष्प्रचार कर रही है।

पार्टी मुख्यालय मे पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए चौहान ने कहा कि वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के संरक्षण में नैनीताल जिप पंचायत अध्यक्ष उम्मीदवार के पति द्वारा हिंसा और बवाल कर लोकतंत्र के हरण का प्रयास किया गया। उन पर हत्या से लेकर गैंगस्टर तक दर्जनों गंभीर धाराओं में मुकद्दमे दर्ज हुए हैं। उनका खुलेआम भाजपा उम्मीदवार और नेताओं को धमकाने का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

उन्होंने कहा कि नैनीताल में जिला पंचायत अध्यक्ष पद पर मतदान के दौरान जिस तरह अपराधिक घटनाक्रम कांग्रेस नेताओं के संरक्षण में अंजाम दिया गया, वह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में उनके नैनीताल उम्मीदवार के पति लाखन सिंह नेगी और उनके समर्थकों द्वारा वहां हिंसा और बवाल किया गया।

### जमीअत ने मनाया स्वतंत्रता दिवस

**देहरादून।** मदरसा दार अकरम आजाद कालोनी में जमीयत उलेमा ए हिंद जिला देहरादून की ओर से जश्ने आजादी मनाई गई। जिस की अध्यक्षता काजी दारुल कजा देहराद. ून ने की। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम की विस्तृत जानकारी छात्रों को दी। शामली की जंग, असहयोग आंदोलन, तहरीक रेशमी रुमाल आदि पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन मोहम्मद शाह नजर ने किया। इस मौके पर जमीअत के जिला अध्यक्ष मौलाना अब्दुल मन्नान कघसमी, शहर सदर मुफ्ती अयाज अहमद, मुफ्ती जियाउल हक, मौलाना शुईब, मौलाना अब्दुल वाजिद, मौलाना एजाज अहमद कघसमी, मौलाना मोहम्मद उमर, कारी नईम अहमद आदि मौजूद रहे।

### स्वतंत्रता दिवस पर क्लेक्ट्रेट परिसर में छाया देश भक्ति का रंग

**देहरादून।** 79 वां स्वतंत्रता दिवस बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिलाधिकारी सविन बंसल ने क्लेक्ट्रेट परिसर में ध्वजारोहण कर जनपद वासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। सभी विभागों, शिक्षण संस्थाओं, गैर सरकारी कार्यालयों में भी ध्वजारोहण किया गया।स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और महापुरुषों को नमन करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि देश को बडे संघर्षो, प्रयत्नों और बलिदानों के बाद आजादी मिली है। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के अमूल्य बलिदान को याद कर हम सबको आजादी के महत्व को समझना चाहिए।

# भाजपा मुख्यालय में धूमधाम से मनाया जश्न-ए-आजादी

## मुख्यमंत्री धामी ने दोहराया भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्यवाही का संकल्प

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** स्वतंत्रता दिवस पर भाजपा मुख्यालय में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और प्रदेशाध्यक्ष महेंद्र भट्ट की मौजूदगी में आजादी और राज्य निर्माण बलिदानियों को श्रद्धासुमन अर्पित किये गए।

इस अवसर सीएम धामी ने प्रदेश में आई आपदा पर संवेदना व्यक्त करते हुए, विकसित भारत के संकल्प में देवभूमिवासियों से सर्वश्रेष्ठ योगदान का आह्वाहन किया। वहीं प्रदेशाध्यक्ष ने पंचायत चुनावों में जीत के बाद, सभी से विकास में जुटने का आग्रह किया। प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान ने बताया कि बलबीर



रोड स्थित प्रदेश कार्यालय में आज स्वतंत्रता दिवस की 79वीं वर्षगांठ को सादगी और हर्षोल्लास से मनाया गया। जिसमें सीएम पुष्कर धामी प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और शहीदों की श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में सभी पार्टी पदाधिकारियों और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने आपस में स्वतंत्रा दिवस की बधाई दी और मिष्ठान वितरण किया गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने अपने संबोधन में आजादी आंदोलन के बलिदानियों और राज्य निर्माण के शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किया। साथ ही धराली आपदा का जिक्र करते हुए कहा कि जिन्होंने इस त्रासदी में जिन्होंने अपनों को खोया है उनके प्रति हम सबकी गहरी संवेदना है। कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी के संचालन में हुए इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सह कोषाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार, कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, विद्यायक खजान दास समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मॉल की छत पर स्टंट कर रहे लोगों की पुलिस ने गाड़ियां पकड़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** माल की छत पर चढ़कर कर और बाइक की रेस लगाकर स्टंट करने वाले लोगों के खिलाफ नेहरू कॉलोनी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उक्त गाड़ियों को सूचित कर दिया।

15 अगस्त वाले दिन नेहरू कॉलोनी पुलिस को सूचना मिली कि कुछ वैन सवार जोगीवाला क्षेत्र स्थित एक माल की छत पर कर और बाइक से स्टंट कर रहे हैं सूचना पर चौकी प्रभारी जोगीवाला मय चीता कर्मियों के साथ मौके पर पहुँचा। मौके पर पहुँचने पर पता चला कि दो मोटरसाइकिल सवार गाड़ी से धुआँ निकाल रहे थे तथा शोरगुल कर रहे थे। ये। पुलिस के मौके पर पहुंचने से पूर्व दोनों मोटरसाइकिल सवार मौके से फरार हो गए थेमॉल ऑफ देहरादून के प्रबंधन स्टाफ से पूछताछ करने पर ज्ञात हुआ कि छत का उपयोग केवल पार्किंग के लिए दिया गया था। रैली कार समूह का आमा कैफे में लंच का कार्यक्रम था। पुलिस कर्मियों ने जब इस संबंध में माल के आयोजन को से जानकारी प्राप्त की तो वह बदले झांकने लगे इस संबंध में पुलिस ने आयोजकों के 10 व्यक्तियों के चालान, धारा 81 पुलिस एक्ट के अंतर्गत किए गए।

मॉल प्रबंधन के 05 चालान, धारा 83 पुलिस एक्ट के अंतर्गत किए गए। मोटरसाइकिल एवं कार को मोटर वाहन अधिनियम की धाराओं के अंतर्गत सीज किया गया। साथ ही, मॉल प्रबंधन को सख्त चेतावनी दी गई कि बिना अनुमति के इस प्रकार के आयोजन भविष्य में न किए जाएँ। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि जाँच के दौरान जानकारी मिली कि आयोजन इन ड्राइव मोटर नामक समूह द्वारा किया गया था।

# हर्ष उल्लास के साथ मनाया ड्रीमर्स में स्वतंत्रता दिवस

## 35 का चयन, ड्रीमर्स के सितारों ने चमकाया संस्थान और देहरादून का नामः चौधरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर ड्रीमर्स एड्यू हब परिसर में "विजय यात्रा" का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम संस्थान की ऐतिहासिक उपलब्धि – सिर्फ एक महीने में 35 चयन ख्र के उपलक्ष्य में रखा गया, जिसमें एनडीए व सीडीएस में सफल हुए छात्रों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्थान के संस्थापक हरिओम चौधरी और सह-संस्थापिका अंर्कि. कता तनेजा ने मंच की शोभा बढ़ाई। दोनों ने चयनित छात्रों को



शुभकामनाएं देते हुए प्रेरक संदेश दिए। इस दौरान हरिओम चौधरी ने कहा "आज आप सब सिर्फ अपने परिवार का ही नहीं बल्कि पूरे राष्ट्र का गर्व हैं। इस सफलता को अंत नहीं, बल्कि राष्ट्र सेवा की शुरुआत मानें। वहीं अंकिता तनेजा ने कहा "ड्रीमर्स के हर विद्यार्थी में देश के लिए कुछ बड़ा करने की क्षमता है, बस उसे पहचानना और निखारना जरूरी है।मंच से सुन रहे सभी छात्रों की आंखों में गर्व और देशभक्ति की चमक साफ झलक रही थी।

उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय कड़ी मेहनत, परिवार के सहयोग और ड्रीमर्स एड्यू हब के मार्गदर्शन को दिया। साथ ही बच्चों ने देश भक्ति के ऊपर कई सारे प्रोग्राम प्रस्तुत किए और पूरा ड्रीमर्स का प्रांगड़ देश भक्ति में झूम उठा साथ ही श हरिओम चौधरी ने अपने भाषण में विद्यार्थियों को ये भी प्रेरित किया कि देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले क्रांतिकारियों को हमेशा याद रखना चाहिए आजादी का मतलब सिर्फ अंग्रेजों से आजाद होना ही नहीं था बल्कि आजादी वही है जो सक्षम है, सशक्त है ,सुरक्षित है ।कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान और "राष्ट्र सेवा का संकल्प" के उद्घोष के साथ हुआ।



# कांग्रेसियों ने फूंका भाजपा सरकार का पुतला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** नैनीताल में नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य के साथ हुई घटना से नाराज कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष मदन लाल के नेतृत्व में पूरे प्रदेश भर में भाजपा सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया गया।

इस घटना से नाराज अनुसूचित जाति विभाग के कार्यक्रताओं ने भाजपा सरकार की नीतियों के विरोध में जिस प्रकार नेता प्रतिपक्ष के साथ व उनके अन्य साथियों के साथ मारमीट की गई और सरकार द्वारा उन लोगों पर कोई भी कार्रवाही नही की गई जिस से नाराज अनुसुि. चत जाति विभाग के कार्यक्रताओं ने देहरादून में भाजपा सरकार का पुतला दहन कर पूरजोर विरोध किया इसके साथ ही प्रदेश के अन्य जिलों में भी पुतला दहन किया गया। प्रदेश अध्यक्ष मदन लाल ने भाजपा सरकार पर वार करते हुए कहा कि जिला पंचायत अध्यक्ष चुनाव के दौरान जिस प्रकार का व्यवहार नेता प्रतिपक्ष के साथ किया गया है वह बहुत ही निंदनीय है। पुतला दहन में ज्योति रौतेला, डा जसविन्दर सिह गोगी, धर्मपाल घाघट, करन घाघट , विकास नेगी, अर्जुन सोनकर, प्रतिमा सिह, संजय गौतम, अशोक कुमार, नोहर सिह, व अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहें।

# धर्मनगरी में हर्षोल्लास के साथ मनाया स्वतंत्रता दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** स्वतंत्रता दिवस की 79वीं वर्षगांठ के अवसर पर जिले भर के सरकारी संस्थान, शिक्षण संस्थान, राजनीतिक व गैर राजनीतिक दलों ने स्वतंत्रता दिवस पूर्ण हर्षोल्लास से मनाया गया।

जिला मुख्यालय पर आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में जिले के प्रभारी मंत्री सतपाल महाराज ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर मंच पर जिलाधिकारी मयूर दीक्षित और मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोण्डे उपस्थित रहे। ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रगान की धुन पर सभी ने खड़े होकर देश के प्रति सम्मान व्यक्त किया। इस मौके पर प्रभारी मंत्री सतपाल महाराज ने 79 वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि 15 अगस्त का दिन भारत के हर नागरिक के लिए बहुत महत्वपूर्ण दिन है। इस दिन भारत को ब्रिटिश शासन से आजादी मिली थी। यह दिन भारत के स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदानों को याद करने और उनके संघर्ष को श्रद्धांजलि देने का दिन है। 15 अगस्त, 1947 को भारत एक स्वतंत्र राष्ट्र बना, और इस दिन को हम हर वर्ष स्वतंत्रता दिवस के रूप में मनाते हैं। यह दिन भारत के राष्ट्रीय गौरव और एकता का प्रतीक है। स्वतंत्रता दिवस हमें संवैधानिक मूल्यों, जैसे कि लोकतंत्र, समानता और न्याय का सम्मान करने की याद दिलाता है। आजादी के पश्चात सत्ता पर आसीन सभी सरकारों ने देश को आगे बढ़ाने के लिए अपने अपने तरीके से कार्य किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब से देश की सत्ता की बागडोर संभाली है। तब से पूरे विश्व में भारत का सम्मान एवं गौरव निरंतर बढ़ता जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षो में भारत की सांस्कृतिक यात्रा एक रंग-बिरंगी रंगोली की तरह उभरकर सामने आई है। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने जनपदवाशियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभ कामनायें देते हुए कहा कि इस अवसर पर जनपद में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहें है कल से ही हमने कई जगहों पर विभिन्न रैलीया के साथ ही खेल प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जा रहा है, आज सभी सरकारी कार्यालयों में ध्वजारोहण का कार्यक्रम किया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वतंत्र सेनानियों एवम् अमर शहीदों के कड़े संघर्ष, त्याग और बलिदान के बल पर आजादी मिली है। हमारे स्वतंत्रता सैनानियों ने जो भी सपने देखे थे, उन सपनों को पूरा करने में हम सभी को अपना-अपना पूरा योगदान देना होगा। इससे पूर्व जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने कैंप कार्यालय में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी दीपेंद्र सिंह नेगी,अपर जिलाधिकारी पीआर चौहान, ट्रेजरी ऑफिसर अजय कुमार सहित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

















वहीं, **प्रेस क्लब** में 79वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रेस क्लब अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी ने ध्वजारोहण किया और सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। इस दौरान बड़ी संख्या में पत्रकार शामिल हुए। इस दौरान महामंत्री दीपक मिश्रा एवं मेहताब आलम ने देश भक्ति के गीतों की प्रस्तुति देकर समा बांधा। गोष्टी को संबोधित करते हुए अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी एवं महामंत्री दीपक मिश्रा ने कहा कि देश को आजादी दिलाने वाले महानायकों के साहस की जितनी भी प्रशंसा की जाए उतना कम है। अपने प्राणों के बलिदान देकर देश को अमर सपूतों ने आजादी दिलाई। गोष्ठी का संचालन हिमांशु द्विवेदी ने किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार सुनील दत्त पांडे, दीपक नौटियाल, ललितेंद्रनाथ, कुमार दुष्यंत, रामचंद्र कन्नौजिया, श्रवण झा, कुलभूषण शर्मा, शिवा अग्रवाल आदि ने भी देश के आजादी में निर्णायक भूमिका निभाने वाले अमर शहीदों की गाथाओं का वर्णन किया। इस दौरान सुनीलदत्त पांडे, दीपक नौटियाल, आदेश त्यागी, विक्रम छाछर, ललितेंद्र नाथ, नरेश दीवान शैली, बालकृष्ण शास्त्री, रत्नमाणी डोबाल, त्रिलोकचंद भट्ट, रामचंद्र कन्नौजिया, राजेश शर्मा, महेश पारीख, हिमांशु द्विवेदी, प्रदीप गर्ग, राधिका नागरथ, कुलभूषण शर्मा, विजेंद्र हर्ष, श्रवण झा, लव शर्मा, गोपाल पटवर, अविक्षित रमन, मुदित अग्रवाल, विकास चौहान, राजकुमार, दयाशंकर वर्मा, सुभाष कपिल, प्रशांत शर्मा, गुलशन नय्यर, मयूर सैनी, सुनील पाल, अनिल भास्कर, राधेश्याम, विद्याकुल, सुरेंद्र, राहुल वर्मा, रोहित सिखोला, तनवीर अली, अमित गुप्ता, अमरीश, सुमित यश कल्याण, गीता राजपूत आदि मौजूद रहे।

वहीं, **शेफील्ड स्कूल** ज्वालापुर के प्रांगण में 79वां स्वतंत्रता दिवस बड़े हर्षोल्लास और गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पूरे विद्यालय को तिरंगे की थीम से सजाया गया। दीवारों पर स्वतंत्रता सेनानियों के चित्र, रंग-बिरंगे गुब्बारे और छात्रों द्वारा बनाई गई देशभक्ति की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक अर्जुन सिंह चौहान एवं प्रधानाचार्या प्रियंका दीक्षित द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुआ। जैसे ही तिरंगा लहराया, सभी ने एक स्वर में राष्ट्रगान गाया और देश के प्रति सम्मान व्यक्त किया। विद्यालय प्रबंधक अर्जुन सिंह चौहान ने कहा कि हमारी स्वतंत्रता लाखों देशभक्तों के बलिदान का परिणाम है। हमें न केवल उनके बलिदान को याद रखना चाहिए, बल्कि देश की प्रगति में अपना सक्रिय योगदान भी देना चाहिए। प्रधानाचार्या प्रियंका दीक्षित ने अपने वक्तव्य में शिक्षा को राष्ट्र निर्माण की आधारशिला बताया। कार्यक्रम के अंत में स्वतंत्रता सेनानियों को मौन श्रद्धांजलि दी गई और सभी छात्रों को मिठाई वितरित की गई।

वहीं, स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष पर **ज्वालापुर विधानसभा क्षेत्र के रणसुरा** (मुकरपुर) स्थित राजकीय उच्चतम माध्यमिक विद्यालय में भाजपा नेता अमित कुमार बिट्टू ने मुख्य अतिथि के रूप में ध्वजारोहण किया। इस दौरान गांव के गणमान्य लोग एवं स्थानीय प्रधान मौजूद रहे। मुख्य अतिथि द्वारा संस्कृति कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने वाले बच्चों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवो में तिरंगा रैली निकाली गई। दूसरी ओर **जय श्री बलराम अकादमी** में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति से जुड़े विभिन्न संकृतिक कार्यक्रमों में भाग लिया और दर्शकों का मनमोह लिया। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर बच्चों नें राधा व कृष्ण का रूप धारण कर प्रोग्राम को भक्ति में भवविभोर किया। स्कूल संस्थापक ईशा झा ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले बच्चों को सम्मानित किया।

वहीं, 79वें स्वातंत्रता दिवस के अवसर पर **नगर निगम** में ध्वजारोहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महापौर किरण जैसल एवं नगर आयुक्त नंदन कुमार ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी।

इस दौरान मेयर किरण जैसल ने नगर निगम के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कांवड़ यात्रा के सफल संचालन के लिए बधाई दी तथा भविष्य में भी इसी प्रकार कार्य में उत्कृष्टता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता, सेवा एवं जनहित में कार्य करना ही सच्ची देशभक्ति है। नगर आयुक्त नंदन कुमार ने स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी से आह्वान किया कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं शहीदों के आदर्श मूल्यों को अपने हृदय में संजोकर, उनके सिद्धांतों के अनुरूप अपने कार्यों में उत्कृष्टता लाने का प्रयास करें। इस अवसर पर उप नगर आयुक्त दीपक गोस्वामी, सहायक नगर आयुक्त ऋषभ उनियाल, महेन्द्र यादव, श्याम सुंदर सहित नगर निगम के सभी मुख्य सफाई निरीक्षक, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। देशभक्ति गीतों एवं राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

वहीं, **ज्वालापुर में ऐतिहासिक मंडी** के कुएं पर 79वा स्वतंत्रता दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व राज्य मंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस महासचिव फुरकान अली एडवोकेट ने कहा कि भारत को आजादी लंबे संघर्षों और बलिदान के बाद मिली है। हमारे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अपनी जान की परवाह किये बिना अंग्रेजों से भिड़ गए। आज कुछ सांप्रदायिक ताकते भारत को हिंदू मुसलमान के नाम पर बाटने में लगी हुई है। लेकिन हम उनके मंसूबों को कामयाब नहीं होने देंगे। इस अवसर पर भारतीय किसान मजदूर उत्थान यूनियन के राष्ट्रीय युवा उपाध्यक्ष एडवोकेट अरबाज, पूर्व जेल विजिटर इरशाद खान, भारतीय किसान मजदूर उत्थान यूनियन के प्रदेश मीडिया प्रभारी नावेद अख्तर, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता छम्मन पीरजी, क्रय विक्रय सहकारी समिति ज्वालापुर के पूर्व अध्यक्ष शमीम अहमद, फुरकान पेंटर, जाकिर सलमानी, इरफान, तनवीर अली, पूर्व सभासद डा.मुमताज अली, सुल्तान अहमद, आसिफ हुसैन, नदीम अहमद, जेपी कश्यप, रवि कुमार, मुकेश कुमार सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहे।

**जिला प्रेस क्लब** हरिद्वार ने एक स्थानीय होटल में धूमधाम से स्वतंत्रता दिवस मनाया। इस दौरान संतों के सानिध्य में ध्वजारोहण किया गया और राष्ट्रीय गान गाकर भारत माता के जयकारे लगाकर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गयी। म.मं. स्वामी हरिचेतनानंद, भारत माता मंदिर के महंत म.मं. स्वामी ललितानंद गिरी ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी और शहीदों को नमन करते हुए कहा कि वीर शहीदों के बलिदान से देश को आजादी मिली। सभी को वीर शहीदों की गाथाओं को अधिक से अधिक से अधिक प्रचार करें। जिससे युवा पीढ़ी को प्रेरणा मिले। जिला प्रेस क्लब अध्यक्ष राकेश वालिया ने कहा कि लंबे संघर्ष और असंख्य बलिदानों के बाद मिली आजादी को बनाए रखना प्रत्येक देशवासी का कर्तव्य है। महामंत्री अनिल बिष्ट ने कहा कि युवा पीढ़ी को देश के अमर शहीदों से प्रेरणा लेकर देश के विकास और प्रगति में योगदान करना चाहिए। होटल के प्रबंधक भगतराम ने फूलमाला पहनाकर सभी संतों का स्वागत किया। इस अवसर पर केशव चौहान, सनोज कश्यप, मुमताज आलम खान, मोहन राजा, मोहम्मद नदीम, मनोज कश्यप, नौशाद अली, गणेश भट्ट, मनव्वर कुरैशी, रोहित वर्मा, राजू, कमल शर्मा, अशोक पांडे, अवधेश, दीपक झा, नरेश कुमार मित्तल, विजय प्रजापति, सागर कुमार, सरविंदर कुमार, सद्दाम हुसैन, जीशान मलिक, रितेश तिवारी, कुणाल शर्मा सहित बड़ी संख्या में पत्रकार और जिला प्रेस क्लब के पदाधिकारी मौजूद रहे। वहीं, पथरी क्षेत्र के गांव घिस्सूपुरा में **मदरसा फरीद साबरी जूनियर हाईस्कूल** में 79 वां स्वतंत्रता दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची ग्रामीण विधायक अनुपमा रावत ने ध्वजारोहण किया तिरंगे को सलामी दी और विद्यार्थियों व स्टाफ के साथ राष्ट्रीयगान गाया। विधायक अनुपमा रावत ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आजादी हमारे पूर्वजों के त्याग और बलिदान का परिणाम है। हमें इस अमूल्य आजादी को संभाल कर रखना है और देश निर्माण में अपना योगदान देना है। मदरसा प्रबंधक मास्टर गुलशनववर अंसारी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा स्वतंत्रता दिवस सिर्फ एक उत्सव नहीं, बल्कि देश के प्रति हमारे कर्तव्यों की याद दिलाने वाला दिन है। हमें न केवल अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना चाहिए, बल्कि अपने कर्तव्यों का भी पूरी निष्ठा से निर्वहन करना चाहिए। यही हमारे शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस मौके पर पूर्व उपप्रधान सलीम अहमद, डॉ शौकीन मलिक, एडवोकेट आजम अंसारी, समाजसेवी मोहम्मद सलीम, अर्जुन शाह, फय्याज मलिक, प्रधानाध्यापक जैबा रानी, मास्टर राकेश, मास्टर उस्मान, सुषमा, रिया,सोनम, मुस्कान, तथा समस्त अभिभावक गण मौजूद रहे।

# बारिश ने कॉलोनी के बिगाड़े हालात नहीं हो रही पानी की निकासी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहादराबाद।** जनपद में इन दिनों हुई बारिश ने कई इलाकों के हालात बिगड़ दिए, जहां बरसात का पानी निवासियों के सामने बहुत बड़ी समस्या बन गया है। पानी की निकासी से न केवल घरों में पानी घुस रहा है बल्कि कॉलोनी की गलियां भी घुटनो तक डूबी हुई है। हालात यह है कि पतंजलि के पीछे सुरक्षा एंकलेव के निवासियों का दूसरी कॉलोनीयों से सडक सम्पर्क भी काटा हुआ है तो गंदे पानी से जहरीले कीट पतंगे निवासियों की सेहत पर भारी पड़ रहे है यहां के लोग मौसमी बीमारियों के शिकार हो रहे है। लेकिन न तो स्थानीय प्रशासन और न ही जिला प्रशासन ने यहां के निवासियों की कोई सुध ली हैं और न ही गंदे पानी की निकासी का ही कोई इंतजाम किया है। यहां के निवासियों विपिन कुमार, अरुण कुमार पोखरियाल, सोमपाल सिंह, जी.के. गुप्ता, मनदीप रावत, दीपक कुमार, सागर कुकरेती, मंगल सिंह आदि ने बताया कि यह इस कॉलोनी में अधिकांश रिटायर्ड सैनिक हैं जिनके घरों में पानी भरा हुआ हैं लोग बाजारो से राशन तक भी नहीं ला पा रहे हैं। बच्चे दवा व दूध के लिए तड़फ रहे हैं,



कॉलोनी एचआरडीए से एप्रूव्ड है जिस कारण हम लोगो ने यहां अपना आवास बनाया था, लेकिन इस कॉलोनी में कोई भी काम विकास के नाम पर नहीं हुआ है, जिला प्रशासन को कॉलोनीवासियो की समस्या को दूर करने का प्रयास करना चाहिए ताकि निवासियों को गंदे पानी से होने वाकई दिक्कतो से निजात मिल सके।

# 24 घंटें में दबोचा आरोपी, 2.80 लाख की ज्वैलरी बरामद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** बंद घर का ताला तोड़कर लाखों रूपए की ज्वैलरी चोरी करने की घटना के अंजाम देने के आरोपी को नगर कोतवाली पुलिस ने चौबीस घंटे के भीतर गिरफ्तार कर चोरी की गयी 2,80,000 रूपए कीमत की ज्वैलरी बरामद कर ली है। लाखों की चोरी की घटना को अंजाम देने वाला आरोपी मौहल्ले का ही रहने वाला है। शनिवार को इंडस्ट्रियल एरिया इंदिरा बस्ती निवासी प्रीती ने पुलिस को तहरीर देकर घर का ताला तोड़कर घुसे अज्ञात चोर द्वारा संदूक में रखे सोने का मंगलसूत्र, दो जोड़ी झुमके व एक अंगूठी चोरी कर लिए जाने के संबंध में मुकद्म दर्ज कराया था। मुकदमा दर्ज करने के बाद जांच पड़ताल में जुटी पुलिस ने छानबीन करते हुए पीर की मजार जाने वाले रास्ते पर रपटे के पास से अमन थापा उर्फ पोंटी पुत्र सोनू थापा निवासी इंदिरा बस्ती को चोरी किए गए जेवरात समेत दबोच लिया। पुलिस टीम में एसआई अंशुल अग्रवाल, कांस्टेबल परविन्दर, पंकज तिवारी शामिल रहे।

## सड़क पर अतिक्रमण करने वाले होटल संचालक पर मुकदमा दर्ज

**हरिद्वार।** एसएसपी के सख्त निर्देशों के तहत कोतवाली नगर क्षेत्र में अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में प्रभारी चौकी हरकी पैड़ी अपनी टीम के साथ चेकिंग के दौरान भीमगौड़ा रोड स्थित होटल ओशो के पास शक्ति वैष्णो होटल के संचालक को सड़क पर अवैध अतिक्रमण करते हुए पकड़ा गया।

पुलिस के अनुसार, आरोपी शिवकुमार (36 वर्ष) पुत्र स्व. सुरेन्द्र सिंह, निवासी भीमगौड़ा गुसाईं गली, हरिद्वार, अपने होटल का सामान सीमा से अधिक बढ़ाकर मुख्य सड़क पर लगाए हुए था, जिससे राहगीरों और वाहनों को गंभीर परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। पूर्व में भी सभी दुकानदारों को अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी गई थी, लेकिन आरोपी ने जानबूझकर आदेशों की अवहेलना की। पुलिस का कहना है कि इस तरह का अवैध अतिक्रमण सड़क पर दुर्घटनाओं और अप्रिय घटनाओं का कारण बन सकता है। मामले की गंभीरता को देखते हुए होटल संचालक शिवकुमार के खिलाफ प्रभावी धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है। पुलिस टीम में उ.नि. संजीत कण्डारी, हे. का. संजयपाल, कां. नितिन सिंह शामिल रहे।

## तीन वारंटियों को दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पथरी।** थना क्षेत्र की पुलिस ने अलग अलग मामलों में न्यायालय से वांछित चल रहे तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। तीनों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। शनिवार को एसएसपी के आदेश अनुसार जनपद में इनामी, वांछित, वारंटियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत गैर जमानती तीन वारंटियों को अलग अलग गांव से गिरफ्तार किया है। पथरी एसओ मनोज नोटियाल ने बताया कि आरोपी राहुल पुत्र विनोद निवासी सहदेवपुर, अमित पुत्र मांगेराम पुरषोत्तम नगर, रिजवान पुत्र अल्ताफ निवासी गडोवाली पथरी तीनो वारंटी पिछले लंबे समय से न्यायालय से नरारद चल रहे थे। तीनो को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

**सूचना ( खोया-पाया )**

मेरा एक सम्पत्ति भूखण्ड जिसका खसरा नम्बर 63 जिसका क्षेत्रफल 2025 वर्गफुट स्थित ग्राम गाजीवाली पो.ओ. श्यामपुर जिला हरिद्वार में स्थित है। जिसकी बही नं0 1, जिल्द सं. 7300 पृष्ठ सं. 153 से 174 दस्तावेज सं. 3504 दिनांक 31-03-2023 जो कि नवीन निकुंज पुत्र राम नारायण निवासी ग्राम गाजीवाली परगना नजीबाबाद, तहसील व जिला हरिद्वार से क्रय की थी।, जिसका असल विक्रय कहीं गुम हो गया है। जिसका प्रयोग अवैध होगा। श्रीमती संगीता पत्नी श्री राजन कुमार, निवासी ग्राम सहदेवपुर शाहबाजपुर, परगना ज्वालापुर, तहसील व जिला हरिद्वार।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें :
सिटी कार्यालय दैनिक
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कमरा न. 103, द्वितीय तल, भगवती कॉम्पलेक्स, रानीपुर मोड, हरिद्वार
**ब्यूरो चीफ/जिला प्रभारी**
**डी. एस. वर्मा**
मो.: 9411100741

### श्री विश्नोई आश्रम भीमगोड़ा के परमाध्यक्ष महंत स्वामी राजेन्द्रानंद हुए ब्रह्मलीन, आश्रम परिसर में दी गई भू समाधि

# संत समाज, सामाजिक संस्थाओं, राजनीतिकों और श्रद्धालुओं ने दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** भीमगोड़ा स्थित श्री विश्नोई आश्रम के परमाध्यक्ष महंत राजेंद्रानन्द ब्रह्मलीन हो गए। शनिवार को महंत राजेंद्रानन्द हरियाणा के सिरसा डबवाली में एक धार्मिक यात्रा के आयोजन के उपरांत हृदयाघात होने से ब्रह्मलीन हो गए थे। निधन के उपरांत उनकी पार्थिव देह को हरिद्वार लाया गया और भीमगोड़ा स्थित आश्रम परिसर में भूसमाधि दी गयी। ब्रह्मलीन महंत राजेंद्रानंद महाराज के शिष्य प्रणवानंद महाराज ने विधिविधान से संन्यास परम्परानुसार भू समाधि दी। स्वामी जयानंद, रमतानंद, राघवानंद, प्रभुतानंद, नरेशानंद, जगदेवानंद, विश्वंभरानन्द, स्वामी सर्वानंद, गोविंद शरणानंद, अमृतानन्द, विश्वात्मानंद, गजानंद, सागरानंद, शतानंद आदि ने भू समाधि प्रदान करने में सहयोग किया। महंत राजेंद्रानंद के ब्रह्मलीन होने पर संत समाज, सामाजिक संस्थाओं व राजनीतिक लोगों ने गहरा दुख व्यक्त करते उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। ब्रह्मलीन महंत राजेंद्रानंद को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी ने कहा कि ब्रह्मलीन महंत राजेंद्रानन्द त्याग, तपस्या और सेवा की प्रतिमूर्ति थे। सनातन धर्म संस्कृति गौ, गंगा, गीता को समर्पित ब्रह्मलीन उनका जीवन सदैव सभी को प्रेरणा देता रहेगा। अखाड़ा परिषद के महामंत्री श्रीमहंत हरि गिरी ने कहा कि ब्रह्मलीन महंत राजेंद्रानंद महाराज एक प्रखर संत थे। उनके असमय ब्रह्मलीन होने से सनातन धर्म और संत समाज को अपूर्णीय क्षति हुई है। उनके त्यागमयी जीवन से सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। जूना अखाड़ा के राष्ट्रीय महासचिव श्रीमहंत महेश पुरी ने बताया कि महंत राजेंद्रानन्द एक विलक्षण प्रतिभा के संत थे। उन्होंने आश्रम परम्पराओं को बढ़ाने में कोई कोर कमी नहीं छोड़ी। महामंडलेश्वर चिदविलासानंद सरस्वती एवं महामंडलेश्वर अनंतानंद ने कहा कि ब्रह्मलीन महंत स्वामी राजेंद्रानन्द ने देश में संत समाज की महिमा को प्रकाशित करने का काम किया। भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष नगर विधायक मदन कौशिक ने कहा कि ब्रह्मलीन महंत राजेंद्रानंद का समूचा जीवन देश, समाज ओर सनातन धर्म को समर्पित था। उन्होंने विश्नोई समाज को राष्ट्रीय पटल पर नई पहचान दिलाने का काम किया। ब्रह्मलीन महंत राजेंद्रानंद महाराज को महंत दुर्गादास, महंत दिनेशदास, महंत रविदेव शास्त्री, महंत हरिहरानंद, निर्धन निकेतन के परमाध्यक्ष ऋषि रामकृष्ण, बाबा हठयोगी, आचार्य कृष्णानंद ऋषिकेश, स्वामी सत्यप्रकाश भोपालगढ़, स्वामी कृष्णानंद, स्वामी आत्मदेव, स्वामी रामेश्वरामानंद, स्वामी विष्णुद्याल, महेशानंद, आचार्य स्वामी रामश्रनानंद, स्वामी शिवानंद, स्वामी सुखदेव मुनि, अखिलेश मुनि,आचार्य डा.स्वामी सुदेवानंद महाराज, जसरांदास महाराज, रामशरणानंद, रमतानंद, शिवानंद, महेशानन्द, श्रीमहंत गोपाल गिरि, महंत प्रेमदास जांभा, समाजसेवी भाजपा नेता बृजभूषण विद्यार्थी, एडवोकेट वीरेंद्र तिवारी, श्री राम नाट्य संस्थान भीमगोड़ा के अध्यक्ष प्रमोद घिड़ियाल, महामंत्री पार्षद सुमित चौधरी, महावीर वशिष्ठ, अनिल वशिष्ठ, नगर निगम पार्षद सूर्यकांत शर्मा, पूर्व पार्षद लखनलाल चौहान, विनीत जोली, कैलाश भट्ट, सहित हरियाणा, राजस्थान, पंजाब, उत्तर प्रदेश, दिल्ली से आए श्रद्धालु भक्तों ने ब्रह्मलीन महंत राजेंद्रानंद को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

# भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर भाजपा जिला कार्यालय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** भारत रत्न और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि के अवसर पर भाजपा जिला कार्यालय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष आशुतोष शर्मा ने अटल को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि वे अजातशत्रु थे, जिनके विरोधी भी उनके भाषण सुनने के लिए उत्सुक रहते थे। संसद में विपक्षी दलों के नेता और सांसद भी अक्सर उनसे मार्गदर्शन प्राप्त करते थे। उन्होंने याद किया कि अटल के ओजस्वी वक्तव्य से प्रभावित होकर तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत का पक्ष रखने के लिए अपने मंत्रिमंडल के बजाय विपक्ष के नेता अटल बिहारी वाजपेयी को भेजा था। उनका वह भाषण आज भी ऐतिहासिक माना जाता है। आशुतोष शर्मा ने आगे कहा कि अटल भाजपा के प्रथम राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे और तीन बार देश के प्रधानमंत्री बने। उन्होंने राजनीति में शुचिता और आदर्शों के उच्चतम मानदंड स्थापित किए। उनके नेतृत्व में भारत ने पोखरण में परमाणु परीक्षण किया और विदेश नीति को सशक्त बनाया। साथ ही वे एक प्रतिभाशाली कवि भी थे, जिनकी कविताएं आज भी प्रासंगिक हैं। उन्होंने कहा कि अटल के इन्हीं आदर्शों और मूल्यों के मार्ग पर चलते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनकर भारत को पुनः विश्वगुरु बनाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। कार्यक्रम में जिला महामंत्री आशु चौधरी, जिला उपाध्यक्ष लव शर्मा, मोहित वर्मा, मनोज शर्मा, नकली राम सैनी, रंजना चतुर्वेदी, विपिन शर्मा, कर्मेंद्र सैनी, अरुण चौहान, विनय चौहान, ओमपाल शर्मा, जसवीर सिंह, यादराम वालिया, करण वर्मा, डॉ. राजकुमार सैनी, नवजोत वालिया, अनुज त्यागी, धर्मेंद्र चौहान, संदीप सिंघानिया सहित अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कूनी-पार्था गांव में धूमधाम से मनाई गई श्री कृष्ण जन्माष्टमी

**गिरीश चंदोला / थराली**

**थराली** विकासखंड के कूनी-पार्था गांव में इस वर्ष श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़े हर्षोल्लास और धार्मिक श्रद्धा के साथ मनाया गया। आयोजन के अंतर्गत भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।

यह शोभा यात्रा सिद्धपीठ बोधानाग मंदिर परिसर से प्रारंभ हुई और गांव के विभिन्न मार्गों से होते हुए संपन्न हुई। इस दौरान भगवान श्रीकृष्ण की झांकियों ने सभी श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। ग्रामीण महिलाएं, युवा और बच्चे पारंपरिक वेशभूषा में सजधज कर शोभायात्रा में शामिल हुए।



ग्राम प्रधान मीना देवी ने बताया कि गांव की पहल पर जन्माष्टमी पर्व हर वर्ष धूमधाम से मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि इस बार भी ग्रामीणों के सामूहिक सहयोग से भव्य आयोजन किया गया। साथ ही उन्होंने घोषणा की कि अगले वर्ष से इस आयोजन को और भी भव्य स्वरूप दिया जाएगा, जिसमें जागरण व विशेष झांकियों का भी आयोजन होगा। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों से नई पीढ़ी में हमारी सांस्कृतिक धरोहर और विरासत को संरक्षित रखने की प्रेरणा मिलती है।

इस आयोजन में ग्राम पंचायत कूनी-पार्था के युवा मंगल दल और महिला मंगल दल ने सक्रिय भूमिका निभाई।

पूरे गांव में जन्माष्टमी महोत्सव को लेकर उल्लास और भक्तिमय वातावरण छाया रहा।

# 38 घंटे बाद खुला ऋषिकेश-बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग

**नई टिहरी।** पिछले 38 घंटों से कौड़ियाला में बाधित ऋषिकेश-बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग आखिरकार शनिवार दोपहर कड़ी मशक्कत के बाद वन-वे के लिए खोल दिया गया। गुरुवार रात को अचानक पहाड़ी से भारी चट्टानी मलबा आने के कारण राजमार्ग पूरी तरह से बाधित हो गया था, जिससे ऋषिकेश, श्रीनगर और पौड़ी की ओर जाने वाले वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। शुक्रवार दोपहर तक मलबा नहीं हट पाने के चलते यातायात को देवप्रयाग-गजा, हिंडोला खाल और मलेथा मार्ग से डायवर्ट करना पड़ा, जिससे यात्रियों और स्थानीय लोगों को खासी मुश्किलों का सामना करना पड़ा।

# टीएचडीसी में हर्षोल्लास के साथ मना स्वतंत्रता दिवस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ऋषिकेश।** टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के ऋषिकेश मुख्यालय समेत सभी परियोजना स्थलों व इकाई कार्यालयों में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान मुख्यालय में कंपनी के सीएमडी आरके विश्नोई ने राष्ट्रध्वज फहराया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि कंपनी ने हाल ही में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं, जिनमें 1,320 मेगावाट खुर्जा सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट की प्रथम इकाई और 1,000 मेगावाट टिहरी पंप स्टोरेज प्लांट की दो इकाइयों का सफलतापूर्वक प्रचालन शामिल है। यह उपलब्धियां कंपनी की विकास यात्रा का एक ऐतिहासिक चरण हैं, जोकि राष्ट्र की ऊर्जा सुरक्षा में



इसकी प्रमुख भूमिका को सुदृढ़ करती हैं। कंपनी जल्द ही खुर्जा एसटीपीपी व टिहरी पीएसपी की शेष इकाइयाँ पूर्ण करने के प्रयास में जुटी है।

निदेशक कार्मिक शैलेंद्र सिंह ने भी सभी कर्मचारियों एवं उनके परिवारों को शुभकामना दी। उनसे एकजुटता, ईमानदारी एवं नवाचार की भावना से कार्य करते हुए आत्मनिर्भर और विकसित भारत के साझा संकल्प को साकार करने का आह्वान किया। निदेशक वित्त सिपन कुमार गर्ग ने भी इस मौके पर विचार व्यक्त किए। उन्होंने कंपनी उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला।

# श्रद्धापूर्वक मनाया संत जोध सिंह महराजा को जन्मोत्सव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ऋषिकेश।** निर्मल आश्रम में संत बाबा जोध सिंह महाराज का जन्मोत्सव श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस दौरान ऋषिकेश स्थित आश्रम में आयोजित कार्यक्रम में देश-दुनिया व ऋषिकेश क्षेत्र के श्रद्धालु भारी संख्या में शामिल हुए। जन्मोत्सव की शुरुआत श्री गुरु ग्रंथ साहिब के अखंड पाठ के भोग के साथ हुई। इसके बाद संतों के लिए विशेष भंडारे का आयोजन किया गया।

भंडारे के पश्चात, महंत राम सिंह महाराज और संत जोध सिंह महाराज ने उपस्थित संगत में प्रसाद वितरित किया। इस अवसर पर गुरु का अटूट लंगर भी बांटा गया, जिसमें सभी भक्तों ने एक साथ बैठकर भोजन ग्रहण कर गुरु का



आशीर्वाद प्राप्त किया।

कार्यक्रम में सरदार बिक्रमजीत सिंह, सरदार करमजीत सिंह, ललिता कृष्णास्वामी, डॉ. सुनीता शर्मा, अमृतपाल डंग, सरदार हरप्रीत सिंह, आतम प्रकाश बाऊ, अजय शर्मा, सरदार बलविंदर सिंह, राजेश गुप्ता, सरदार हरमनप्रीत सिंह, अशोक जोशी, दिनेश शर्मा, सरदार गुरजिंदर सिंह, सरदार मनप्रीत सिंह, सरदार तरणजीत सिंह, शम्मी पैनुली, विनोद बिजल्वाण आदि मौजूद रहे।

# मार्ग पर पहाड़ी से गिरा पत्थर, महाराष्ट्र के यात्री की मौत

**गौरीकुंड-केदारनाथ 19 किमी पैदल मार्ग पर सफर करना हो रहा खतरनाक**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** लगातार पहाड़ी जिलों में बारिश से हालात बिगड़े हुए हैं, जहाँ राजमार्गो पर पहाड़ी दरक रही हैं, वहीं केदारनाथ पैदल मार्ग भी जानलेवा बना है। गौरीकुण्ड से केदारनाथ 19 किमी पैदल मार्ग पर पहाड़ी से बोल्डर गिरने में लगे हैं, जिस कारण यात्रियों को जान हथेली पर रखकर सफर करना पड़ रहा है। शनिवार सुबह केदारनाथ पैदल मार्ग पर पहाड़ी से बोल्डर गिरने के कारण एक महाराष्ट्र के यात्री की मौत हो गई।



पहाड़ों में बारिश का सितम लगातार जारी है। बारिश के कारण जन जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बारिश का सबसे बुरा असर केदारनाथ धाम की यात्रा पर पड़ रहा है। बीते दिनों तेज बारिश होने और गौरीकुण्ड-केदारनाथ 19 किमी पैदल मार्ग पर खतरे को देखते हुए जिला प्रशासन ने 14 अगस्त तक केदारनाथ यात्रा पर रोक लगाई थी, लेकिन बिना जानकारी के सोनप्रयाग पहुंचे यात्रियों के साथ पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा था। बीते 15 अगस्त को जैसे ही केदारनाथ धाम की यात्रा खोली गई तो सैकड़ों की संख्या भक्त रवाना हुए, लेकिन यात्रा खोलने के दूसरे दिन शनिवार सुबह एक घटना हो गई, जिसमें एक तीर्थ यात्री की पैदल मार्ग पर पत्थर गिरने से मौत हो गई। शनिवार सुबह करीब दस बजे पुलिस चौकी गौरीकुण्ड को सूचना मिली कि गौरीकुण्ड से करीब एक किमी ऊपर केदारनाथ यात्रा मार्ग में छौड़ी गधेरे के पास एक यात्री की पहाड़ी से गिरे पत्थर की चपेट में आने से मृत्यु हो गयी है। सूचना पर मृत यात्री परमेश्वर भीम राव खावाल पुत्र भीम राव खावाल निवासी कोलहटी औरंगाबाद महाराष्ट्र उम्र 38 वर्ष को तत्काल जिला प्रशासन की यात्रा मैनेजमेंट फोर्स एवं पुलिस गौरीकुण्ड अस्पताल लाए, जहां अग्रिम आवश्यक कार्यवाही की गई।

वहीं, दूसरी ओर बारिश के कहर से राजमार्गो पर सफर करना बेहद खतरनाक हो रहा है। हाईवे की पहाड़ी से कब मौत बरस जाए, कहा नहीं जा सकता। बद्रीनाथ और केदारनाथ हाईवे के जगह-जगह पहाड़ी दरकने से तीर्थ यात्रियों को मिनटों के सफर को तय करने में घंटों लग रहे हैं। राजमार्गो के घंटों बंद रहने से यात्री भी खासे परेशान हैं, जबकि पहाड़ी दरकने के दृश्य देखकर डर बना हुआ है।

## एक नजर .......

### ग्रामीण बच्चों के लिए नि:शुल्क समग्र बाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**विकासनगर।** सुराह ट्रस्ट के सौजन्य से एम.के.जे.एस. मेमोरियल स्कूल, कटापत्थर में पहली बार छोटे बच्चों के लिए एक नि:शुल्क समग्र स्वास्थ्य जाँच शिविर का सफल आयोजन किया गया।इस पहल का उद्देश्य दूरद. राज के क्षेत्रों में बाल स्वास्थ्य सेवाओं की कमी को पूरा करना और ग्रामीण बच्चों को विशेषज्ञ स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराना था। शिविर का नेतृत्व दिल्ली से आए वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रदीप अग्रवाल (एमबीबीएस, एमडी पीडियाट्रिक्स) ने किया। जिन्हें बाल स्वास्थ्य सेवाओं में 31 वर्षों का अनुभव है। वर्तमान में डॉ. अग्रवाल एक्शन मेडिकल इंस्टीट्यूट, नई दिल्ली में पीडियाट्रिक्स और चाइल्ड केयर टीम के प्रिंसिपल कंसल्टेंट के रूप में कार्यरत हैं। वे नवजात शिशु चिकित्सा, विकासात्मक बाल रोग, बाल एलर्जी, श्वसन व सीने की बीमारियाँ, किशोर स्वास्थ्य और निवारक चिकित्सा के विशेषज्ञ हैं। कटापत्थर मैं उनका आगमन उनके सामुदायिक स्वास्थ्य पहल और बच्चों के लिए समय पर उचित चिकित्सा की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस शिविर में 100 से अधिक बच्चों की विस्तृत चिकित्सकीय जाँच की गई। इस मौके पर विद्यालय ट्रस्ट की ट्रस्टी ईरा सिंह, सुराह ट्रस्ट के श्रेय रावत, विद्यालय की प्रधानाचार्य और शिक्षकों के साथ-साथ बच्चों के अभिभावक उपस्थित रहे।

### कृष्ण जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया गया



**विकासनगर।** ब्रह्माकुमारी ईश्वर विश्वविद्यालय में श्री कृष्णजन्माष्टमी पर्व बड़ी धूमधाम से बनाया जिसमें छोटे-छोटे बच्चन जन्मदिन एवं सुदामा श्री कृष्ण मिलन को दर्शाया गया जिसमें ईश्वर यह विद्यालय में तारा दीदी ने भी विचार से वहां आए सभी को बताया कि भारत की संस्कृति हर वर्ष इस त्यौहार को मनाया जाता है। इस मौके पर उपस्थित हेमराज कार्यक्रम के मुख्य अतिथि द्वारा दीप जलाकर इस कार्यक्रम की शुरुआत की। इस मौके पर उपस्थित वंदना बजाज, अरविंद शर्मा राहुल राजपूत के अलावा वहां विमल भंडारी और मन भक्तों ने भी अपने विचार भारत की संस्कृति पर दिए।

### हिमालय के एवरेस्ट बेस कैंप पर देहराद. नके लोगों ने मनाया स्वतंत्रता दिवस

**देहरादून ।** हिमालय के एवरेस्ट बेस कैंप पर भारत और नेपाल के नागरिकों ने संयुक्त रूप से स्वतंत्रता दिवस मनाया। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में भारत और नेपाल के 100 से



ज़्यादा नागरिक एवरेस्ट बेस कैंप में एकत्रित हुए एवं दुनिया की सबसे ऊँची चोटी की छाया में अपना तिरंगा लहराया। एवरेस्ट बेस कैंप में उत्तराखंड के हाई फाइव एडवेंचर संस्था द्वारा ट्रैकिंग के दौरान लोगों को प्रदूषण ना फैलाने का संदेश दिया गया।वही हिमालय के एवरेस्ट बेस कैंप पर भारत और नेपाल के लोगों ने उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले के धराली में आए आपदा में जान गवाने वाले लोगों के प्रति मौन रखा एवं उन्हें श्रद्धांजलि दी।हाई फाइव एडवेंचर संस्था के देहरादून से प्रतिनिधित्व कर रहे डायरेक्टर टेकू थापा ने बताया कि जलवायु परिवर्तन बहुत तेजी से बढ़ रहा है एवं इससे हिमालय के ग्लेशियरों एवं बर्फीले पहाड़ों पर बहुत से परिवर्तन देखा जा रहा है इस कार्यक्रम में देहरादून से टेकू थापा,सूरज थापा,सरिता थापा, तन्नु शर्मा,स्नेहा जैन, प्रसाद नायर, संयुक्ता पैनूरकर, सूरज मोहंतीके साथ अन्य लोग मौजूद रहे।

# आजादी के जश्न में डूबा रहा पछवादून व जौनसार बावर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** पछवादून के सभी क्षेत्रों में आजादी की 79वीं वर्शगांठ 'स्वतंत्राता दिवस' धूमधाम से मनाया गया। आजादी के जश्न में राजनैतिक दल के नेता, सामाजिक संगठन, स्कूली छात्र-छात्राओं के अलावा हर धर्म, वर्ग के लोग डूबे रहे। स्कूली बच्चों ने नृत्य व गीतों के जरिए देश भक्ति का ऐसा संदेश दिया कि शहरवासियों के रोम-रोम में जश्न-ए-आजादी का जोश भर दिया। लोगों ने देश की सुरक्षा, एकता व अखंडता के लिए प्राण न्यौछावर करने वाले वीरों को श्रद्धांजलि दी।





विकासनगर। पालिका टाउनहाल परिसर विकासनगर व नगर पालिका परिषद हरबर्टपुर में 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान के अंतर्गत पालिक. ाध्यक्ष की मौजूदगी में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम पालिका विकासनगर के कर्मचारियों ने शहीद पार्क में शहीदों को पुश्पांजलि अर्पित की गई। तद्परांत पालिका विकासनगर व हरबर्टपुर प्रांगण में नगर के गणमान्य व्यक्तियों की मौजूदगी में ध्वजारोहण किया गया एवं राष्ट्रीयगान गाया गया। शहीद हुए जवानों की शौर्य गाथाओं पर संदेश दिया गया। इस मौके पर पालिका विकासनगर के अधिशासी अधिकारी बद्री प्रसाद भट्ट, पालिका हरबर्टपुर के ईओ बीएल आर्य व सभासद एवं गणव्यक्ति मौजूद रहे।

### तिरंगा केवल वस्त्र नहीं है हमारा अभिमान: कर्नल प्रमित

विकासनगर। सेपियंस विद्यालय हरबर्टपुर तथा विकास नगर में स्वतंत्रता दिवस की 79वीं वर्षगांठ पर आजादी का उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। आज के आयोजन के मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट कर्नल प्रमित कुंतल (सेकेंड इन कमांड 21वीं बटालियन,राजपुताना राइफल्स) का स्वागत एनसीसी कैडेट्स द्वारा बड़ी ही धूमधाम से किया गया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट कर्नल प्रमित कुंतल, विद्यालय अध्यक्षा श्रीमती इंदिरा रानी सपरा, स्कूल सेक्रेटरी रवि कांत सपरा, प्रबंधक रशिता सपरा, विद्यालय निदेशिका रश्मि गोयल, विकासनगर प्रधानाचार्य नवीन तनेजा, हरबर्टपुर प्रधानाचार्या गीता नेगी के कर कमलों द्वारा ध्वजारोहण किया गया उसके बाद राष्ट्रीय गान हुआ। विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा मन भावक नृत्य प्रस्तुत किया जिसने सभी के मन को मोह लिया। साथ ही सेपियंस स्कूल, हरबर्टपुर में 79वां स्वतंत्रता दिवस बड़े उत्साह, देशभक्ति और गरिमा के साथ मनाया गया। इसके साथ ही जीवनगढ़ लाइन स्थित ब्राइट एंजेल स्कूल में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। 29 बटालियन एनसीसी के छात्रों ने राष्ट्रध्वज को स्कूल के निदेशक व स्कूल के प्रधानाध्यापिका ने सलामी दी। इसके साथ ही श्रद्धा प्रिपेटरी बाल संस्कार स्कूल, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज विकासनगर व डाकपत्थर, एसबी कालेज आफ एजुकेशन, आशारम वैदिक इंटर कालेज, आदि जगह जगह स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया।

# धूमधाम से मनाई श्री कृष्ण जन्माष्टमी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व राजधानी देहरादून में धूमधाम से मनाया गया। विभिन्न स्थानों पर रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। इस दौरान मंदिरों में श्रीकृष्ण जन्म के दृश्यों का भावपूर्ण मंचन किया गया।

जीएमएस रोड, इंजीनियर्स एन्क्लेव स्थित मंदिर में भी भव्य कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने हिस्सा लिया। इंजीनियर्स एन्क्लेव धर्मार्थ समिति की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने श्रीकृष्ण की भक्ति रस में सराबोर होकर कार्यक्रम का आनंद लिया। आधी रात को कान्हा के जन्म की सूचना मिलने पर श्रद्धालुओं ने खुशी मनाई और एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम के लिए मंदिर को भव्य और खूबसूरत ढंग से सजाया गया। दोपहर से ही मंदिर में भजन-कीर्तन और पूजा-अर्चना शुरू हो गई। साथ ही, श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिल. सिला भी शुरू हो गया। देर रात श्रीकृष्ण महाराज के जन्म की घड़ी का साक्षी बनने तक बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर में जमे रहे। मंदिर में श्री कृष्ण जन्मोत्सव आधारित झांकियों ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इंजीनियर्स एन्क्लेव मंदिर के मुख्य पुजारी सुनील बेलवाल ने सभी भक्तजनों को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दीं।

# यूजेवीएनएल ने धूमधाम से स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।**यूजेवीएन लिमिटेड के मुख्यालय उज्ज्वल के साथ ही निगम के अन्य विद्युतगृहों एवं कार्यालयों में स्वतंत्रता दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्रबंध निदेशक डॉ. संदीप सिंघल द्वारा उज्ज्वल परिसर में झंडारोहण किया गया। झंडारोहण के पश्चात निगम के कार्मिकों द्वारा विभिन्न राष्ट्रभक्ति पूर्ण गीतों एवं कविताओं का पाठ किया गया।

प्रस्तुति देने वाले कर्मचारियों और अधिकारियों में विवेक आत्रेय, गुंजन सरीन, संदीप राठौड़, रेखा डंगवाल, आदित्य राठी, गोविंद नौटियाल आदि शामिल थे। निगम की क्रीड़ा संबंधी गतिविधियों की



जानकारी रेणु सिंह ने दी। इस अवसर प्रबंध निदेशक डॉ. संदीप सिंघल ने खेल गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित भी किया। अपने संबोधन में डॉ. संदीप सिंघल ने कहा कि निगम स्वच्छ और नवीकरणीय ऊर्जा के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में सतत योगदान दे रहा है। स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर निगम के निदेशक परियोजनाएं सुरेश चंद्र बलूनी, निदेशक परिचालन विनय मिश्रा, अधिशासी निदेशक सुधाकर बडोनी, आशीष जैन, विवेक आत्रेय तथा महाप्रबंधक के.के. जायसवाल, विकास बहुगुणा, आदि के साथ ही बड़ी संख्या में निगम के अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अधिशासी अभियंता मुख्यालय राकेश चौहान द्वारा किया गया।

# रुद्रप्रयाग की महिलाएं बन रही आत्मनिर्भरता की मिसाल

**स्वयं सहायता समूह की महिलाएं पारंपरिक मिष्ठानों से कमा रही सतत आय, स्वतंत्रता दिवस पर किया 57 किलो स्थानीय मिष्ठान तैयार**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** ग्रामोत्थान परियोजना एवं राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत गठित उन्नति स्वायत्त सहकारिता नारी, हरियाली स्वायत्त सहकारिता रतूड़ा और स्वायत्त सहकारिता जवाड़ी की महिलाओं ने जनपद में आत्मनिर्भरता की एक नई



कहानी लिखी है। इन सहकारिताओं से जुड़ी स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पारंपरिक मिष्ठान अरसे एवं रोटने तैयार किए, जिनकी आपूर्ति जनपद के विभिन्न विभागों और विद्यालयों में की गई।

इस पहल के अंतर्गत महिलाओं ने 57 किलोग्राम मिष्ठान स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर तैयार कर 250 से 300 प्रति किलोग्राम की दर से बेचे। कुल मिलाकर महिलाओं ने 30,750 का व्यवसाय किया गया, जिससे उन्हें सतत आय का स्रोत प्राप्त हुआ।

जिलाधिकारी प्रतीक जैन एवं मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र सिंह रावत के मार्गदर्शन में यह पहली बार संभव हो पाया कि ऐसे पर्वों पर बाजार की मिठाइयों के बजाय स्थानीय, स्वच्छ और पारंपरिक मिष्ठानों को प्राथमिकता दी गई। यह पहल न केवल ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक सराहनीय कदम है, बल्कि उत्तराखंड की पारंपरिक सांस्कृतिक विरासत को भी संरक्षित करने का कार्य कर रही है। चंडिका स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष लीला देवी ने बताया कि इस तरह के प्रयासों से महिलाओं को घर बैठे स्वरोजगार के अवसर मिल रहे हैं और वे आत्मनिर्भर बन रही हैं।


**संबंध-विच्छेद**

मेरा पुत्र कवल जीत सिंह व पुत्रवधु किरनजीत कौर मेरे कहने-सुनने में नहीं हैं। मैं पुत्र कवलजीत व पुत्रवधु किरनजीत कौर को चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनके द्वारा किए किसी भी कृत्य व लेन-देन के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे

**यशपाल सिंह पुत्र स्व. सरदार भगवान सिंह एवं परमजीत कौर पत्नी श्री यशपाल सिंह निवासी 89 प्रकाश भवन, बंगाली मंदिर मार्ग, गोविंदनगर, ऋषिकेश, देहरादून।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र आशीष शाह व पुत्रवधु श्रीमती गीता देवी मेरे कहने-सुनने में नही है, जिस कारण मैंने अपने पुत्र आशीष शाह व पुत्रवधु श्रीमती गीता देवी को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है, उनके द्वारा किये गये लेन-देन व व्यवहार का मैं या मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**दिनेश शाह पुत्र श्री फिदरी निवासी-वीआईपी एन्क्लेव, पित्थुवाला खुर्द, देहरादून।**

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम दिवाकर मणि त्रिपाठी पुत्र उपेन्द्र मणि त्रिपाठी(पुराना नाम) से बदलकर दिवाकर त्रिपाठी पुत्र उपेन्द्र मणि त्रिपाठी नया नाम कर लिया है। भविष्य में मुझे दिवाकर त्रिपाठी के नाम से जाना पहचाना जाए।

**दिवाकर त्रिपाठी पुत्र उपेन्द्र मणि त्रिपाठी निवासी : हिल वैली कॉलोनी, श्यामपुर,प्रेमनगर, देहरादून उत्तराखण्ड। 248001**

**सूचना**

मेरे सर्विस रिकॉर्ड में मेरी माता का नाम जमुना देवी जन्मतिथि 12-02-1970 गलत दर्ज हो गई है। जबकि मेरी माता का सही नाम बेबी शाही व जन्मतिथि 04-03-1973 है। भविष्य में यही माना जाए।

**No 5852723A Rank-Hav, दीपक कुमार यूनिट 3/9 GR (Chindits) C/O 99APO**

**सूचना**

मेरे सर्विस रिकॉर्ड में मेरे पिता का नाम प्रदीप कुमार जन्मतिथि 01-01-1968 गलत दर्ज हो गई है। जबकि मेरे पिता का सही नाम प्रदीप कुमार शाही व जन्मतिथि 16-06-1969 है। भविष्य में यही मानी जाए।

**No 5852723A Rank-Hav, दीपक कुमार यूनिट 3/9 GR (Chindits) C/O 99APO**

**यूजेवीएन लिमिटेड**

मुख्यालय "उज्जवल" महारानी बाग, जी०एम०एस० रोड, देहरादून-248006
दूरभाष सं0: 0135-2763508, 2763808 फैक्स- 0135-2763507
सिन0 न0. U40101UR2001SGC025866, वेबसाइट: www.ujvnl.com

पत्र सं. 561 | निविदा आमन्त्रण सूचना | दिनांक: 16.08.2025

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, परियोजना जानपद अनुरक्षण-ढालीपुर, द्वारा इच्छुक निविदादाताओ से मोहरबन्द निविदा आमन्त्रित की जाती हैं। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत हैः-

निविदा संख्या 14/EE/PCM/Dhalipur/ 2025-26, 15/EE/PCM/Dhalipur/2025-26, 16/EE/PCM/Dhalipur/ 2025-26, 17/EE/PCM/Dhalipur/2025-26, 18/EE/PCM/Dhalipur/2025-26, 19/EE/PCM/Dhalipur/2025-26.

कार्य का नाम 1. कुल्हाल विद्युत गृह कालोनी के अनुरक्षण एवं मरम्मत कार्य।
2. कुल्हाल विद्युत गृह कालोनी की सामान्य सफाई, एवं पार्क रखरखाव का कार्य।
3. कुल्हाल विद्युत गृह के अनुरक्षण एवं मरम्मत कार्य।
4. ढालीपुर स्थित आसन बैराज एवं सम्बन्धित संरचनाओं का अनुरक्षण एवं मरम्मत कार्य।
5. आसन बैराज से कुल्हाल विद्युत गृह तक शक्ति नहर के अनुरक्षण एवं मरम्मत कार्य सहित अन्य कार्य।
6. वर्ष 2025-26 के लिये ढालीपुर कार्यालय भवन के वार्षिक अनुरक्षण मरम्मत, सफाई एवं रखरखाव के कार्य।

अनुमानित लागत क्रमशः Rs. 24,83,213.00, Rs. 9,52,557.40, Rs. 9,97,039.12 Rs. 20,35,018.07, Rs. 10,33,124.65 एवं Rs. 17,24,081.37 (GST अतिरिक्त)

वैब साईट पर निविदा की उपलब्धता की तिथि एवं समय: 18.08.2025 को 17:00 बजे से

निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय: 10.09.2025 को 15:00 बजे तक
अन्य जानकारी हेतु कृपया हमारी बेबसाईट देखे। निविदा प्रपत्र निगम की बेबसाइट www.ujvnl.com से डाउनलोड किये जा सकते हैं।

अधिशासी अभियन्ता
परियोजना जानपद अनुरक्षण,ढालीपुर

"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

# स्वतंत्रता दिवस पर मुख्यमंत्री धामी ने की 6 घोषणाएं

## विशिष्ट व सराहनीय सेवा के लिए पुलिस अधिकारियों को किया सम्मानित

**आवास पर भी सीएम ने किया ध्वजारोहण**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 79 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर परेड ग्राउंड देहरादून में शुक्रवार को राज्य के मुख्य कार्यक्रम में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को सम्मानित किया एवं फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री और महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी, कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, राज्यसभा सांसद महेन्द्र भट्ट, नरेश बंसल, विधायक खजानदास, जनप्रतिनिधिगण, मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, डीजीपी दीपम सेठ, सचिवगण, पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी, जिलाधिकारी देहरादून सविन बंसल, एसएसपी अजय सिंह एवं जिला प्रशासन के अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर वीर बलिदानियों और स्वतंत्रता सेनानियों का स्मरण किया और उत्तराखंड राज्य स्थापना के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले सभी आंदोलनक. ारियों को नमन किया। उन्होंने उत्तरकाशी के धराली सहित राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में आई प्राकृतिक आपदाओं में प्रभावित हुए सभी परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा की कठिन परिस्थितियों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में सेना, आईटीबीपी, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और राज्य सरकार के विभिन्न विभागों ने तत्परता, समर्पण और साहस के साथ राहत एवं बचाव का कार्य किया, इसके लिए उन्होंने सभी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आपदा प्रभावित क्षेत्रों में पुनर्वास कार्यों को पूरी संवेदना के साथ और तेज गति से किया जायेगा।



### विशिष्ठ एवं सराहनीय सेवा के लिए सम्मानित

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान अपर पुलिस महानिदेशक अजय प्रकाश अंशुमान को राष्ट्रपति विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया। सेवा के आधार पर मुख्यमंत्री सराहनीय सेवा पदक से श्वेता चौबे, सेनानायक आईआरबी द्वितीय देहरादून, योगेश चन्द्र पुलिस उपाधीक्षक, विपिन चन्द्र पाठक, निरीक्षक नागरिक पुलिस, नरेन्द्र सिंह बिष्ट, निरीक्षक नागरिक पुलिस, राकेश चन्द्र भट्ट, उप निरीक्षक नागरिक पुलिस, अजय प्रकाश सेमवाल, लीडिंग फायरमैन और सुनीत कुमार, मुख्य आरक्षी को सम्मानित किया गया।

### सीएम द्वारा की गई 6 घोषणाएं

1. राज्य के उन विद्यालयों में, जहाँ मिड-डे मील योजना के तहत भोजन बनाने के लिए गैस सिलेंडर और चूल्हा उपलब्ध नहीं हैं, वहाँ राज्य सरकार द्वारा दो गैस सिलेंडर और एक चूल्हा उपलब्ध कराया जाएगा। 2. राज्य के अंतर्गत उन विधानसभा क्षेत्रों में, जहाँ पेयजल आपूर्ति में कठिनाई है, वहाँ प्रत्येक क्षेत्र में 10-10 हैंडपंप स्थापित किए जाएंगे। 3. ग्राम चौकीदार एवं ग्राम प्रहरी के मानदेय में एक हजार रुपए की वृद्धि की जाएगी। 4. सैनिक कल्याण विभाग के अंतर्गत कार्यरत ब्लॉक प्रतिनिधियों के मानदेय में दो हजार रुपए की वृद्धि की जाएगी। 5. राज्य में दूरस्थ व रोजगार मूलक उच्च शिक्षा के समग्र विकास और प्रचार-प्रसार के लिए जनपद स्तर पर राज्य सरकार द्वारा विशेष शैक्षणिक केंद्र स्थापित किए जाएंगे, जिनका संचालन व समन्वय उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा किया जाएगा। 6. 'गंगोत्री ग्लेशियर सहित प्रदेश के अन्य हिमालयी ग्लेशियर एवं उनके समीपवर्ती क्षेत्रों का नियमित अध्ययन कराया जाएगा, साथ ही प्रिडिक्टिव और प्रोएक्टिव आपदा प्रबंधन हेतु आपदा प्रबंधन विभाग को और अधिक मजबूत किया जाएगा।

### विशिष्ट सेवा कार्य के लिए सम्मानित

विशिष्ट कार्य के लिए मुख्यमंत्री सराहनीय सेवा पदक से शेखर चन्द्र सुयाल, अपर पुलिस अधीक्षक, राजेन्द्र सिंह खोलिया, निरीक्षक नागरिक पुलिस, कैलाश चंद्र भट्ट, निरीक्षक नागरिक पुलिस, मनोहर सिंह रावत, उप निरीक्षक नागरिक पुलिस, ओमकांत भूषण,उप निरीक्षक नागरिक पुलिस, दीपक कुमार, अपर उप निरीक्षक नागरिक पुलिस, गोपाल राम मुख्य आरक्षी, अमरजीत, आरक्षी और राहुल, आरक्षी को सम्मानित किया गया गया। विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों प्रिया राणा, मनीषा चौहान, राहुल सरनालिया, अमीषा चौहान विशम कश्यप, अमित बेलवाल और महक चौहान को भी मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया गया।

# जिपं सदस्यों ने खोली कांग्रेस के दुष्प्रचार की कलई: महेंद्र भट्ट

## राज्य में जीरो टॉलरेंस की नीति, गैरसैण सत्र पर कन्फ्रयूज्ड न हो कांग्रेस



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा ने नैनीताल पंचायत सदस्यों के द्वारा विपक्ष के दुष्प्रचार का खुलासा करने के कदम का स्वागत करते हुए कहा कि अब कांग्रेस को जमीनी असलियत पता लग गयी होगी। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनावों से पहले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश रावत की न्याय यात्रा पर भी जनता की प्रतिक्रिया भी सामने आयी है यह यात्रा भी कटघरे में खड़ी हो गयी है।

प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने जिपं सदस्यों के सार्वजनिक कथन का स्वागत करते हुए कहा कि अब स्पष्ट हो गया है कि किसने उन्हें 15 दिन कब्जे में रखा था और कांग्रेसी झूठ का पर्दाफाश भी हो गया। जिप अध्यक्ष नैनीताल की घटना का परिदृश्य अब पूरी तरह खुल चुका है। उन्होंने कांग्रेस पर अपरोक्ष रूप से कटाक्ष कर कहा कि 15 दिन तक 5 लोगों को कैद में रखा जा सकता है, लेकिन उनके प्रमाण पत्र नही छिपाये जा सकते हैं। आज उन पांचों लोगों ने जिस प्रकार से अपना बयान दिया कि वे लोग स्वतंत्र हैं और उन पर किसी प्रकार का बंधन नहीं है, उससे कांग्रेस का मिथ्या और झूठा प्रचार जगजाहिर हो गया है। दअरसल कांग्रेस जब हारती है तो हार के ऐसे ही बहाने ढूंढती है।

### हरदा की न्याय यात्रा पर भी कसा तंज

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भट्ट ने कांग्रेस नेता हरीश रावत की न्याय यात्रा पर तंज कसा कि वह जनता के बीच गए और जनता ने कितना आशीर्वाद दिया यह नतीजों से सामने आ गया है। कांग्रेस का ग्राम सभा से लेकर क्षेत्र पंचायत और जिप मे देहरादून को छोड़कर पूरी तरह से सुफड़ा साफ हो गया। हरदा के दुष्प्रचार का जनता पर कोई फर्क नही पड़ा। उन्होंने गैरसैण सत्र को लेकर फैलाए जा रहे असमंजस पर कटाक्ष किया कि देहरादून में तो वह गैरसैण का राग अलापते हैं और गैरसैण मे सत्र आयोजन करने पर सवाल उठा रहे हैं।

# वाजपेयी न सदैव की उत्तराखंड के विकास की चिंता: भट्ट

## भाजपा ने भारत रत्न, स्व.वाजपेयी को पुण्य तिथि पर दी श्रद्धांजलि

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा परिवार ने भारत रत्न, पूर्व पीएम स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई को उनकी पुण्य तिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने उनके कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पृथक राज्य निर्माण से लेकर उसके सर्वांगीण विकास में अटल के अमूल्य योगदान के लिए देवभूमि की जनता सदैव ऋणी रहेगी। पार्टी मुख्यालय में उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को याद किया।

प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान ने जानकारी दी कि राष्ट्रवादी विचारों के प्रेरणाश्रोत और भाजपा के पुरोधा स्वर्गीय वाजपेई को पार्टी द्वारा राज्य भर ने श्रद्धांजलि कार्यक्रमों और विचार गोष्टी के माध्यम से याद किया। इसी क्रम में बालवीर रोड स्थित पार्टी मुख्यालय में अटल पुण्यतिथि पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, पूर्व सीएम डॉ रमेश पोखरियाल निशंक, पूर्व सीएम एवं हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत, राज्यसभा सांसद एवं राष्ट्रीय सह कोषाध्यक्ष नरेश बंसल, प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार की मौजूदगी में विधायकों, पार्टी पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने प्रतिभाग किया।



# हर्षिल झील के मुहाने से पानी का प्रवाह सुचारू, खतरे की आशंका नहीं

## हर्षिल में बनी झील ने बढ़ाई थी टेंशन, टेक्निकल टीम पानी निकालने में लगी

**चिरंजीव सेमवाल**

**उत्तरकाशी।** उत्तराखंड सरकार और उत्तरकाशी जिला प्रशासन की हर्षिल में बनी अस्थाई झील ने टेंशन बढ़ा रखी थी आखिरकार शनिवार को सफलतापूर्वक पंचर कर दिया गया। बता दें कि हर्षिल में बनी अस्थाई झील को बीते दिनों से टेक्निकल टीम पानी निकालने में लगी जुटी रही जिससे अस्थाई झील से पानी निकला शुरू हो गया अब काफी हद तक झील से बड़ा खतरा टल गया है। जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने बताया कि झील के मुहाने से पानी का प्रवाह सुचारू रूप से जारी है, जिससे तत्काल किसी बड़े खतरे की आशंका नहीं है।



उन्होंने बताया कि टेक्निकल टीम में शामिल उत्तराखंड जल विद्युत निगम और सिंचाई विभाग की टीमें भी लगातार झील को पंचर करने का प्रयास कर रही है। ताकि झील से धीरे-धीरे पानी निकले

आज टीम को काफी बढ़ी सफलता मिली है। गौरतलब है कि हर्षिल हेलीपैड के पास भागीरथी नदी पर बनी अस्थाई झील है। करीब चार किमी लंबी अस्थाई झील में न सिर्फ गंगोत्री हाईवे डूबा हुआ है, बल्कि पूरे इलाके में खतरा भी बना हुआ है। यही कारण कि स्वयं उत्तरकाशी जिला जिलाधिकारी प्रशांत आर्या ने इस झील की निगरानी करते रहे है।

बता दें कि बीती पांच अगस्त को खीरगंगा नदी में पानी का सैलाब आया था।इस सैलाब में धराली बाजार पूरी तरह से बर्बाद हो गया था।धराली के अलावा हर्षिल में इस दौरान काफी नुकसान हुआ था। हर्षिल में हेलीपैड के पास ही तेलगाड़ के उफान पर आने के कारण उसमें आए मलबे और पेड़ों ने भागीरथी नदी का प्रवाह रोक दिया था जिससे हर्षिल- में अस्थायी झील के कारण हर्षिल में सेना शिविर के पास धराली तक लगभग 600 मीटर सड़क जलमग्न हो गई थी। झील का जलस्तर कभी बढ़ और घट रहा था। झील बनने से भागीरथी नदी के किनारे बसे लोगों पर भी खतरा मंडरा रहा था। झील खोलने में लगे टीमों ने नदी के समानांतर एक नहर तैयार कर झील के पानी को चौनलाइज किया। विपरीत परिस्थितियों के बावजूद विभिन्न विभागों के 30 से अधिक कर्मचारियों ने शनिवार को युद्ध स्तर पर काम करते हुए झील से पानी की निकासी सुनिश्चित की। बहरहाल हर्षिल में बनी अस्थाई झील का जलस्तर कुछ कम हुआ है। भागीरथी नदी का जल प्रवाह सुचारू रूप से जारी है, जिससे तत्काल किसी बड़े खतरे की आशंका टल गई है।



### पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी को मुख्यमंत्री ने दी श्रद्धांजलि

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पूर्व प्रधानमंत्री "भारत रत्न" अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अटल जी का जीवन देशभक्ति, समर्पण और सेवा का अनुपम उदाहरण है, जो हमें सदैव राष्ट्र निर्माण के पथ पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता रहेगा।

### धामी ने स्पीकर ऋतु खंडूरी से की भेंट

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण से उनके यमुना कॉलोनी स्थित आवास पर शिष्टाचार भेंट की और विधानसभा सत्र की तैयारियों को लेकर चर्चा की। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल भी मौजूद थे।

# सितंबर में फिर से निकलेगी हरदा की न्याय यात्रा

## पंचायत चुनाव धांधली पर गरजे पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने पंचायत चुनावों को लेकर भाजपा पर तीखा प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा संवैधानिक संस्थाओं पर कब्जा कर लोकतंत्र की गतिमान व्यवस्था को पंगु बना रही है। हरदा ने आरोप लगाया कि सरकार ने धन-बल और बाहुबल के सहारे चुनाव जीतने की कोशिश की। उन्होंने ऐलान किया कि पंचायत चुनावों की धांधली को जनता की अदालत में ले जाने के लिए वह सितंबर से न्याय यात्रा निकालेंगे।



शनिवार को राजीव भवन में आयोजित प्रेसवार्ता में हरीश रावत ने कहा कि भाजपा ने जिला पंचायत अध्यक्षों के आरक्षण को सुनियोजित तरीके से बिगाड़ा। चुनाव की अधिसूचना तो जारी कर दी गई, लेकिन उस वक्त जिला पंचायतों का आरक्षण घोषित नहीं किया गया। बाद में चार जिलों में नियमों के विपरीत आरक्षण तय किया गया और भाजपा ने इसका लाभ उठाने की कोशिश की। इस मौके पर सूर्यकांत धस्माना, गरिमा महरा दसौनी, डॉ. प्रतिमा सिंह व मोहन काला आदि मौजूद रहे।

### पंचायती राज एक्ट की अनदेखी

**देहरादून।** पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि पंचायती राज एक्ट 2016 में साफ लिखा है कि एक से अधिक स्थानो पर मतदाता सूची में नाम होने पर वह नामांकन खारिज हो जाएगा, लेकिन इस बार नियमों की धज्जियां उड़ाई गईं। उन्होंने कहा कि राज्य गठन के 25 साल पूरे होने जा रहे हैं, मगर इस बार पंचायती राज प्रणाली को अपमा. नित किया गया।

### पुलिस-प्रशासन पर लगाए गंभीर आरोप

**देहरादून।** हरीश रावत ने पुलिस और प्रशासन को भी कठघरे में खड़ा किया। उन्होंने कहा कि सत्ता पक्ष के लिए वोट जुटाने और वोट लुटवाने का काम पुलिस-प्रशासन ने किया। यहां तक कि कई क्षेत्रों में चुने हुए जनप्रतिनिधियों का अपहरण कर जबरन परिणाम भाजपा के पक्ष में कराए गए। नैनीताल की घटना का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि पूरे देश ने देखा कि किस तरह हथियारबंद लोग मतदाताओं को उठा ले जा रहे थे। हरीश रावत ने कहा कि पंचायत चुनावों में हुई गड़बड़ियों के खिलाफ कांग्रेस निर्णायक जंग छेड़ेगी। उन्होंने बताया कि देहरादून और नैनीताल में कांग्रेस बड़े प्रदर्शन करेगी। वहीं, वे स्वयं सितंबर में न्याय यात्रा पर निकल. कर पूरे राज्य में जनता के बीच जाएंगे।



### भाजपा ने अपने हाथों से लिख दी 2027 में बदलाव की इबारत: महर्षि

**देहरादून।** उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्य मीडिया समन्वयक और मीडिया प्रभारी राजीव महर्षि ने कहा कि प्रदेश में सत्तारूढ़ भाजपा सरकार ने 2027 के आगामी विधानसभा चुनाव में बदलाव की इबारत खुद अपने हाथों से लिख दी है। उन्होंने कहा कि हालिया जिला पंचायत अध्यक्षों और ब्लॉक प्रमुखों के चुनाव ने एक लकीर खींच दी है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में भाजपा का भरोसा नहीं है और वह सिर्फ सत्ता बल से पद हथियाने में सफल रही है। महर्षि ने कहा कि नैनीताल में लो. कतंत्र का जिस तरह अपहरण हुआ, नेता प्रतिपक्ष और दूसरे विधायकों के साथ जिस तरह अमानवीयता का बर्ताव किया गया, उसे प्रदेश के लोग कभी नहीं भूलेंगे। है।

# शिक्षा विभाग में सी व डी श्रेणी के विद्यालयों का होगा कायाकल्प

## जर्जर विद्यालयों के निर्माण व मरम्मत को कार्यदायी संस्था नामित

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** माध्यमिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत जर्जर हो चुके विद्यालयों का कायाकल्प किया जायेगा। इसके लिये विभागीय स्तर पर जनपदवार क्षतिग्रस्त विद्यालयों को ए,बी,सी व डी श्रेणी में चिन्हित किया गया है। 'सी' श्रेणी में चिन्हित चार जनपदों के 10 विद्यालयों में निर्माण एवं मरम्मत आदि कार्यों के लिये कार्यदायी संस्था नामित कर कुल 14 करोड़ 39 लाख की धनराशि के आगणन को विभागीय मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने मंजूरी दे दी है। इसके अलावा 'डी' श्रेणी में चिन्हित 6 विद्यालयों के लिये भी कार्यदायी संस्था का चयन कर दिया गया है।

विद्यालयी शिक्षा विभाग में मरम्मत योग्य विद्यालयों का सरकार द्वारा जीर्णोद्धार किया जा रहा है। इसके लिये क्षतिग्रस्त विद्यालयों को चार श्रेणियों में बंटा गया है। इसके लिये खण्ड शिक्षा अधिकारियों को अपने-अपने विकासखण्ड के अंतर्गत ऐसे विद्यालयों का चिन्हिकरण कर प्रस्ताव शिक्षा महानिदेशायल को उपलब्ध कराने के निर्देश पूर्व में जारी किये गये थे। इसी क्रम में टिहरी, पौड़ी, देहरादून व ऊधमसिंह नगर जनपद के अंतर्गत 'सी' श्रेणी में चिन्हित 10 क्षतिग्रस्त विद्यालयों में भवन निर्माण एवं अन्य अवस्थापना कार्य हेतु कार्यदायी संस्था नामित कर दी गई है। साथ ही शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने इन विद्यालयों में निर्माण कार्यों के लिए 14 करोड़ 39 लाख की धनराशि के आगणन को अनुमोदित कर दिया है। जिसमें जनपद टिहरी के अंतर्गत राजकीय इंटर कॉलेज नकुर्ची, जौनपुर हेतु 2 करोड़ 77 लाख, राजकीय इंटर कॉलेज न्यूली अकरी 1 करोड़ 59 लाख, राजकीय इंटर कॉलेज लम्बगांव 2 करोड़ 53 लाख तथा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पिन्सवाड़ हेतु 2 करोड़ 35 लाख की धनराशि का आगणन किया गया है। इसी प्रकार देहरादून के राजकीय इंटर कॉलेज जस्सोवाला में निर्माण व मरम्मत कार्य हेतु 3 करोड़, ऊधमसिंह नगर के राजकीय इंटर कॉलेज बरहैनी हेतु 96 लाख, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पूरनपुर 59 लाख, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जगदीशपुर, गदरपुर 15 लाख तथा पौड़ी जनपद के राजकीय इंटर कॉलेज सिलोगी, द्वारीखाल में विभिन्न निर्माण कार्यों हेतु 43 लाख की धनराशि का आगणन किया गया है।



**सी श्रेणी में चिन्हित 10 स्कूलों के 14.39 करोड़ के आगणन को शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने दी मंजूरी**

# मोदी ने सुदर्शन चक्र से राष्ट्र सुरक्षा को अभेद्य बनाने का लिया संकल्प: महाराज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** प्रदेश के पर्यटन, लोक निर्माण, सिंचाई, पंचायतीराज, ग्रामीण निर्माण, जलागम, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लाल किले की प्राचीर से राष्ट्र के नाम संबोधन में देश ने पिछले 11 वर्षों में जो उपलब्धि हासिल की और जो आगे कार्य होने हैं उसका पूरा रोडमैप बताया है।

महाराज ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में हमारे ब्रह्मोस ने पाकिस्तान में तहलका मचाने के अलावा दुनिया के देशों को हमारी सैन्य ताकत के साथ-साथ हमारी स्वदेशी तकनीक का भी एहसास करवाया है। उन्होंने कहा कि चाहे श्ऑपरेशन सिंदूरश से आतंकियों का नाश हो, मिशन सुदर्शन चक्र से देश के इंफ्रास्ट्रक्चर की सुरक्षा की योजना या फिर हाई-पॉवर्ड डेमोग्राफी मिशन से घुसपैठिया-मुक्त भारत बनाने का संकल्प, मोदी सरकार हर प्रकार से देश को मजबूत और सुरक्षित बनाने के लिए संकल्पित हैं और एक बार पुन: उन्होंने लाल किले की प्राचीर से देश को विश्वास दिलाया है कि वह हमेशा उनके साथ खड़े हैं। मोदी ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर और कृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर मिशन सुदर्शन चक्र लॉन्च करने की ऐतिहासिक घोषणा की। इस मिशन के तहत, 2035 तक देश के महत्त्वपूर्ण स्थलों को अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी और शक्तिशाली वेपन सिस्टम से लैस किया जाएगा।



# छात्रों को सैनिकों के अनुशासन, निष्ठा व कर्तव्यपालन से लेनी चाहिए प्रेरणा : डॉ. कंचन

## उत्तराखंड हेरिटेज स्कूल ऑफ मीडिया एंड एडवांस्ड स्टडीज में कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उत्तराखंड हेरिटेज स्कूल ऑफ मीडिया एंड एडवांस्ड स्टडीज (UHSMAAS) ने गढ़वाल राइफल्स और असम राइफल्स के पूर्व सैनिकों को सम्मानित कर राष्ट्रप्रेम की मिसाल पेश की। मुख्य अतिथि सैनिक कल्याण मंत्री एवं पूर्व सैनिक गणेश जोशी तथा विशिष्ट अतिथि पद्मश्री बसंती बिष्ट कार्यक्रम मे मौजूद रहें। समारोह की शुरुआत ध्वजारोहण से हुई। संस्थापक एवं निदेशक डॉ. कंचन नेगी और सह-संस्थापक एवं बर्सर डॉ. केएस नेगी ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ, पौधा व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों व सांस्कृतिक प्रस्तुतिया दी।




डॉ. कंचन नेगी ने कहा विद्यार्थियों को सैनिकों के अनुशासन, निष्ठा और कर्तव्यपालन से प्रेरणा लेनी चाहिए। मातृभूमि के लिए अडिग रहना ही सच्ची देशभक्ति है। मुख्य अतिथि गणेश जोशी ने कहा यह सैनिकों का दिन है। धामी सरकार पूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने डॉ. कंचन नेगी की राष्ट्रभक्ति और नवीन सोच की सराहना की। विशिष्ट अतिथि बसंती बिष्ट ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में कृतज्ञता और देशप्रेम की भावना को जीवित रखते हैं। सम्मानित पूर्व सैनिकों में नायक दीपक उनियाल, हवलदार विनोद सेमवाल, सूबेदार सुदर्शन, कैप्टन किशन कुमार, कैप्टन गजेन्द्र सिंह, सूबेदार मेजर भगवान सिंह, होनरेरी कैप्टन मदन मोहन मिश्रा, सूबेदार सुनील बौखंडी सहित अनेक वीर शामिल रहे। धन्यवाद ज्ञापन प्रबंधक बीरेंद्र नेगी ने किया। कार्यक्रम में संस्थान के सेंटर हेड सुशीला नेगी सहित स्टाफ और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस दौरान कार्यक्रम में संस्थान की सेंटर हेड सुशीला नेगी, अनिल सुन्द्रियाल , राकेश बंगवाल, विभूती, उर्वशी, अंकिता, एस.एस नेगी, इन्दर सिंह नेगी, विक्रम नेगी, राजेश बिष्ट, अरुणा बिष्ट, लक्ष्मी प्रसाद बडोनी, निलेश थपलियाल, वैष्णवी, संजीव नेगी, नूतन नेगी, धनबीर बिष्ट, हर्षिता नेगी ,नीरू सिंह आदि मौजूद रहें।

# शहर व देहात में शान से मनाया गया आजादी का जश्न

## सरकारी कार्यालयों, शिक्षण संस्थानों व निजी प्रतिष्ठानों पर भी तिरंगा फहराकर शहीदों को किया गया याद



बीएसएम पीजी कॉलेज में स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण करते संस्थान के प्रबंधक ममतेश शर्मा व डायरेक्टर रजनीश शर्मा आदि



बीएसएम इंटर कॉलेज में ध्वजारोहण करते संस्थान के प्रबंधक ममतेश शर्मा व डायरेक्टर रजनीश शर्मा आदि



बीएसएम इंजीनियरिंग कॉलेज में स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित संस्थान के प्रबंधक ममतेश शर्मा व डायरेक्टर रजनीश शर्मा आदि अतिथिगण



79वे स्वतंत्रता दिवस पर बीएसएम कॉलेज में आजादी के जश्न के बाद प्रतिभावन एनसीसी कैडेटस को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित करत प्रबंधक ममतेश शर्मा



ग्रीनवे स्कूल मे स्वतंत्रता दिवस पर कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं।



राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नन्हेड़ा में ध्वजारोहण करते प्रधानाचार्य ताजीम अली आदि।



चमन लाल विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण करते अध्यक्ष रामकुमार शर्मा सचिव अरुण हरित आदि।

## 79वें स्वतंत्रता दिवस पर बीएसएम शिक्षण संस्थानों में भी किया गया ध्वजारोहण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** 79वें स्वतंत्रता दिवस पर शहर व देहात में शान से आजादी का जश्न मनाया गया। सरकारी दफ्तरों, शिक्षण संस्थानों, प्रतिष्ठानों के अलावा इस बार हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा भी देखने को मिला।

**❖बीएसएम शिक्षण संस्थानों में ग्रुप के प्रबंधक ममतेश शर्मा एड. व डायरेक्टर रजनीश शर्मा ने शान से फहराया तिरंगा**

बीएसएम इंटर कॉलेज रुड़की में 79वा स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कॉलेज के प्रबंधक ममतेश शर्मा एडवोकेट ने ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डायरेक्टर रजनीश शर्मा एडवोकेट रहे। ममतेश शर्मा ने कहा कि यह जो आजादी मिली है इस आजादी को बनाए रखने के लिए हम सभी को जात पात और धर्म से ऊपर उठकर अपने देश की प्रगति में अपनी अपनी हिस्सेदारी देनी है। उन्होंने क्रांति वीरों को याद करते हुए कहा कि आज हम आजाद भारत में खुली हवा में सांस ले रहे हैं यह सब क्रांति वीरों के बलिदान का परिणाम है। इस अवसर प प्रधानाचार्य कैप्टन अजय कौशिक ने सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व प्रधानाचार्य डॉक्टर आई डी कंसल, वासुदेव पंत, डॉक्टर फैसल एडवोकेट, विनय गौतम संजीव कुमार शर्मा एडवोकेट, भानु गौतम, देवेश गौतम मंच पर आसीन सभी अतिथियों का मलयार्पणकर स्वागत किया गया इस अवसर पर अमित कपिल डॉक्टर अभय डीएन पांडे प्रमोद कुमार शर्मा कुलबीर सिंह पुंडीर विनय वर्मा संजय कुमार आदि समस्त स्टाफ रहा।

**बीएसएम पीजी कॉलेज के** प्रांगण में भी प्रबंधक ममतेश शर्मा एडवोकेट व समिति के सचिव डॉ. उमा दत्त शर्मा, प्राचार्य कैप्टन गौतमवीर सिंह निदेशक रजनीश कुमार शर्मा ने धवजारोहण किया। इस दौरान प्रतिभावान एनसीसी कैडेटस को भी प्रबंधक व डायरेक्टर ने प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने छात्र-छात्राओं को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाए देते हुए कहा कि आज के दिन हमे उन देश अमर शहीदों को याद करना चाहिए जिनकी कुर्बानी की वजह से हमारा देश आजाद हुआ। आज हम जो देश की आजादी का जश्न मना रहे हैं इसमें देश के हर समाज के लोगां ने कुर्बानी और अंग्रेजों से अपने भारत को मुक्त कराया। आज हमारा देश आजादी के 79वें स्वतंत्र दिवस को अमृत महोत्सव के रूप मना रहा है।

**वहीं बीएसएम इंजीनियरिंग एवं पौलोटैकनिक कॉलेज** के प्रांगण में मुख्य अतिथि कॉलेज के प्रबंधक ममतेश शर्मा एडवोकेट ने ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डायरेक्टर रजनीश शर्मा एडवोकेट ने ध्वजारोहण कर छात्र छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि ईमानदारी-जिम्मेदारी से अपनी डयूटी निभाकर देश को आगे बढ़ाने में योगदान देने की भावना पैदा करें।

79**वां स्वतंत्रता दिवस ग्रीनवे मॉर्डन सीनियर सैकेडरी स्कूल रुड़की में धूमधाम से मनाया गया**

**रूडकी।** ग्रीनवे मॉर्डन पब्लिक स्कूल में 79वें स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। मैनेजिंग डायरेक्टर अशोक चौहान व प्रधानाचार्या माला चोहान ने धवजारोहण कर छात्रों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए इस आजादी के पर्व की बाबत विस्तार से बताया। इस शुभ अवसर पर विद्यालय के प्रांगण में सांस्कृतिक एवं रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान प्रबंधक व प्रधानाचार्य ने छात्रों को आजादी की बाबत बताते हुए कहा कि हमें यह आजादी दिलानें में बडी तादाद में शहीदों ने अपना बलिदान दिया है। हमें भी उनके बलिदान को याद रखते हुए सच्चा देशभक्त बनना है। इस शुभ अवसर पर विद्यालय के प्रांगण में समस्त शिक्षक वर्ग मौजूद रहा।

### चमन लाल विद्यालय में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**लंढौरा।** चमन लाल महाविद्यालय में 79वा स्वतंत्रता दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट द्वारा परेड का आयोजन किया गया तत्पश्चात महाविद्यालय में शौर्य दीवार पर वीर अमर शहीदों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। चमनलाल महाविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस पर विधालय प्रबंधन समिति के संस्थापक पंडित ईश्वर चंद्र शर्मा एवं अध्यक्ष रामकुमार शर्मा सचिव अरुण हरित द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और देश भक्ति गीतों और गढ़वाली नृत्य से सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सुशील उपाध्याय ने छात्र-छात्राओं को भविष्य में आगामी चुनौतियों से निपटने की जानकारी देते हुए बताया कि भविष्य में कृत्रिम बुद्धिमत्ता सॉफ्टवेयर अपने पैर पसार रहा है। कार्यक्रम में महाविद्यालय कोषाध्यक्ष अतुल हरित ने कहा कि आजादी की वीर वीरांगनाओं एवं वीर अमर शहीद खुदीराम बोस एवं अनेक ऐसे क्रांतिकारी योद्धा हुए है। जिनका नाम इतिहास में दर्ज भी नहीं हो पाया है। इस मौके पर डॉ. किरण शर्मा, आशुतोष शर्मा, डॉ. दीपा अग्रवाल, डॉ. नवीन त्यागी, डॉ. रिचा चौहान डॉ. विधि त्यागी डॉ. अपर्णा शर्मा डॉ. श्वेता डॉ. मीरा चौरसिया डॉ अनीता शर्मा, तरुण गुप्ता, इस मौके पर डॉ. किरण शर्मा, डॉ. आशुतोष शर्मा, डॉ. दीपा अग्रवाल, डॉ. नवीन त्यागी, डॉ. रिचा चौहान डॉ. विधि त्यागी डॉ. अपर्णा शर्मा डॉ. श्वेता डॉ. मीरा चौरसिया, डॉ. मोहम्द इरफान, डॉ. निशु भाटी, तरुण गुप्ता, विमलकांत तिवारी, सुर्यकांत, नवीन कुमार , नावेद एवं समस्त शिक्षक गण मौजूद रहे।

**हज कमेटी उत्तराखण्ड हज हाउस कलियर में बड़े धूमधाम से स्वतंत्रता दिवस मनाया गया।** राज्य हज हज समिति के अधिशासी अधिकारी मौ. आरिफ द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर हज अधिशासी अधिकारी मौ. आरिफ ने स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज पूरा देश शान के साथ आजादी का जश्न मना रहा हैं देश को आजाद कराने में जिन शहीदों ने अपना बलिदान दिया हमें उन्हें हमेशा याद रखना चाहिए। देश को आजाद कराने में हर वर्ग के जाबांजों ने अपनी जान की बाजी लगायी तभी आज हर आजादी की सांस ले रहे हैं। इस अवसर पर हज अधिकारी हाजी मौ. अहसान, मीर मुईद अली, मो. कामिल, अब्दुल कादिर, रफत हुसैन, इजहार उल हक, अरशद रजा, गुलशन, गुरमीत, अंकित नफीस आदि मौजूद रहे।

**ज्ञानदीप पब्लिक हाई स्कूल में शान से फहराया गया तिरंगा रूडकी।** ज्ञान दीप पब्लिक हाई स्कूल (अंग्रेजी माध्यम) में स्वतंत्रता दिवस बड़े धूमधाम एवं उत्साह से मनाया गया इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक समिति के सदस्य श्री प्रेम वल्लभ देवरानी, श्री आनंद प्रकाश बड़थ्वाल, श्री जय प्रकाश जोशी, श्री विनोद सुयाल, श्री भास्कर दत्त भट्ट, प्रबंधक वासुदेव पंत जी एवं प्रधानाचार्या श्रीमती रेखा पंत उपस्थित रहे। प्रधानाचार्या तथा सभी अतिथियों के द्वारा ध्वजारोहण किया गया तत्पश्चात छात्रों ने विभिन्न देशभक्ति कार्यक्रमों के माध्यम से समाज को एकता और देशभक्ति का संदेश दिया।इस अवसर पर प्रधानाचार्य श्रीमती रेखा पंत ने कहा कि समाज में नागरिकों को अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों को भी महत्व देना आवश्यक है तभी समाज आगे बढ़ पाएगा।कार्यक्रम में सभी छात्र तथा शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। **राउमावि नन्हेड़ा में जश्ने आजादी धूमधाम से मनायारूडकी।** राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नन्हेड़ा में 79वें स्वतंत्रता दिवस पर जश्न-ए-आजादी को रंगारंग और धूमधाम तरीके से मनाया। झण्डारोहण वक्त के मुताबिक प्रधानाचार्य ताजीम अली ने फूलों की वर्षा के बीच झंडा फहराया। इस अवसर पर अतिथियों ने ने सभी लोगों को आजादी की मुबारकबाद दी। उन्होंने बच्चों को संस्कार और शिक्षा दोनों की अहमियत पर जोर देते हुए उसे हासिल करने को कहा। प्रधानाचार्य ताजीम अली ने कहा कि अमेरिका के स्वतंत्रता संग्राम से लेकर दक्षिण अफ्रीका के स्वतंत्रता संग्राम तक किसी भी देश को बिना लड़े आजादी नहीं मिली। उन्होने कहा कि हमें देश को आजाद कराने वाले अमर शहीदों का कभी नहीं भूलना चाहिए जिनकी वजह से हमें आजादी मिली है। इस अवसर पर विद्यालय का स्टाफ व अभिभावकगण और छात्र-छात्राएं मौजूद रही। **भाजपा नेता सुबोध राकेश ने रा.प्रा.वि. भगवानपुर दो में फहराया तिरंगा**

**भगवानपुर।** भगवानपुर राजकीय प्राथमिक विद्यालय नंबर 2 में 79वा स्वतंत्रता दिवस पर पूर्व राज्य मंत्री सुबोध राकेश ने किया ध्वजारोहण। सभी अमर शहीदों को याद कर श्रद्धांजलि दी। और समस्त प्रधानाध्यपी श्रीमती रंजना, रेखा देवी, रचना रानी, इशांत और सभी शिक्षकों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। पूर्व राज्य मंत्री सुबोध राकेश ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को याद करते हुए नमन किया एवं उन सभी वीर जवानों को श्रद्धांजलि दी जिन्होंने भारत माता की रक्षा के लिए अपनी शहादत दी। उन्होंने कहा कि परमाणु ऊर्जा में समृद्ध देशों में एक भारत है स इस शुभ अवसर पर समस्त स्टाफ और सम्मानित लोग उपस्थित रहे।



ग्रीनवे मॉडन सीनियर सेकेण्डी स्कूल में 79वें स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण करते चेयरमैन अशोक चौहान व प्रधानाचार्य माला चौहान



भगवानपुर प्राथमिक विद्यालय में ध्वजारोहण करते वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व दर्जा राज्यमंत्री सुबोध राकेश व प्रधानाचार्य व अन्य लोग।



ज्ञानदीप पब्लिक हाईस्कूल शिवपुरम पनियाला रोड रुड़की में स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण करते प्रबंधक वासुदेव पंत व प्रधानाचार्य श्रीमती रेखा पंत व अन्य अतिथिगण।

### गंगनहर पुलिस ने 36 घंटे में खोला दीपक रावत की सनसनीखेज हत्या का राज

# प्रेमिका ने ही दूसरे प्रेमी के साथ मिलकर गला घोटकर नहर में फेंका

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रुड़की।** शहर में गुमशुदगी से शुरू हुआ एक मामला खौफनाक हत्या तक पहुंच गया। पुलिस ने खुलासा किया है कि एक किशोरी ने अपने साथी संग मिलकर प्रेमी की गला दबाकर हत्या कर दी और शव को गंगनहर में फेंक दिया। पूरे घटनाक्रम ने इलाके में सनसनी फैला दी है। एसएसपी प्रमेन्द्र डोबाल ने बताया कि गंगनहर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक आर. के. सकलानी की अगुवाई में पुलिस टीम ने महज 36 घंटे में गुत्थी सुलझा डाली। पुलिस ने किशोरी और उसके साथी मोहसिन को गिरफ्तार किया है, जबकि मुख्य आरोपी राजा शर्मा उर्फ सुखबीर और उसका एक अन्य साथी अभी फरार चल रहे हैं। **त्रिकोणीय प्रेम प्रसंग से रंजिश.....**एसपी देहात शेखर सुयाल ने जानकारी दी कि मृतक दीपक रावत पुत्र प्रेम प्रसाद निवासी मकतूलपुरी (रुड़की) का एक किशोरी से प्रेम संबंध था। इस बीच किशोरी के संपर्क में राजा शर्मा भी आ गया। दोनों युवकों के बीच पैदा हुए तनाव ने हत्या की नींव रखी। आरोप है कि दबाव डाल रहे दीपक को रास्ते से हटाने के लिए किशोरी ने ही साजिश



रची। **फोन कॉल बनी मौत की वजह....**सीओ रुड़की नरेंद्र पंत ने बताया कि 10 अगस्त को किशोरी ने फोन कर दीपक को मोदीनगर (गाजियाबाद) बुलाया। वहां पहले से मौजूद राजा शर्मा और अन्य साथियों संग मिलकर दीपक का गला दबाकर हत्या कर दी गई। इसके बाद शव को वाहन में डालकर हरिद्वार लाया गया और गंगनहर में फेंक दिया गया। **गुमशुदगी रिपोर्ट से मिला सुराग. ....**प्रभारी निरीक्षक आर. के. सकलानी ने बताया कि दीपक के परिजनों ने गुमशुदगी दर्ज कराई थी। तकनीकी सर्विलांस और खुफिया जानकारी के आधार पर जब जांच आगे बढ़ी तो मामला हत्या का निकला। हिरासत में ली गई किशोरी और मोहसिन ने कड़ी पूछताछ में पूरी साजिश कबूल कर ली। **गिरफ्तारी और तलाश.....**पुलिस ने किशोरी और मोहसिन को जेल भेज दिया है, जबकि फरार आरोपी राजा शर्मा और उसका एक अन्य साथी की तलाश जारी है। **पर्दाफाश करने वाली टीम....**सीओ रुड़की ख्र नरेंद्र पंत प्रभारी निरीक्षक गंगनहर ख्र आर. के. सकलानी एसएसआई अजय शाह उपनिरीक्षक ख्र मनोज कुमार, पंकज कुमार, प्रवीण बिधु, कनुप्रिया शैलानी, ललिता हेड कॉन्स्टेबल ख्र इसरार, बबीताकॉन्स्टेबल ख्र अर्जुन चौहान, अजयवीर, अमित सौदकी, प्रभाकर, चेतन सिंह, मनमोहन सैनी, लाल सिंह, चमन आदि शामिल रहे।

**संदिग्ध हालत में महिला की मौत मंगलौर।** कर्नल एंक्लेव में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई हैं। मृतका के पति ने अपने दोस्त पर गला घोट कर मारने की आशंका जताई हैं। पुलिस मामले की छानबीन कर रही हैं। मंगलौर की कर्नल एंक्लेव में पैंतीस वर्षीय कोमल की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। महिला के परिजन उसे मुजफ्फरनगर ले गए जहां पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।


समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
आनन्द सिंह नेगी
अधिशासी अभियंता
सिंचाई खण्ड सितारगंज


समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
ओम नारायण मिश्रा
वरिष्ठ विपणन अधिकारी, सितारगंज


समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
चंदन बस्नेत
अधिशासी अभियंता
विद्युत वितरण खण्ड सितारगंज


समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
महेश मित्तल
जिलाध्यक्ष
उत्तरांचल प्रदेश अग्रवाल महासभा


समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
सुनील यादव
वरिष्ठ समाजसेवी
सितारगंज


समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
रमेश बावा
वरिष्ठ समाजसेवी
एवं प्रधानपति
सरकड़ा, चीनीमिल (सितारगंज)


समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
रेशम सिंह
ग्राम प्रधान
ग्राम-कुंवरपुर, सितारगंज


समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्रीनवुड पब्लिक स्कूल
Pre Nursery to Class XII
(Science & Commerce)
Pandri, Sitarganj (U.S.Nagar)
पुनीत गोयल


समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
डा0 कौशल कुमार
MBBS, MD (Critical Care)
गुरु तेग बहादुर मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल
रिलायंस पेट्रोल पम्प के सामने, खटीमा रोड सितारगंज
मोबाइल:745828000, 7465829000



समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
जगजीत सिंह 'जिम्मी'
वरिष्ठ भाजपा नेता, सितारगंज


समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
स्वतंत्रता दिवस
15th AUGUST
पंकज गहतोड़ी
पूर्व जिला उपाध्यक्ष
भाजपा यु.मो.,ऊ.सिं.नगर


समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
दारा सिंह
देवेश कुमार एण्ड कम्पनी
सिडकुल सितारगंज


समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रवेश कुमार
(काका)
सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेता
सितारगंज


समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
S.H. MULTI SPECIALITY HOSPITAL
8954918000
एस. एच. मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
S. H. MULTI SPECIALITY HOSPITAL
डॉ0 अतुल पाण्डे
M.B.B.S., M.S. Ortho.
हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ0 रिचा पाण्डे
M.B.B.S., D.N.B. Gyne
स्त्री रोग विशेषज्ञ
पीलीभीत रोड सितारगंज (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड


समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं कृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
सौरभ बहुगुणा
कैबिनेट मंत्री
उपकार सिंह बल
ब्लॉक प्रमुख
सितारगंज

# पाक में बाढ़ का कहर, मृतकों का आंकड़ा 300 के पार

## खैबर पख्तूनख्वा में हुई बारिश ने तबाही मचाई



■ सड़कों, पुलों, इमारतों और बिजली प्रतिष्ठानों सहित बुनियादी ढांचे को बुरी तरह नुकसान पहुंचाया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में हुई बारिश ने तबाही मचा दी है। कई दिनों से हो रही मूसलधार बारिश के कारण बाढ़ और भूस्खलन की घटनाओं ने अब तक 300 से अधिक लोगों की जान ले ली है। प्रांतीय अधिका. रियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (पीडीएमए) ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि अचानक आई बाढ़ में 307 लोग मारे गए, जिनमें से बुनेर में कम से कम 184 लोगों की मौत हुई।

शांगला में 36 लोगों की मौत हुई, जबकि मनसेहरा में 23, स्वात में 22, बाजौर में 21, बट्टाग्राम में 15, लोअर दीर में पांच, जबकि एबटाबाद में एक बच्चा डूब गया। शुक्रवार को आई विनाशकारी बाढ़ ने सड़कों, पुलों, इमारतों और बिजली प्रतिष्ठानों सहित बुनियादी ढांचे को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया है। डान की रिपोर्ट के अनुसार, अधिकारियों ने कहा कि बाढ़ के दौरान लापता हुए लोगों की संख्या का पता पानी कम होने के बाद ही चल पाएगा। पीडीएमए ने नुकसान का आकलन जारी रखते हुए बताया कि सात घर नष्ट हो गए और 38 क्षतिग्रस्त हो गए, जिनमें से ज्यादातर स्वात जिले में हैं। पीडीएमए ने आगे बताया कि तीन स्कूल नष्ट हो गए और तीन अन्य क्षतिग्रस्त हो गए। डान की रिपोर्ट के अनुसार, प्राधिकरण ने चेतावनी दी है कि प्रांत के विभिन्न हिस्सों में 21 अगस्त तक बारिश जारी रहेगी। खैबर पख्तूनख्वा सरकार ने शनिवार को एक दिन के शोक की घोषणा की है। इसमें बचाव अभियान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हुए एमआई-17 हेलीकाप्टर के चालक दल के पांच सदस्यों को श्रद्धांजलि दी गई, जो शहीद हो गए। अचानक आई बाढ़ के बाद बुनेर जिले में बचाव दल की 1122 टीमों ने 300 स्कूली बच्चों समेत 2,071 फंसे हुए लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। उपायुक्त काशिफ कय्यूम ने बताया कि आपदा प्रभावित इलाकों में राहत कार्य जारी रहने के कारण पूरे जिले में आपातकाल घोषित कर दिया गया है। मनसेहरा में दपुलिस ने कघन घाटी के ऊपरी इलाकों में फंसे सात पर्यटकों को बचाया। वे सिमिक्सर झील घूमने आए थे, लेकिन बारिश और भूस्खलन के कारण फंस गए। पूरे दिन जिले में बारिश होती रही, जिससे सिंधु, सिरेन और कुनहर नदियां और उनकी सहायक नदियां खतरनाक रूप से उफान पर आ गईं। जिला प्रशासन ने सिरेन घाटी में पर्यटकों के आने पर प्रतिबंध लगा दिया है। सिंधु नदी में जल स्तर बढ़ने के कारण स्थानीय अधिकारियों द्वारा उचार नाला क्षेत्र में काराकोरम राजमार्ग पर आवाजाही प्रति. बंधित करने के बाद खैबर पख्तूनख्वा और गिलगित-बाल्टिस्तान के बीच यात्रा करने वाले यात्री और पर्यटक ऊपरी कोहिस्तान में फंस गए। एबटाबाद शहर बुरी तरह प्रभावित हुआ, लगभग सभी मुख्य सड़कें जलमग्न हो गईं, जिससे बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए। पीएमए काकुल रोड, मीरपुर मंडियन रोड, सप्लाई रोड, काराकोरम हाईवे, सेठी मस्जिद रोड, इकबाल रोड, बांदा दलाजक, बांदा खैर अली खान रोड, त्रकाना और सिएना लैबोरेटरी के पास लिंक रोड सहित प्रमुख सड़कें जलमग्न हो गईं। निचले दीर के कंबट और शाही इलाकों के दूसरी तरफ पानी का बहाव तेज होने के कारण शाही इलाके में 25 से ज्यादा पर्यटक और उनके वाहन फंस गए। फ्रंटियर कोर 181 विंग, रेस्क्यू 1122 और जिला प्रशासन के जवानों ने उन्हें बाहर निकाला। बाढ़ का पानी 132 किलोवाट ग्रिड स्टेशन में घुस गया, जिससे 41 फीडर ट्रिप हो गए और पूरे क्षेत्र में बिजली का प्रसारण पूरी तरह ठप हो गया। मालम जब्बा को बिजली आपूर्ति करने वाला फीडर भी जलमग्न हो गया, जिससे भारी नुकसान हुआ। अचानक आई बाढ़ में कई बिजली के खंभे और ट्रांसफार्मर भी बह गए।



अलास्का। एंकोरेज में संयुक्त बेस एल्मेंडोर्फ-रिचर्डसन में अपनी बैठक से पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन।

## लेबनान के प्रधानमंत्री ने की हिज्जबुल्लाह की गृहयुद्ध की धमकी की निंदा

**बेरूत।** लेबनान के प्रधानमंत्री नवाफ सलाम ने हिज्जबुल्लाह नेता नईम क़ासिम के समूह को निरस्त्र करने के सरकार के फैसले को लेकर गृहयुद्ध की धमकी दिए जाने की निंदा की है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म एक्स पर अपने वीडियो पोस्ट में कहा कि कासिम के भाषण में गृहयुद्ध की छिपी हुई धमकी थी और ये धमकियां पूरी तरह से अस्वीकार्य हैं। उन्होंने उन दावों को भी निराधार बताया कि लेबनानी सरकार 'एक अमेरिकी-इज़रायली परियोजना' चला रही है। उन्होंने कहा कि हमारे फ़ैसले पूरी तरह से लेबनानी हैं, जो हमारी मंत्रिपरिषद के भीतर लिए गए हैं और कोई भी इन्हें हम पर थोपता नहीं है। इससे पहले कासिम ने शुक्रवार को इजरायली हमले के जवाब में कहा था कि हिज्हजबुल्ला अपने हथियार नहीं छोड़ेगा और जरुरत पड़ने पर युद्ध के लिए तैयार है।

## संक्षिप्त समाचार

### नाइजर में भारी बारिश से 23 लोगों की मौत, 21 घायल

**नियामी।** नाइजर में मूसलाधार बारिश से इस वर्ष अब तक 23 लोगों की मौत हो गई है और अन्य 21 लोग घायल हो गए। राष्ट्रीय अग्निशमन समूह के कमांडर ने यह जानकारी दी। लेफ्टिनेंट कर्नल अली अब्दुल अजीज ने कहा कि बारिश के कारण 3615 घर ढह गए और 5855 परिवार विस्थापित हो गए जिससे कुल 42559 लोग प्रभावित हुए। उन्होंने लोगों से अपील की है कि बारिश के दौरान या उसके बाद वे जलमार्गों को पार करने, जल निकासी मार्गों को अवरुद्ध करने, संभावित खतरनाक क्षेत्रों में रहने तथा अस्थाई आश्रयों में रहने से बचें।

### विदेश सचिव विक्रम मिस्री कल दो दिन की यात्रा पर नेपाल जाएंगे

**नई दिल्ली।** विदेश सचिव विक्रम मिस्री रविवार को नेपाल की दो दिन की आधिकारिक यात्रा पर रवाना होंगे। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को यहां बताया कि मिस्री की दो दिन की यह यात्रा नेपाल के विदेश सचिव अमृत बहादुर राय के निमंत्रण पर हो रही है। मंत्रालय ने कहा है कि भारत तथा नेपाल के बीच मज़बूत और मैत्रीपूर्ण संबंध हैं और दोनों देशों के बीच हाल के वर्षों में सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों में ठोस प्रगति हुई है।

### कनाडा में जंगल की आग बुझाते समय हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त

**ओटावा।** कनाडा के दक्षिण-पूर्वी प्रांत नोवा स्कोटिया में जंगल की आग से बुझाते समय एक हेलीकॉप्टर शुक्रवार दोपहर एक झील में दुर्घटनाग्रस्त हो गया लेकिन पायलट को सुरक्षित बचा लिया गया। यह जानकारी स्थानीय मीडिया ने दी। प्रांतीय प्राकृतिक संसाधन विभाग का हवाला देते हुए सीबीसी न्यूज ने कहा कि एनापोलिस काउंटी में आग बुझाने के दौरान हेलीकॉप्टर झील में दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

### पश्चिमी रूस में आग लगने से 11 लोगों की मौत, 130 घायल

**मास्को।** पश्चिमी रूस के रियाजान क्षेत्र में एक औद्योगिक कारखाने में आग लगने से 11 लोगों की मौत हो गई और 130 अन्य घायल हो गए। रूस के आपातकालीन स्थिति मंत्रालय ने शनिवार को अपने टेलीग्राम चैनल पर बताया कि मलबा हटाने के दौरान दो और लोगों के शव मिले। इस मामले में ताजा सूचना मिलने तक 11 लोगों की मौत हो गई और 130 लोग घायल हो गए। मंत्रालय के अनुसार इससे पहले एक व्यक्ति को मलबे से बचाया गया था जिसका पता एयर-मोबाइल समूह ग्रुप ने लगाया था।

# रूस से तेल लेने वाले देशों पर प्रतिबंध नहीं: ट्रम्प

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा: भारत पर 25 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ से रूस ने एक बड़ा ग्राहक खोया



■ भारत साफ कर चुका है कि ट्रम्प की धमकियों के बाद रूसी तेल खरीदारी में कोई रोक नहीं लगी है

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि वो फिलहाल रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर प्रतिबंध लगाने पर विचार नहीं कर रहें है। ट्रम्प ने कहा कि मुझे इसके (टैरिफ के) बारे में दो या तीन हफ्ते में सोचना पड़ सकता है, लेकिन हमें इसके बारे में तुरंत सोचने की जरूरत नहीं है। फॉक्स न्यूज के साथ इंटरव्यू में ट्रम्प ने कहा कि भारत के रूसी तेल व्यापार पर 25 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ लगने से रूस ने एक बड़ा तेल ग्राहक खो दिया है। चीन पर इसी तरह के टैरिफ रूस के लिए विनाशकारी होंगे। अगर मुझे ऐसा करना पड़ा, तो मैं करूंगा, लेकिन शायद मुझे ऐसा करने की जरूरत नहीं होगी।

दरअसल, ट्रम्प ने भारत पर रूस से तेल और हथियार खरीदने के लिए 6 अगस्त को 25 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ लगाया था। 27 अगस्त से लागू होगा। इसके बाद भारत पर कुल टैरिफ 50 प्रतिशत हो जाएगा। हालांकि, भारत साफ कर चुका है कि ट्रम्प की धमकियों के बाद रूसी तेल खरीदारी में कोई रोक नहीं लगी है। वही, ट्रम्प-पुतिन ने अलास्का में शुक्रवार (15 अगस्त) देर रात यूक्रेन जंग पर बातचीत की। भारत ने इस कदम का स्वागत किया है। विदेश मंत्रालय ने कहा: दुनिया रूस-यूक्रेन जंग खत्म होते देखना चाहती है। ट्रम्प-पुतिन की बातचीत से पहले अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने भारत पर एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। ब्लूमबर्ग से बात करते हुए उन्होंने कहा था-ये टैरिफ शुक्रवार को अलास्का में होने वाली अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प और रूसी राष्ट्रपति पुतिन की मुलाकात के नतीजे पर निर्भर करेगा।

इससे पहले ट्रम्प ने भी 13 अगस्त को चेतावनी दी थी कि अगर मॉस्को शांति समझौते पर सहमत नहीं हुआ तो गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। एक अलग इंटरव्यू में फॉक्स न्यूज से बात करते हुए स्कॉट बेसेंट ने कहा कि व्यापार को लेकर बात. चीत में भारत का कुछ ज्यादा अड़ियल रुख रहा है। इस महीने की शुरुआत में बातचीत तब रुक गई थी, जब ट्रम्प ने भारत के रूस से व्यापार और अन्य मतभेदों पर चर्चा आगे बढ़ाने से मना कर दिया था। भारत, चीन के बाद रूसी तेल का सबसे बड़ा खरीदार है। यूक्रेन युद्ध से पहले भारत रूस से सिर्फ 0.2 प्रतिशत (68 हजार बैरल प्रतिदिन) तेल इम्पोर्ट करता था। मई 2023 तक यह बढ़कर 45 प्रतिशत (20 लाख बैरल प्रतिदिन) हो गया, जबकि 2025 में जनवरी से जुलाई तक भारत हर दिन रूस से 17.8 लाख बैरल तेल खरीद रहा है। पिछले दो साल से भारत हर साल 130 अरब डॉलर (11.33 लाख करोड़ रुपये) से ज्यादा का रूसी तेल खरीद रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने भारत पर 6 अगस्त को 25 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने का ऐलान किया था। उन्होंने इससे जुड़े एग्जीक्यूटिव ऑर्डर पर साइन किए। यह आदेश 27 अगस्त से लागू होगा। एग्जीक्यूटिव ऑर्डर में कहा गया है कि रूसी तेल खरीद की वजह से भारत पर यह एक्शन लिया गया है। इससे पहले उन्होंने 30 जुलाई को भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ का ऐलान किया था। अब भारत पर कुल 50 प्रतिशत टैरिफ लगेगा। भारतीय विदेश मंत्रालय ने इस कार्रवाई को गलत बताया है। एकरिपोर्ट के मुताबिक, अब इसके जवाब में भारत भी चुनिंदा अमेरिकी प्रोडक्ट्स पर 50 प्रतिशत तक टैरिफ लगाने पर विचार कर रहा है।

## यूरोपीय संघ के नेताओं ने जेलेंस्की के साथ संयुक्त वक्तव्य तैयार किया: डोनाल्ड टस्क

**ब्रुसेल्स।** पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क ने शनिवार को कहा कि यूरोपीय संघ(ईयू) के नेताओं ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ बातचीत पर विस्तृत जानकारी दिए जाने के बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की के साथ संयुक्त वक्तव्य तैयार किया है। टस्क ने एक्स पर लिखा कि राष्ट्रपति ट्रम्प की ओर से दी गई जानकारी और अलास्का बैठक के परिणामों का मूल्यांकन करने वाले यूरोपीय नेताओं के बीच बातचीत समाप्त हो गई है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, जर्मन चांसलर फेडरिक मर्ज़, ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टारमर, इतालवी प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी के साथ हमने ज़ेलेंस्की की राय सुनी और एक संयुक्त वक्तव्य तैयार किया। पुतिन और ट्रम्प शुक्रवार को अलास्का के एंकोरेज में मिले। दोनों नेताओं के बीच बातचीत तीन-पर-तीन प्रारूप में हुई और दो घंटे 45 मिनट तक चली।

# गुटेरेस पुतिन-ट्रम्प बैठक के सकारात्मक नतीजों के प्रति आशान्वित

■ हम सदस्य देशों के बीच निरंतर रचनात्मक संवाद का स्वागत करते हैं: स्टीफन

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र महासचि. चव एंटोनियो गुटेरेस ने अमेरिका के अलास्का में हुए रूस-अमे. रिका शिखर सम्मेलन का स्वागत किया है। यह जानकारी गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने दी। दुजारिक ने कहा कि हमने अलास्का में शुक्रवार को अमेरिका और रूसी संघ के राष्ट्रपतियों के बीच हुई शिखर वार्ता पर ध्यान दिया है। हम सदस्य देशों के बीच निरंतर रचनात्मक संवाद का स्वागत करते हैं।

उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र इस बात पर ज़ोर दे रहा है कि कोई भी शांति प्रयास या समझौता संयुक्त राष्ट्र घोषणापत्र के सिद्धांतों के अनुरूप होना चाहिए जिसमें यूक्रेन की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान भी शामिल है। उन्होंने कहा कि गुटेरस ने यूक्रेन में शांति की दिशा में पहला कदम उठाते हुए तत्काल पूर्ण रूप से बिना शर्त युद्धविराम का अपना आह्वान दोहराया है। प्रवक्ता के अनुसार, संयुक्त राष्ट्र इस दिशा में सभी सार्थक प्रयासों का समर्थन करता है। गौरतलब है कि रूस के राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बीच शिखर बैठक अलास्का के एंकोरेज स्थित एल्मेंडॉर्फ-रिचर्डसन सैन्य अड्डे पर हुई। यह वार्ता लगभग तीन घंटे तक चली। बैठक में रूसी पक्ष की ओर से रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव और रूसी राष्ट्रपति के सहायक यूरी उशाकोव तथा अमे. रिका की ओर से विदेश मंत्री मार्को रुबियो और अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ ने भाग लिया। इस बीच दुजारिक ने कहा हम एक न्यायसंगत, स्थायी और व्यापक शांति स्थापित करने की दिशा में पहला कदम उठाते हुए तत्काल, पूर्ण और बिना शर्त युद्धविराम चाहते हैं जो यूक्रेन की संप्रभुता, उसकी क्षेत्रीय अखंडता और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त सीमा के अंदर यूक्रेन की स्वतंत्रता को बरकरार रखे तथा संयुक्त राष्ट्र घोषणापत्र, अंतर्राष्ट्रीय कानून और सभी प्रासंगिक संयुक्त राष्ट्र प्रस्तावों के अनुरूप हो।

## ब्राजील के स्वास्थ्य मंत्री ने पारिवारिक वीजा रद्द करने पर अमेरिका की आलोचना की

■ इस महीने की शुरुआत में अमेरिकी प्रशासन ने ब्राजील के सामानों पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया था

**साओ पाउलो।** ब्राजील के स्वास्थ्य मंत्री एलेक्जेंडर पैडिल्हा ने शुक्रवार को अमे. रिकी सरकार द्वारा उनकी पत्नी और 10 वर्षीय बेटी के पर्यटक वीजा रद्द करने के निर्णय को 'कायरतापूर्ण' करार दिया और कहा कि यह उन लोगों को डराने की कोशिश है जो वाशिंगटन के सामने झुकने से इनकार करते हैं।

पैडिल्हा के अनुसार, यह कदम ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जेयर बोल्सोनारो पर ब्राजील द्वारा लगातार चलाए जा रहे मुकदमे के कारण लगाए गए अमेरिकी प्रतिबंधों का हिस्सा है जो तख्तापलट की कोशिश करने के आरोप में नजरबंद हैं। ग्लोबोन्यूज के साथ एक साक्षात्कार में पैडिल्हा ने कहा कि बोल्सोनारो का गुट इस कदम के पीछे है तथा उन्होंने इस सोच का मजाक उड़ाया कि 10 साल का बच्चा अमेरिका के लिए खतरा बन सकता है। इस महीने की शुरुआत में अमेरिकी प्रशासन ने ब्राजील के सामानों पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया था और ब्राजील के सुप्रीम फेडरल कोर्ट पर बोल्सोनारो मामले को छोड़ने के लिए दबाव डाला था।

## अल्जीरिया में बस दुर्घटना में 18 की मौत

**अल्जीयर्स।** अल्जीरिया की राजधानी अल्जीयर्स के पूर्व में ईएल हर्राच क्षेत्र में शुक्रवार को एक यात्री बस पुल से नदी में गिरने से कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई और अन्य नौ घायल हो गए हैं। अल्जीरिया की नागरिक सुरक्षा एजेंसी ने इस दुर्घटना की जानक. ारी दी। उन्होंने बताया कि दुर्घटना शाम लगभग 5:45 बजे हुई। उन्होंने बताया कि घायलों में से दो की हालत गंभीर है। पीड़ितों को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया है जबकि मृतकों के शवों को शवगृह में रखा गया है। एजेंसी ने दुर्घटना की सूचना मिलते ही घटनास्थल पर 25 एम्बुलेंस, 16 गोताखोर और चार नावों को भेजकर बचाव कार्य शुरू किया।

# सीएटल के स्पेस नीडल पर पहली बार तिरंगा फहराया


## वर्ष 1962 में वर्ल्ड फेयर के लिए निर्मित स्पेस नीडल अमेरिका के प्रशांत उत्तर-पश्चिम क्षेत्र के तकनीकी केंद्र सीएटल का प्रतीक है

**वाशिंगटन/नई दिल्ली।** भारत के 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अमेरिका के सीएटल शहर में उस समय एक ऐतिहासिक पल देखने को मिला जब पहली बार प्रतिष्ठित स्पेस नीडल पर भारतीय तिरंगा फहराया गया। वर्ष 1962 में वर्ल्ड फेयर के लिए निर्मित स्पेस नीडल अमेरिका के प्रशांत उत्तर-पश्चिम क्षेत्र के तकनीकी केंद्र सीएटल का प्रतीक है।

इस ऐतिहासिक क्षण में सीएटल के मेयर ब्रूस हेरेल, भारत के महावाणिज्य दूत और शहर के अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने हिस्सा लिया उन्होंने अमेरिका के प्रशांत उत्तर-पश्चिम में एक तकनीकी केंद्र के रूप में सीएटल को स्थापित करने में भारतीय अमे. रिकी प्रवासियों के योगदान की सराहना की। भारतीय वाणिज्य दूतावास द्वारा अलग से एक सामुदायिक स्वागत समारोह का आयोजन सुंदर केरी पार्क में किया गया, जहां से सीएटल के क्षितिज का व्यापक दृश्य दिखाई दे रहा था तथा पृष्ठभूमि में स्पेस नीडल के शीर्ष पर भारत का तिरंगा ध्वज लहरा रहा था, जहां बड़ी संख्या में भारतीय अमेरिकी समुदाय के सदस्य इस ऐतिहासिक दृश्य देखने के लिए उपस्थित थे। केरी पार्क स्वागत समारोह में कई अमेरिकी गणमान्य व्यक्ति उपस्थित हुए जिनमें अमेरिकी कांग्रेस सदस्य एडम स्मिथ, वाशिंगटन सुप्रीम कोर्ट की मुख्य न्यायाधीश माननीय डेबरा एल- स्टीफंस, सिएटल पोर्ट कमिश्नर सैम चो और सीएटल पार्क एवं मनोरंजन के अधीक्षक/निदेशक एपी डियाज़ शामिल हैं। स्मिथ ने ऐतिहासिक समारोह का स्वागत किया और कहा कि स्पेस नीडल के ऊपर फहराया गया भारतीय तिरंगा इस क्षेत्र की विविधता और भारत तथा प्रशांत उत्तर-पश्चिम के बीच मजबूत संबंधों का प्रतीक है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय गीत, भारतीय कला रूपों को प्रदर्शित करने वाली सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुति और प्रसिद्ध कलाकार और अभिनेता पीयूष मिश्रा द्वारा काव्य पाठ शामिल रहा। सीएटल, स्पोकेन, टैकोमा और बेलेव्यू सहित किंग काउंटी ने 15 अगस्त को भारत दिवस घोषित किया। ल्यूमेन स्टेडियम, टी-मोबाइल स्टेडियम, वेस्टिन, सीएटल ग्रेट व्हील और स्पेस नीडल सहित कई प्रतिष्ठित इमारतें तिरंगे के रंगों में रोशन हुईं। टैकोमा डोम, टैकोमा सिटी हॉल और टैकोमा पुलिस व अग्निशमन विभाग के मुख्यालयों पर भी तिरंगा फहराया गया। उल्लेखनीय है कि नवंबर 2023 में सीएटल में भारत के छठे वाणिज्य दूतावास के खुलने के बाद से भारत और इस क्षेत्र के बीच संबंध और गहरे हुए हैं।

# द.कोरिया के विदेश मंत्री के साथ सार्थक बातचीत: जयशंकर

## दोनों देशों में हिन्द-प्रशांत और समकालीन वैश्विक विकास पर भी विचारों का आदान-प्रदान हुआ



■ हमने विशेष रणनीतिक साझेदारी के 10 वर्ष पूरे होने पर बढ़ते सामंजस्य और जुड़ाव की सराहना की

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्री चो ह्यून के साथ अपनी वार्ता को सार्थक बताते हुए कहा है कि इससे द्विपक्षीय सहयोग मजबूत बनेंगे। दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्री भारत यात्रा पर हैं और उन्होंने शनिवार को यहां डॉ. जयशंकर के साथ वार्ता की।

दोनों नेताओं के बीच बैठक के बाद डा. जयशंकर ने कहा कि कोरियाई विदेश मंत्री के साथ उनकी बातचीत सार्थक रही। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि आज सुबह दक्षिण कोरिया के विद. ेश मंत्री चो ह्यून से मिलकर प्रसन्नता हुई। व्यापार, विनिर्माण, समुद्री क्षेत्र और लोगों के बीच आदान-प्रदान के साथ-साथ कृत्रिम बुद्धिमत्ता, स्वच्छ ऊर्जा और रक्षा क्षेत्र में नए अवसरों पर हमारे द्विपक्षीय सहयोग को आगे बढ़ाने पर उपयोगी चर्चा हुई। हिन्द-प्रशांत और समकालीन वैश्विक विकास पर भी विचारों का आदान-प्रदान हुआ। हमने विशेष रणनीतिक साझेदारी के 10 वर्ष पूरे होने पर बढ़ते सामंजस्य और जुड़ाव की सराहना की। वार्ता शुरू होने से पहले डा. जयशंकर ने अपने प्रारंभिक वक्तव्य में कहा कि दक्षिण कोरिया के साथ रणनीतिक साझेदारी की 10वीं वर्षगांठ पर भारत दोनों देशों के बीच संबंधों को प्रगाढ़ बनाने तथा इन्हें नई ऊंचाई पर ले जाने का इच्छुक है। विदेश मंत्री चो का स्वागत और उन्हें कोरिया का विदेश मंत्री चुने जाने पर बधाई देते हुए डा. जयशंकर ने कहा कि अपने पुराने मित्र का नए सहयोगी के रूप में स्वागत करते हुए उन्हें प्रसन्नता हो रही है। उन्होंने कहा कि कोरिया के राष्ट्रीय दिवस और भारत के स्वतंत्रता दिवस के ठीक एक दिन बाद उनका भारत यात्रा पर आना दोनों देशों के बीच रिश्तों के महत्व को दर्शाता है। डा. जयशंकर ने कोरिया के राष्ट्रीय मुक्ति दिवस की शुभकामनाएं देते हुए का कहा कि यह यात्रा कई मायनों में बहुत ही महत्वपूर्ण समय पर हो रही है-यह हमारी विशेष रणनीतिक साझेदारी की 10वीं वर्षगांठ है, और मुझे कनाडा के कनानसकिस में आपके राष्ट्रपति से मुलाकात के दौरान प्रधानमंत्री के साथ रहने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। वैसे यह एक बहुत ही अच्छी मुलाकात थी और मैं आपको बताना चाहूंगा कि उनके बीच बहुत गहरा रिश्ता था।

# दक्षिण कोरिया में सैनिकों की संख्या में छह वर्षों में आई 20 प्रतिशत की कमी

## जिसका एक बड़ा कारण युवा पुरुषों की घटती संख्या है और यदि यह जारी रहा, तो परिचालन संबंधी कठिनाई उत्पन्न हो सकती है

**सोल।** दक्षिण कोरिया में पिछले छह वर्षों में सेना में सैनिकों की संख्या में 20 प्रतिशत की कमी आने से कुल संख्या 450000 रह गई है, जिसका मुख्य कारण विश्व में सबसे कम जन्म दर वाले देश में अनिवार्य सेवा के लिए भर्ती होने की आयु वाले पुरुषों की जनसंख्या में भारी गिरावट और पुरुषों का सेना के प्रति रूझान में कमी आना है।

दक्षिण कोरिया की जन्म दर पिछले एक दशक में काफी गिरी है जिससे क्षेत्रीय खतरों और वैश्विक संघर्षों के बीच सेना के लिए परेशानी पैदा हो गई हैं। सीएनएन की एक नई रिपोर्ट के मुताबिक दक्षिण कोरिया में पिछले छह वर्षों में सैनिकों की संख्या में 20 प्रतिशत की गिरावट आई है जिसका एक बड़ा कारण युवा पुरुषों की घटती संख्या है और यदि यह जारी रहा तो परिचालन संबंधी कठिनाई उत्पन्न हो सकती है। इस बीच रक्षा मंत्रालय की रिपोर्ट में इस गिरावट के लिए 'जटिल कारकों' को ज़िम्मेदार ठहराया गया है जिनमें जनसंख्या में गिरावट और सेना में 'सैनिकों जैसा कठोर व्यवहार' होने के कारण पुरूषों में सैन्य अधिकारी बनने की इच्छा में आई कमी भी शामिल है। हालांकि रिपोर्ट में इसके बारे में विस्तार से नहीं बताया गया है। रिपोर्ट के मुता. बिक वर्ष 2019 के 563000 की तुलना में इस वर्ष जुलाई तक सैनिकों की कुल संख्या 450000 रह गई है। पिछले सप्ताह सांसद चू मी-ए द्वारा साझा की गई रिपोर्ट में चेतावनी दी है कि अगर स्थाई सेना (सदस्यों) की संख्या में गिरावट जारी रही तो उच्च-स्तरीय जनशक्ति हासिल करना और परिचालन संबंधी कठिनाई उत्पन्न हो सकती है यह खबर पश्चिमी देशों के प्रमुख सहयोगी दक्षिण कोरिया के लिए उस बुरे समय में आई है जबकि उसके यहां बड़ी संख्या में अमेरिकी सैनिक तैनात हैं और उसकी अमेरिका के साथ पारस्परिक रक्षा संधि भी है।

खदरी खड़कमाफ ग्राम पंचायत में भारी मतों से समर्थन प्रदान करने के लिए देवतुल्य मतदाताओं का आभार एवं स्वतंत्रता दिवस पर सभी को शुभकामनाएं
संगीता थपलियाल
नवनिर्वाचित प्रधान
ग्राम पंचायत खदरी खड़कमाफ, ऋषिकेश

वार्ड सदस्य, ग्राम पंचायत प्रतीतनगर में भारी मतों से समर्थन प्रदान करने के लिए देवतुल्य मतदाताओं का आभार एवं स्वतंत्रता दिवस पर सभी को शुभकामनाएं
अनिल पांचाल
वार्ड सदस्य
ग्राम पंचायत प्रतीतनगर, रायवाला

बड़कोट माफी प्रतीतनगर ग्राम पंचायत में भारी मतों से समर्थन प्रदान करने के लिए देवतुल्य मतदाताओं का आभार एवं स्वतंत्रता दिवस पर सभी को शुभकामनाएं
रश्मि देवी
निर्वाचित जिला पंचायत सदस्य
बड़कोट माफी, ब्लॉक डोईवाला, देहरादून
निवेदक- पंचम सिंह मियां, पूर्व अध्यक्ष, बार एसोसिएशन, ऋषिकेश

रायवाला ग्राम पंचायत में भारी मतों से समर्थन प्रदान करने के लिए देवतुल्य मतदाताओं का आभार एवं स्वतंत्रता दिवस पर सभी को शुभकामनाएं
सागर गिरि
नवनिर्वाचित प्रधान
ग्राम पंचायत, रायवाला

# सुभारती ने चलाया विक्षारोपण अभियान

**देहरादून:** एमटीवी बुद्धिस्ट रिलिजियस व चौरिटेबल ट्रस्ट की ओर से संचालित गौतम बुद्ध चिकित्सा महाविद्यालय और डॉ. केकेबीएम सुभारती अस्पताल देहरादून ने डॉ. कृष्ण कुमार भटनागर की जयंती के उपलक्ष्य पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर महाविद्यालय एवं परिसर में सौ वृक्ष रोपित किये गये। सुभारती समूह संस्थापक डॉ. अतुल कृष्ण ने डॉ. कृष्ण कुमार भटनागर के जीवन-परिचय पर प्रकाश डाला। कहा कि अपने पिता के नक्शेकदम पर चलते हुए मेरठ में अर्थशास्त्र के शिक्षक बन गए। 1970 में वह अर्थशास्त्र विभाग के प्रमुख के रूप में नगरपालिका पोस्टग्रेजुएट विद्यालय, मसूरी में शामिल हुए।

**शाह टाइम्स**
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।
सम्पादक:
एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक
आनन्द बत्रा 'सुमन'
स्थानीय सम्पादक
चेतन गुरूंग
देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून
☎0135-2743363
R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656
मोबाइल-9720007290
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

प्रतीतनगर ग्राम पंचायत में भारी मतों से समर्थन प्रदान करने के लिए देवतुल्य मतदाताओं का आभार एवं स्वतंत्रता दिवस पर सभी को शुभकामनाएं
राजेश जुगलान
नवनिर्वाचित प्रधान
ग्राम पंचायत प्रतीतनगर, रायवाला

पार्षद, नगर निगम, ऋषिकेश में भारी मतों से समर्थन प्रदान करने के लिए देवतुल्य मतदाताओं का आभार एवं स्वतंत्रता दिवस पर सभी को शुभकामनाएं
चेतन चौहान
पार्षद
नगर निगम, ऋषिकेश

लकसर चीनी मिल
क्षेत्र के समस्त किसान भाईयों एवं मिल कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं
किसान भाईयो,
• शरदकालीन गन्ना बुआई में गन्ने की अधिक पैदावार लेने हेतु अगेती गन्ना प्रजाति को. 0118, को.शा. 13235, को. लख. 14201 व को.98014 (जल प्लावित क्षेत्र) की शत प्रतिशत बुआई भूमि उपचार एवं बीज उपचार करते हुए 5 फीट की दूरी पर ट्रेन्च विधि से करें व आलू, प्याज, लहसुन, फूलगोभी, धनिया, उड्द व सरसो इत्यादि की सहफसली खेती कर दोहरा लाभ कमाये ।
• अपनी गन्ना फसल पर कीटो के हमले से बचाने हेतु का ध्यान रखें व दो प्रमुख कीट रोग टॉप-बोरर व लाल सडन दिखने पर तुरन्त निदान करें।
• अगर किसी किसान भाई के खेत में लाल सड़न (रेड रोट) दिखाई देवें तो तुरन्त इसकी सूचना चीनी मिल के गन्ना विभाग को दें।
राय बहादुर नारायण सिंह शुगर मिल्स लिमिटेड लकसर (जनपद हरिद्वार)
एस.पी.सिंह
प्रधान प्रबन्धक
•शुगर •पावर •आसवानी •ईथानॉल •बायोकम्पोस्ट
एस.पी.सिंह, प्रधान प्रबन्धक

HAPPY INDEPENDENCE DAY
To All
From
Susana Methodist Girls
B.ed College Roorkee
&
Methodist Girls
Degree College Roorkee

**पंजाब नैशनल बैंक** (A GOVERNMENT OF INDIA UNDERTAKING) **punjab national bank** ...the name you can BANK upon!

**सैम शाखा, दिल्ली चौथी मंजिल, 7वीं भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली-110066 ईमेल आईडी- zs8343@pnb.co.in**

**कब्जे की सूचना नियम 8( 1 ), ( अचल संपत्तियों के लिए )**

जबकि, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत पंजाब नेशनल बैंक के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते, तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, मैंने दिनांक 09.04.2025 को एक मांग नोटिस जारी किया है, जिसमें उधारकर्ताओं गारंटरों बंधककर्ताओं से निम्नलिखित की मांग की गई है-

पंजाब नेशनल बैंक द्वारा दिनांक 09.04.2025 के मांग नोटिस के अनुसार उधारकर्ता गारंटर बंधककर्ता।

मैसर्स श्रीजी एग्रो फूड्स (उधार लेने वाली फर्म) (साझेदार: श्री रितेश कुमार और श्री जितेश गोयल, ग्राम पिपलिया, अमरिया पीलीभीत रोड, तहसील सितारगंज, जिला उधम सिंह नगर, पिन: 262405, ईमेल आईडी: shreegeeagrofoods@gmail.com

| | |
|---|---|
| श्री रितेश कुमार पुत्र स्व. रमेश चंद्र (साझेदार/गारंटर) वार्ड नंबर 7, सितारगंज, यूएस नगर, उत्तराखंड - 262405 मो. नं. 8445194311 | श्री जितेश गोयल पुत्र स्व. रमेश चंद्र (पार्टनर/गारंटर) वार्ड नंबर 7, सितारगंज, यूएस नगर, उत्तराखंड - 262405, मो.नं. 9837054205 |
| श्री गुरदयाल सिंह पुत्र स्व. मलकीत सिंह (गारंटर) ग्राम रामपुरा, तहसील - सितारगंज, जिला - यू एस नगर - 262405 | श्री देविंदर सिंह पुत्र स्व. कुलवंत सिंह (गारंटर) ग्राम हरदासपुर, पीलीभीत, जिला यू एस नगर - 262001 |
| श्री रमेश चन्द्र पुत्र स्व. गंगा राम (गारंटर) ग्राम पिपलिया नत्थू तह सितारगंज जिला यू एस नगर - 262405 मोबाइल नंबर 9897654160 | श्रीमती सुशीला गोयल पत्नी स्व. रमेश चंद्र (गारंटर) वार्ड नंबर 7, सितारगंज, यूएस नगर, उत्तराखंड - 262405 |
| श्रीमती हरजीत कौर पत्नी स्व. गुरदयाल सिंह (गारंटर) ग्राम रामपुरा, तहसील सितारगंज, जिला - यू एस नगर - 262405 | श्रीमती अमरजीत कौर पत्नी स्व. देविंदर सिंह (गारंटर) ग्राम हरदसपुर, पीलीभीत, जिला यू एस नगर - 262001 |

रुपये की राशि चुकाने के लिए 44,86,73,693.72 (रुपये चौवालीस करोड़ छियासी लाख तिहत्तर हजार छह सौ तिरानवे और बहत्तर पैसे मात्र) दिनांक 01.04.2025 को ब्याज और आकस्मिक व्यय, लागत, शुल्क आदि सहित उक्त नोटिस प्राप्त होने की तारीख से 60 दिनों के भीतर जमा करें। उधारकर्ता गारंटर बंधककर्ता राशि चुकाने में किल रहे हैं, इसके द्वारा उधारकर्ताओं गारंटरों बंधककर्ताओं और आम जनता को नोटिस दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (4) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों के साथ वर्ष 2025 के 11 अगस्त को सुरक्षा हित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8 के साथ प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। विशेष रूप से उधारकर्ता गारंटर बंधाककर्ता और आम जनता को इसके द्वारा आगाह किया जाता है कि वे नीचे उल्लिखित संपत्ति संपत्तियों के साथ लेन-देन न करें और उक्त संपत्ति संपत्तियों के साथ कोई भी लेन-देन पंजाब नेशनल बैंक के प्रभार के अधीन होगा। 44,86,73,693.72 रुपये (चवालीस करोड़ छियासी लाख तिहत्तर हजार छह सौ तिरानवे और बहत्तर पैसे मात्र) 01.04.2025 तक, आगे के ब्याज और आकस्मिक व्यय, लागत, शुल्क आदि के साथ, यदि कोई हो तो वसूली घटाकर, जब तक कि 09.04.2025 की मांग सूचना के अनुसार पूर्ण भुगतान न कर दिया जाए। उधारकर्ता गारंटर बंधककर्ता का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधान की ओर आकर्षित किया जाता है।

**चल-अचल संपत्तियों का विवरण**

मैसर्स श्रीगी एग्रो फूड्स ग्राम पिपलिया नत्थू सितारगंज-अमरिया पीलीभीत रोड, तहसील सितारगंज जिला यू.एस.नगर पिन 262405 के फैक्टरी परिसर में स्थापित संयंत्र और मशीनरी का दृष्टिबंधक

1) फैक्ट्री की जमीन और भवन खाता संख्या 19 और खसरा संख्या 1 गा, ग्राम-पिपलिया नत्थू, तह. सितारगंज, जिला यू.एस. नगर में स्थित है, जो पंजीकृत बिक्री विलेख के माध्यम से श्री रितेश कुमार पुत्र श्री रमेश चंद्र के नाम पर बही संख्या 1, जिला 1172, पृष्ठ 01-16, क्रम संख्या 3937, दिनांक 25.10.2017 को एसआरओ सितारगंज में दर्ज है। सीमाएं- पूर्व सितारगंज-पीलीपहाड़ी रोड, पश्चिम वरियाम सिंह और अन्य की भूमि, उत्तर एमबी एग्रो मिल्स, दक्षिण वरियाम सिंह की भूमि। संपत्ति के मालिक: श्री रितेश कुमार पुत्र श्री रमेश चंद्र

2.) खाता नंबर 123 और खसरा नंबर 618/2 गांव-विथा अकबर, तह सितारगंज, जिला यू.एस. नगर में स्थित फैक्टरी भूमि और भवन, श्री के नाम पर बिक्री विलेख के माध्यम से पंजीकृत है। जितेश गोयल पुत्र स्व. रमेश चंद्र ने बही नंबर पर दर्ज किया। 1, जिल्ड 1172, पेज 147-162, क्रमांक 3948 दिनांक 27.10.2017 एसआरओ सितारगंज। सीमाएँ- पूर्व सितारगंज-पीलीफिट रोड, पश्चिम वरियाम सिंह और अन्य की भूमि, उत्तररू एमबी एग्रो मिल्स, दक्षिण वरियाम सिंह की भूमि। संपत्ति के मालिक: श्री जितेश गोयल पुत्र स्व. रमेश चंद्र

3.) फैक्ट्री की जमीन और इमारत खाता संख्या 40 और खसरा संख्या 1 का एक हिस्सा, गाँव पिपलिया नत्थू, तहसील सितारगंज, जिला अमेरिका नगर में स्थित है। यह जमीन श्री देविंदर सिंह पुत्र श्री कुलवंत सिंह के नाम पर पंजीकृत बिक्री विलेख द्वारा बही संख्या 1, जिला 1172, पृष्ठ 163-178, क्रम संख्या 3949 दिनांक 27.10.2017 को उप क्षेत्रिय कार्यालय सितारगंज में दर्ज है। सीमाएँ- पूर्व: सितारगंज-पीलीपहाड़ी रोड, पश्चिम: वरियाम सिंह व अन्य की जमीन, उत्तररू एमबी एग्रो मिल्स, दक्षिण: वरियाम सिंह की जमीन। संपत्ति के मालिक: श्री देविंदर सिंह पुत्र श्री कुलवंत सिंह।

4.) फैक्ट्री की जमीन और भवन खाता संख्या 43 और खसरा संख्या 617, 621/649, 622 और 618/1 मिनट के कुछ हिस्से, ग्राम विथा अकबर, तहसील सितारगंज, जिला अमेरिका नगर में स्थित है। पंजीकृत विक्रय विलेख के माध्यम से श्री गुरदयाल सिंह पुत्र श्री मलकीत सिंह के नाम बही संख्या 1, जिला 1172, पृष्ठ 385-400, क्रम संख्या 3936, दिनांक 25.10.2017 को उप क्षेत्रीय कार्यालय सितारगंज में दर्ज है। सीमाएँ: पूर्व: सितारगंज-पीलीपहाड़ी रोड, पश्चिम: वरियाम सिंह व अन्य की भूमि, उत्तर: एमबी एग्रो मिल्स, दक्षिण: वरियाम सिंह की भूमि। संपत्ति के मालिक: श्री गुरदयाल सिंह पुत्र श्री मलकीत सिंह।

5.) खाता संख्या 702 और खसरा संख्या 24 ए मिनट व 29 ए मिनट के कुछ भाग, ग्राम रामपुरा, तहसील सितारगंज, जिला अमेरिका नगर में स्थित व्यावसायिक संपत्ति, श्री गुरदयाल सिंह पुत्र श्री मलकीत सिंह के नाम पंजीकृत विक्रय विलेख द्वारा पंजीकृत है, जो कि उप क्षेत्रीय कार्यालय सितारगंज में पुस्तक संख्या 1, जिला 301, पृष्ठ 301-326, क्रम संख्या 2816, दिनांक 14.07.2006 में दर्ज है। सीमा: पूर्व में 30 चौड़ी सड़क और अन्य का मकान व प्लॉट, पश्चिम में खुला प्लॉट और मकान, उत्तर में 20 चौड़ी सड़क और अन्य का मकान व प्लॉट, दक्षिण में खुला प्लॉट। संपत्ति के स्वामी: श्री गुरदयाल सिंह पुत्र श्री मलकीत सिंह।

6.) खटीमा ओल्ड बाईपास रोड, प्लॉट संख्या 209 एम वार्ड संख्या 10 रामपुरा, तहसील सितारगंज, जिला अमेरिका नगर में स्थित व्यावसायिक संपत्ति, श्री देविंदर सिंह पुत्र श्री कुलवंत सिंह के नाम पंजीकृत उपहार विलेख के माध्यम से, बही संख्या 1, जिल्ड 1201, पृष्ठ 195-210, क्रम संख्या 52, दिनांक 03.01.2018 को एसआरओ सितारगंज में दर्ज है। सीमा: पूर्व: अन्य की संपत्ति पश्चिम: बिजटी रोड उत्तर: अन्य की दुकान दक्षिण: शवन टेंट हाउस की दुकान
संपत्ति के मालिक: श्री देविंदर सिंह पुत्र श्री कुलवंत सिंह

7.) आवासीय संपत्ति प्लॉट संख्या 197 मिन, ग्राम रामपुरा, तहसील सितारगंज, जिला अमेरिका नगर में स्थित है। यह संपत्ति पंजीकृत विक्रय विलेख के माध्यम से श्री गुरदयाल सिंह पुत्र श्री मलकीत सिंह के नाम पर पंजीकृत है, जो पुस्तक संख्या 1, खंड 21, पृष्ठ 53-66, क्रम संख्या 582, दिनांक 18.04.1998 को उप क्षेत्रीय कार्यालय सितारगंज में दर्ज है। सीमा: पूर्व- अन्य का मकान, पश्चिम: बिजटी रोड, उत्तर: अन्य की दुकान, दक्षिण: होटल सिटी।
संपत्ति के स्वामी: श्री गुरदयाल सिंह पुत्र श्री मलकीत सिंह।

दिनांक: 11.08.2025, स्थान: सितारगंज — प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब नेशनल बैंक

एस एन डी के पब्लिक स्कूल
की ओर से 79वें स्वतंत्रता दिवस की सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई एव शुभकामनाएं
हर्ष प्रकाश काला
संस्थापक/ प्रबन्धक
श्रीमती कुसुम काला
प्रधानाचार्य

प्रीतम इंटरप्राइजेज लिमिटेड
रायपुर भगवानपुर
की ओर से शाह टाइम्स
रजत जयंती वर्ष एवं स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं।

शाह टाइम्स
रजत जयंती वर्ष एवं स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।
राशिद अली
पूर्व प्रधान
रायपुर, भगवानपुर